# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 31 अगस्त 2025


## सभी के साथ अपनत्व का व्यवहार ही वास्तविक धर्म है: डॉ.मोहन भागवत



मा. डॉ. मोहन भागवत

बिलासपुर(छग)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ.मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि वास्तविक धर्म सभी के साथ अपनत्व का व्यवहार करने और सभी विविधताओं को सौहार्दपूर्वक आगे बढ़ाने में निहित है। एक कार्यक्रम में डॉ.भागवत ने कहा कि आरएसएस की ताकत उन स्वयंसेवकों में निहित है जिन्होंने चुनौतियों के बावजूद संगठन का विस्तार किया है। उन्होंने कहा, कुछ लोग पूर्वजों के स्मरण को निरर्थक मानते हैं। लेकिन ऐसे लोग भी जब उनका देश संकट का सामना करता है, तो वे समाज के सामूहिक साहस को जगाने के लिए अपने पूर्वजों को याद करते हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया 'स्वदेशी से स्वावलंबन' विषय पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ

# सीएम बोले: भारतीय नागरिकों को करना चाहिए सिर्फ 'स्वदेशी' उत्पादों का प्रयोग

### जनअभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के बीच एमओयू

- देशी उत्पाद विदेशी उत्पादों से अधिक मजबूत किफायती और गुणवत्तायुक्त
- स्वदेशी अभियान के पोस्टर एवं जन अभियान परिषद के ब्रोशर का विमोचन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे देशी उत्पाद न केवल विदेशी उत्पादों से अधिक मजबूत, किफायती और गुणवत्तायुक्त हैं, बल्कि इन्हें खरीदने पर हमें अधिकतम लाभ भी मिलता है।

उन्होंने आह्वान किया कि हर भारतीय नागरिक को न केवल स्वयं स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना चाहिए, बल्कि अपने आसपास के लोगों ▶▶शेष पेज 4 पर





### स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की दिलाई शपथ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वदेशी से जुड़े रहने के संकल्प के तहत कार्यक्रम में उपस्थित सभी को स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करने की शपथ दिलाई। उन्होंने प्रदेशवासियों को 'राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस' की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लघु उद्योगों से ही हमारी अर्थव्यवस्था कायम है। वैश्विक स्तर पर हमारे देश में निर्मित वस्तुओं की मांग बढ़ी है। यह वैश्विक मांग हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान भाव को और पोषित करती है। हमारी संस्कृति ही हमें स्वदेशी का भाव सिखाती है। जन अभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच दोनों का लक्ष्य एक है। मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह के रूप में मिट्टी के गणेश की प्रतिमा भेंट की गई।

### 25 सितंबर से मनेगा स्वदेशी जागरण सप्ताह

जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने बताया कि 25 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक जनअभियान परिषद 'स्वदेशी जागरण सप्ताह' मनाएगा। हम अभियान को प्रदेश के हर नागरिक तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम मिट्टी के गणेश की स्थापना के लिए लक्षित होकर काम कर रहे हैं। इस वर्ष के गणेशोत्सव में हमने प्रदेश के 10 लाख से अधिक घरों में मिट्टी के गणेश की प्रतिमा स्थापित कराई। हमारा काम जनजागृति लाना और हम इसी दिशा में सरकार के सहयोगी बनकर आगे बढ़ रहे हैं।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश के चलते पिता-पुत्र की हत्या




**सागर।** जिले के बंडा थाना क्षेत्र के ग्राम बिजरी में दो परिवारों के बीच विवाद खूनी संघर्ष हुआ। एक पक्ष के पिता-पुत्र की हत्या कर दी गई। आरोपी, पिता-पुत्र को घसीटते हुए अपने घर में ले गए और धारदार हथियारों से मारपीट की। मारपीट में भागीरथ लोधी और उनका बेटा रामकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज से पहले ही दोनों की मौत हो गई।

### सतना में जननी एंबुलेंस पर किया पथराव



**सतना।** जिला अस्पताल में देर रात जननी एंबुलेंस पर पथराव कर दिया।जानकारी के अनुसार अर्चना नामदेव को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल से रीवा रेफर किया गया था। नियमों के तहत डॉक्टरों ने परिजनों को 108 एंबुलेंस बुलाने की सलाह दी, परिजन तुरंत अस्पताल की जननी एंबुलेंस को अपने साथ ले जाने पर अड़ गए।

### गांव पहुंचा हाथियों का दल,खेतों में मचाई तबाही



**उमरिया।** शुक्रवार देर रात हाथियों का झुंड मझखेता गांव में घुस गया। ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग को दी। देखते ही देखते दर्जनों लोग घरों से बाहर निकल आए। किसी ने मशाल जलाई, तो किसी ने टीन बजाना शुरू किया। गांव के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर शोर मचाने लगे ताकि हाथी डरकर लौट जाएं। इससे पहले उन्होंने खेतों में भारी तबाही मचाई।

### दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का अंतिम दिन

### सीएम ने कहा-पर्यटन और तीर्थाटन, हमारे देश और विशेषकर मप्र की समृद्धि के प्रमुख प्रवेश द्वार

# ग्वालियर पर्यटन कॉन्क्लेव में मिले 3500 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव

7 निवेशकों को लैटर ऑफ अलॉटमेंट दिए गए, इससे 60 करोड़ से अधिक का निवेश और बड़ी संख्या में रोजगार सृजन होगा

*मुरैना के पीपरसेरा औद्योगिक प्रक्षेत्र में करीब 500 करोड़ रुपए की लागत से हाइड्रोजन कारखाने का आज शिलान्यास*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि यह कॉन्क्लेव 11 से 13 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली मप्र ट्रैवल मार्ट की तैयारियों का हिस्सा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्वालियर पर्यटन कॉन्क्लेव में साढ़े तीन हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उद्योगपति सचिन गुप्ता ने 1000 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव दिया है। पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 6 निवेशकों को लैटर ऑफ अलॉटमेंट प्रदाय किए गए, इससे 60 करोड़ से अधिक का निवेश और बड़ी संख्या में रोजगार सृजन होगा।

उन्होंने कहा कि पर्यटन और तीर्थाटन, यह हमारे देश और विशेषकर मप्र की समृद्धि के प्रमुख प्रवेश द्वार हैं। राज्य सरकार समावेशी प्रयासों के जरिए समाज के सभी वर्गों को जोड़कर पर्यटन क्षेत्र के विस्तार और संवर्धन के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्वालियर के राजमाता विजया राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित दो ▶▶शेष पेज 4 पर ▶▶पढ़ें पेज 02 भी

मप्र पर्यटन के डिजिटल प्रचार के लिए हुए 4 एमओयू

इंडिगो कंपनी अपने कॉर्पोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी (सीएसआर फंड) से 100 करोड़ रुपए देगी

अधिकांश निवेशकों ने होटल रिसॉर्ट में दिखाई रुचि



### सीएम ने किया निवेशकों से सीधा संवाद

कॉन्क्लेव में प्रमुख निवेशकों ने ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग में निवेश की इच्छा जताकर पर्यटन के विकास की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया। यह ऐतिहासिक पल दोनों संभागों के लिए आर्थिक समृद्धि और रोजगार के नए द्वार खोलेगा। मुख्यमंत्री ने कॉन्क्लेव में पर्यटन उद्योग के कई प्रमुख निवेशकों और हितधारकों के साथ संवाद किया।



### ग्वालियर अंचल को कई सौगातें

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो पहली बार चीता देखते हैं, वे आश्चर्यचकित हो जाते हैं। चीता गांवों में घूमते नजर आते हैं। प्रदेश में मनुष्य और वन्य प्राणियों के बीच सह अस्तित्व और साहचर्य भाव नजर आता है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर संगीत सम्राट तानसेन और बैजू बावरा की विरासत है। राजा मानसिंह तोमर संगीत विश्वविद्यालय, ग्वालियर के भवन निर्माण के लिए 50 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है। जीवाजी विश्वविद्यालय में पीएम उषा योजना के तहत विकास कार्यों के लिए भी बड़ी धनराशि दी गई है। रीवा के बाद अब पर्यटन विकास के लिए ग्वालियर अंचल को भी कई सौगातें मिल रही हैं। ग्वालियर के राजा मानसिंह किले में विभिन्न विकास कार्यों के लिए इंडिगो कंपनी अपने कॉर्पोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी फंड (सीएसआर कोष) से 100 करोड़ रुपए देने जा रही है।*

### पहले था 6 महीने का नियम

# अब 1 महीने की नौकरी पर भी मिलेगी पीएफ की पेंशन





*ऐसे लोगों को अब अपनी पेंशन में हुए कंट्रीब्यूशन को खोना नहीं पड़ेगा*

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ ने पेंशन को लेकर चले आ रहे नियम में एक बदलाव किया है। इस बदलाव के तहत अब जो व्यक्ति 1 महीने की भी नौकरी करेगा उसे भी पेंशन का लाभ मिलेगा यानी ईपीएस का लाभ मिलेगा।

ईपीएफओ ने जो बदलाव किया है उसके मुताबिक, अब 6 महीने से भी कम समय तक में नौकरी छोड़ने वाले व्यक्तियों को ईपीएस का लाभ दिया जाएगा और ऐसे लोगों को अब अपनी पेंशन में हुए कंट्रीब्यूशन को खोना नहीं पड़ेगा। अपने बदलाव में ईपीएफओ ने ये साफ किया है कि अगर कोई व्यक्ति 1 महीने की सेवा पूरी करता है और ईपीएस के तहत योगदान देता है तो उसे भी ईपीएस के तहत पेंशन का अधिकार मिलेगा।

### सर्कुलर में दिए गए अधिकार

इससे पहले अगर किसी कर्मचारी को पेंशन का लाभ चाहिए होता था तो उसे 6 महीने की नौकरी कम से कम करनी होती थी। रिटायरमेंट फंड जुटाने वाले संस्थान ईपीएस नियम के तहत 5 महीने तक नौकरी करके छोड़ने वाले व्यक्ति को पेंशन का लाभ नहीं दिया जाता था। हालांकि, अब नए नियमों के तहत अप्रैल-मई 2024 के दौरान जारी किए गए एक सर्कुलर में ये अधिकार दे दिया गया है।

### गणेश जी का चमत्कार! सपने में बताया स्थान



# 500 साल पुराने मंदिर की खुदाई में मिले 'मंगलमूर्ति'

हरिभूमि न्यूज ▶▶दमोह

गणेश चतुर्थी के मौके पर मध्य प्रदेश के दमोह के पथरिया विधानसभा में एक चमत्कार हुआ है! गणेश चतुर्थी के दिन नरसिंहगढ़ में एक अनोखी घटना घटी। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां प्राचीन शिव मंदिर के पास खुदाई के दौरान भगवान श्री गणेश और नंदी बाबा की प्राचीन प्रतिमा जमीन के नीचे से निकली है। ये जानकारी मिलते ही क्षेत्र के सैकड़ों लोग दर्शन के लिए उमड़ पड़े। दरअसल, नरसिंहगढ़ के रामबाग स्थित करीब 500 साल ▶▶शेष पेज 4 पर

### जमीन में 8 फीट गहरी दबी थी मूर्ति

ग्रामीणों ने कहा कि बुधवार सुबह जब खुदाई शुरू हुई, तो सचमुच वहां से भगवान गणेश और नंदी की प्रतिमा निकल आई। स्थानीय लोगों ने बताया कि खुदाई के दौरान करीब 7 से 8 फीट में यह प्रतिमा मिली है। प्रतिमा मिलते ग्रामीण खुशी से झूम उठे। कैलाश मिश्रा का कहना है कि उन्हें कई महीनों से ऐसे सपने आ रहे थे। उन्होंने समिति के अन्य लोगों से चर्चा की और तय किया कि गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर खुदाई कराई जाएगी। जैसे ही खुदाई हुई, सपनों की बात हकीकत बन गई और प्रतिमाएं सामने आ गईं।

### छात्रावास की रसोई में गंदगी

# निरीक्षण: दलिया में इल्लियां और आटे में रेंगते मिले कीड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

अशोकनगर के शाढ़ौरा स्थित बालिका सीनियर छात्रावास में खाने की गुणवत्ता को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है।

शुक्रवार रात छात्राओं को परोसे गए भोजन में इल्लियां मिलीं। छात्राओं ने जब नगर परिषद कार्यालय में शिकायत करनी चाही, तो वह बंद मिला। इसके बाद वे काफी देर तक बाहर बैठी रहीं और फिर थाना प्रभारी रितु चौहान को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी, तहसीलदार और खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक



मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान छात्रावास में बनाए गए दलिया और सब्जी में इल्लियां पाई गईं। अधिकारियों ने जब रसोईघर में जाकर निरीक्षण किया, तो वहां रखा आटे का कट्टा भी खराब हालत में मिला जिसमें कीड़े रेंगते देखे गए।

### शहडोल में सरपंच-सचिव के हस्ताक्षर से भुगतान

# ढाई हजार ईंट का बिल एक लाख पच्चीस हजार रुपए

कलेक्टर बोले-पुष्टि होने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶शहडोल

शहडोल की ग्राम पंचायत भटिया में सरकारी पैसे के गलत इस्तेमाल का मामला सामने आया है। आंगनबाड़ी निर्माण के लिए खरीदी गई 2500 ईंटों का भुगतान 1.25 लाख रुपए किया गया। जबकि 2.5 हजार ईंटों का बिल 12 हजार 500 रुपए बनता है।

सप्लायर चेतन प्रसाद कुशवाहा को यह भुगतान कर दिया गया है। बिल में प्रति ईंट 5 रुपए की दर से एक लाख पच्चीस हजार रुपए दर्ज की गई है। इस बिल पर सरपंच और सचिव दोनों के हस्ताक्षर हैं। स्थानीय ईंट





कारोबारी लालन मिश्रा ने बताया कि जिले में ईंटों की कीमत 4 से 10 रुपए प्रति ईंट के बीच है। इस हिसाब से भी इतने ज्यादा पैसों का भुगतान मुमकिन नहीं है। मामले में सरपंच ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। पंचायत सचिव ▶▶शेष पेज 4 पर

### भिंड में गोली लगने से पंप मालिक घायल

# बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं दिया तो कर दी 'अंधाधुंध फायरिंग'

आरोपी घर से लाइसेंसी बंदूक लेकर लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिंड/भोपाल

भिंड में शनिवार सुबह बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने पर दो युवकों ने पंप मालिक को गोली मार दी। आरोपियों ने एक अवैध कट्टे और लाइसेंसी बंदूक से ताबड़तोड़ फायरिंग की। पंप संचालक तेज नारायण लोधी (55) को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से ग्वालियर रेफर कर दिया गया है।

घटना नेशनल हाईवे-719 पर लोधी पेट्रोल पंप की है। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो



गए, लेकिन पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी पहचान कर ली है और तलाश में दबिश देना शुरू कर दिया है। विवाद बढ़ने के बाद दोनों आरोपी युवक अपने घर पहुंचे और वहां से एक लाइसेंसी बंदूक और अवैध हथियार लेकर लौटे। इसके बाद उन्होंने पेट्रोल पंप पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान पंप मालिक को गोली लग गई। सूचना मिलते ही बरोही थाना प्रभारी अतुल भदौरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी की।

डीएसपी दीपक तोमर ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है। मध्यप्रदेश पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि पंप संचालक हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं के कलेक्टर के आदेश का ▶▶शेष पेज 4 पर

### एक साल से जर्जर भवन, 26 विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए कोई स्थान नहीं

# मंडला के बच्चों ने पत्र लिखकर गणेश जी से मांगा स्कूल

**बप्पा से लगाई गुहार**

कक्षा पहली से पांचवीं तक के सभी बच्चे पंडाल में बैठकर पढ़ते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶मंडला

मंडला जिले में गणेशोत्सव के दौरान स्कूली बच्चों ने भगवान गणेश को एक पत्र लिखा है। बच्चों ने पत्र में अपने स्कूल भवन की दयनीय स्थिति का जिक्र किया है। देवगांव के तलैया टोला में स्थित प्राथमिक विद्यालय का भवन पिछले एक साल से जर्जर है। यहां पढ़ने वाले 26 बच्चे गांव के रंगमंच पर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। कक्षा पहली से पांचवीं तक के सभी बच्चे एक ही कमरे में बैठकर पढ़ते हैं। बच्चों ने गणेश जी से प्रार्थना की है कि



उनका स्कूल फिर से बनवा दिया जाए, ताकि वे मन लगाकर पढ़ सकें। नए भवन का प्रस्ताव अभी भी फाइलों में दबा हुआ है। ग्रामीण अब प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।






नए भवन का प्रस्ताव अभी भी फाइलों में दबा

### प्रशासन ने भवन को जर्जर घोषित किया

शिक्षक संतोष सोनी ने बताया है कि प्रशासन ने भवन को जर्जर घोषित कर दिया है। लेकिन न तो वैकल्पिक स्थान दिया गया और न ही नए भवन की स्वीकृति मिली है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन शिक्षा विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की।


SHALIGRAM
DEVELOPERS
Quality of the nation
श्री गणेशाय नमः
RERA NO :
(PH-1) P-BPL-23-4298
(PH-2) P-BPL-25-5599
गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में
हम आपके लिए कुछ विशेष सौगात लेकर आए हैं
Rudraksh
KINGSTON
Our Own Kingdom !
Rudraksh
PRAVESHAM
212 FEET WIDE MAIN ENTRY GATE
SCAN QR TO EXPLORE MORE
SCAN FOR LOCATION
E-8 Extension, Bawadiya Kalan, Near Apollo Hospital, Bhopal (MP)
www.rudrakshkingston.com | info@shaligramdeveloper.com
PROJECT APPROVED BY ALL LEADING BANKS
CREDAI
BHOPAL
Architect :
(Hiren Patel Architects, Ahmedabad)
VILLAS | JUBILANT HOMES | CLUB HOUSE | SKY BRIDGE | LARGE PODIUM GARDEN | PENTHOUSE
CALL US: 9669690032 / 9669694425 / 9669694427

भोपाल

रविवार, 31 अगस्त 2025

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष -08

वर्ष : 12, अंक : 151

पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **


**मौसम**

अधि. 29

न्यून. 24


# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



13 एशिया कप हॉकी : जापान के खिलाफ...


आजकल

06 टैरिफ का माकूल जवाब...




बड़वानी मे पानी ही पानी

### आज इंदौर, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग के 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

# खरगोन में 24 घंटे में 6 इंच पानी गिरा, बैतूल में गूगल मैप देखकर जा रहे कार सवार नदी में बहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में शुक्रवार को शुरू हुआ बारिश का दौर शनिवार को भी जारी रहा। इंदौर में तेज बारिश के बाद सड़कों पर करीब 2 फीट से ज्याद पानी भर गया। रोबोट चौराहे के पास निचले इलाकों और घरों में भी पानी घुस गया। यशवंत सागर डैम का एक गेट खोला गया है। इधर, बैतूल में गूगल मैप देखकर जा रहे कार सवार उफनती नदी में बह गए। गोताखोरों ने उन्हें बचाया। बड़वानी में राजघाट गांव सरदार सरोवर बांध में बैकवाटर में डूब गया। खरगोन में 24 घंटे में 6 ⏩ शेष पेज 4 पर

*यशवंत सागर डैम का एक व तवा डैम के 3 गेट खोले गए*

*अगले 24 घंटे में ढाई से साढ़े 4 इंच तक पानी गिरने की संभावना*



खरगोन में पुलिया बही

### बड़वानी: डेब नदी में बाढ़, पुल से नीचे गिरी बच्ची

अंचल में डेब नदी व सहायक नदी देवनली में रात 9 से 11 बजे तक बाढ़ आई। नदी संगम पर बने सेतु निगम के पुल पर 15 फीट से ऊपर बाढ़ का पानी बहता रहा। बाढ़ में एक ट्रैक्टर बह गया। दो जेसीबी की ⏩ शेष पेज 4 पर

### यहां तेज बारिश दर्ज

शनिवार को सुबह से शाम तक नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन में तेज बारिश दर्ज हुई। वहीं, आगर, राजगढ़, गुना, धार, इंदौर, बड़वानी, खरगोन, बैतूल, भिंड, मुरैना, ग्वालियर में मध्यम से हल्की बारिश दर्ज हुई। श्योपुरकलां, शिवपुरी, दतिया, झाबुआ, अलीराजपुर, खंडवा, बुरहानपुर, शाजापुर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, हरदा, नर्मदापुरम, छतरपुर, सतना, रीवा आदि जिलों में शाम को बौछारें पड़ीं।

### आज यहां भारी बारिश होगी

रविवार को बड़वानी, धार जिलों में अति भारी बारिश होगी। बैतूल, खंडवा, खरगौन, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, नीमच, छिंदवाड़ा, बालाघाट, पांढुर्णा आदि जिलों में तेज से भारी बारिश का अनुमान है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, उज्जैन, शाजापुर, आगर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, सीधी, रीवा, शहडोल, जबलपुर, मंडला, सागर, छतरपुर आदि जिलों में मध्यम बारिश हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### संसद में जगन्नाथ पुरी रथयात्रा के तीन पहिए रखे जाएंगे




**नई दिल्ली।** संसद परिसर में पुरी रथ यात्रा के तीन पहिए लगाए जाएंगे। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने शनिवार को इस बात की पुष्टि की। मंदिर समिति ने बताया कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला हाल ही में पुरी दौरे पर गए थे। मंदिर समिति की तरफ से उनको यह प्रस्ताव दिया गया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। यह तीनों पहिए भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलभद्र के रथों से निकालकर दिल्ली भेजेंगे।

### धनखड़ ने पेंशन के लिए दिया आवेदन



**जयपुर।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अब पूर्व विधायक के नाते मिलने वाली पेंशन के लिए राजस्थान विधानसभा सचिवालय में फिर से आवेदन किया है। धनखड़ 1993 से 1998 तक किशनगढ़ सीट से कांग्रेस के विधायक रहे थे। पूर्व विधायक के तौर पर उन्हें जुलाई 2019 तक पेंशन मिल रही थी। बंगाल के राज्यपाल बनने के बाद पेंशन बंद हो गई थी। अब पूर्व विधायक के नाते फिर से आवेदन किया है।

### जयपुर में नीट छात्रा ने की सुसाइड की कोशिश



**जयपुर।** नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने कोचिंग की छत से कूदकर सुसाइड का प्रयास किया। वह तीन मंजिला कोचिंग की छत पर चली गई। छलांग लगाने की कोशिश करते समय पीछे से आए टीचर ने उसे पकड़ लिया और अंदर खींच लिया। मामला महेश नगर थाना क्षेत्र का है। इसका वीडियो सामने आया है। महेश नगर एसएचओ गुंजन वर्मा ने बताया- चूरू की रहने वाली 19 साल की लड़की ने सुसाइड का प्रयास किया।

### मोदी का गर्मजोशी से स्वागत हुआ

### पीएम मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन की यात्रा पर रहेंगे, जहां वे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

# आज 'महाशक्तियों' का होगा 'महामिलन'

- पीएम मोदी और शी भारत-चीन आर्थिक संबंधों पर चर्चा करेंगे
- पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बाद गंभीर तनाव में आए संबंधों को और सामान्य बनाने के लिए कदमों पर विचार करेंगे
- प्रधानमंत्री ने आखिरी बार जून 2018 में एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन का दौरा किया था
- एससीओ के सदस्य देशों में दुनिया की 40% आबादी

*इस शिखर सम्मेलन के दौरान एससीओ के सभी देश एक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। सदस्य देश एससीओ विकास रणनीतिक को मंजूरी देंगे, सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर भी चर्चा करेंगे। इस घोषणा पत्र में अमेरिका की टैरिफ नीति को करारा जवाब दिया जा सकता है*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो-राष्ट्रों की यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण में जापान से चीनी शहर तियानजिन पहुंचे हैं। यहां पीएम मोदी मोदी मुख्य रूप से 31 अगस्त और 1 सितंबर को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। मोदी सात साल से ज्यादा के अंतराल के बाद शनिवार को चीन पहुंचे। इस यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर है। दुनिया बेहद उत्सुकता से पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात का इंतजार कर रही है।

पीएम मोदी शिखर सम्मेलन से इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कई अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी कर सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों की वजह से भारत-अमेरिका संबंधों में अचानक आई गिरावट को देखते हुए यह यात्रा और भी महत्वपूर्ण हो गई है। हालांकि, रविवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी ⏩ शेष पेज 4 पर

**7 साल** बाद चीन पहुंचे मोदी, जिनपिंग व पुतिन से होगी बातचीत




*ट्रंप की टैरिफ नीतियों की वजह से भारत-अमेरिका संबंधों में अचानक आई गिरावट को देखते हुए यह यात्रा और भी महत्वपूर्ण हो गई*

### पीएम मोदी ने कहा

#### विश्व आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए भारत और चीन मिलकर काम करें

पीएम मोदी ने कहा कि विश्व आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए भारत और चीन का मिलकर काम करना जरूरी है। पीएम मोदी की चीन यात्रा चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा के एक पखवाड़े से भी कम समय बाद हो रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ वांग की व्यापक वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने दोनों पक्षों के बीच स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंधों के लिए कई उपायों की घोषणा की थी।

#### दोनों देशों में संबंधों को स्थापित करने की ये हुई कोशिशें

पिछले कुछ महीनों में भारत और चीन ने अपने संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जो जून 2020 में गलवां घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई घातक झड़पों के बाद गंभीर तनाव में आ गए थे। प्रधानमंत्री ने आखिरी बार जून 2018 में एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन का दौरा किया था। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अक्तूबर 2019 में दूसरे अनौपचारिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत का दौरा किया था। पिछले साल 21 अक्तूबर को हुए एक समझौते के तहत डेमचोक और देपसांग के अंतिम दो टकराव बिंदुओं से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पूर्वी लद्दाख में गतिरोध प्रभावी रूप से समाप्त हो गया था।

#### अमेरिका की संघीय अपील अदालत ने ट्रंप टैरिफ को बताया 'गैरकानूनी'

अमेरिका में एक संघीय अपील अदालत ने भारत के लिए संभावित राहत देते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए व्यापार शुल्क (टैरिफ) को गैरकानूनी करार दिया है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि ट्रंप के पास ऐसे व्यापक अधिकार नहीं थे कि वे इस तरह के शुल्क लगा सकें। हालांकि, अदालत ने टैरिफ को 14 अक्टूबर तक जारी रहने की अनुमति दी है, ताकि ट्रंप प्रशासन को सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का मौका मिल सके। शुक्रवार दोपहर फैसला आने के तुरंत बाद, ट्रंप ने इसे बहुत पक्षपाती बताते हुए इसकी आलोचना की और कहा कि वे इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे, जहां उन्हें मदद मिलने की उम्मीद है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'यदि इसे ऐसे ही रहने दिया गया तो यह निर्णय सचमुच संयुक्त राज्य अमेरिका को नष्ट कर देगा।

### डोनाल्ड ट्रंप कहां हो गए लापता?

## खराब स्वास्थ्य की चर्चाओं के बीच गायब होने से मचा हड़कंप

*अगले 2 दिन तक उनका कोई कार्यक्रम नहीं*



एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (79) के कथित तौर पर गायब होने की खबर ने हड़कंप मचा दिया है। पिछले कई दिनों से उनका स्वास्थ्य खराब होने की चर्चाएं थीं। इस बीच उनके लापता होने की खबरों ने व्हाइट हाउस से लेकर पूरे अमेरिका में हड़कंप मचा दिया है। पिछले कई दिनों से डोनाल्ड ट्रंप की सार्वजनिक उपस्थिति नहीं देखी गई है। ऑनलाइन चर्चाओं में यह दावा किया जा रहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति 'सार्वजनिक दृश्य से गायब' हो गए हैं। हालांकि, यह अटकलें ज़्यादातर गुमनाम सोशल मीडिया ⏩ शेष पेज 4 पर

#### जेडी वेंस ने कहा था राष्ट्रपति पद संभालने को हैं तैयार

अभी 1 दिन पहले ही उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एक इंटरव्यू में सार्वजनिक रूप से यह कहा था कि अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ कोई ट्रेजडी होती है तो वह अगले राष्ट्रपति का पद संभालने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वेंस ने कहा था कि उन्हें इसके लिए बकायदा प्रशिक्षण भी मिला है। हालांकि वेंस ने यह भी जोड़ा था कि फिलहाल ट्रंप के साथ ऐसा कुछ होने नहीं जा रहा है, वह अभी स्वस्थ हैं और अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। ⏩ शेष पेज 4 पर

### जेलेंस्की ने पीएम मोदी से कहा

## राष्ट्रपति पुतिन संग बैठक का इच्छुक है यूक्रेन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के उद्देश्य से शनिवार को अपनी दो दिवसीय यात्रा के तहत चीन के तियानजिन पहुंचे। जहां यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की की उनसे टेलीफोन पर महत्वपूर्ण बातचीत हुई है। पीएम मोदी ने एक्स पर बताया कि आज फोन वार्ता के लिए राष्ट्रपति जेलेंस्की को धन्यवाद दिया। हमारे बीच यूक्रेन संघर्ष, उसके मानवीय पहलू और शांति व स्थिरता ⏩ शेष पेज 4 पर

### मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया उद्घाटन

## देश का पहला टेंपर्ड ग्लास विनिर्माण संयंत्र हुआ शुरू



*करीब 2.5 करोड़ टेंपर्ड ग्लास हर साल भारत में बनने लगेंगे*

एजेंसी ⏭ नोएडा

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यूपी के नोएडा में टेंपर्ड ग्लास के लिए भारत के पहले विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया। नोएडा में स्थित ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड के द्वारा इस संयंत्र का संचालन होगा। वैष्णव ने उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया अभियान के तहत देश में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पिछले 11 वर्षों में बहुत बड़ी मात्रा में बढ़ा है। ⏩ शेष पेज 4 पर

### हादसे के बाद ग्रामीणों में गुस्से का माहौल

## रेत से भरा डंपर घर में घुसा बेटी-मां और पिता की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ झाबुआ

जिले में रेत से भरा ट्रक सड़क किनारे बने कच्चे मकान में जा घुसा। हादसे में घर के अंदर सो रहे देसिंग पिता नूरा मेड़ा (27), उनकी पत्नी रमिला (25) और बेटी आरोही (6) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ड्राइवर फरार हो गया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद तीनों शव निकाले जा सके।

घटना शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे की है। बताया जा रहा है कि रेत परिवहन कर रहा ट्रक छोटा उदयपुर से राजगढ़ होते हुए कल्याणपुरा जा रहा था। झिरी गांव की तरफ जा रहा था। रास्ते में झिरी गांव होते हुए जब यह फतीपुरा की घाटी से उतर ⏩ शेष पेज 4 पर

## अमित शाह ने लाल बाग के राजा के दर्शन किए



एजेंसी ⏭ मुंबई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने परिजन के साथ प्रसिद्ध लालबागचा राजा गणपति के दर्शन किए। सीएम देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भी उनके साथ थे। शाह ने बांद्रा पश्चिम और अंधेरी पूर्व में दो अन्य पंडालों में भी दर्शन किए। इससे पहले उन्होंने एकनाथ शिंदे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी अतुल लिमये, भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण और नवनियुक्त मुंबई भाजपा प्रमुख अमित साटम से भी बातचीत की। इसके बाद वे सीएम देवेंद्र फडणवीस के आवास 'वर्षा' गए।

### बोलीं उमा- 65 की उम्र में पीएम ने चुनाव लड़ा था

## योगदान की कोई उम्र नहीं, राजनीति एक मंच है और योगदान मेरी क्षमता

*तब चुनाव लड़ूंगी जब मुझे लगेगा कि मैं इसके लिए तैयार हूं*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने राजनेताओं के रिटायरमेंट एज और अपने चुनाव लड़ने को लेकर बड़ी बातें कही हैं।

उमा भारती ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल रिटायरमेंट की उम्र तो तय कर सकता है, लेकिन कोई भी यह तय नहीं कर सकता कि किसी व्यक्ति की योगदान देने की क्षमता किस उम्र पर समाप्त हो जाएगी। योगदान की कोई उम्र नहीं होती... राजनीति एक मंच है और



योगदान मेरी क्षमता है। उन्होंने यह भी कहा हां, मैं चुनाव लड़ूंगी। मेरी उम्र 65 साल भी नहीं है, लेकिन मैं तब लड़ूंगी जब मुझे लगेगा कि मैं इसके लिए तैयार हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने 65 साल की उम्र में लोकसभा चुनाव लड़ा था। मैं अगले साल 65 साल की हो जाऊंगी। उन्होंने कहा कि मेरी एक कमजोरी है कि मैं अपनी प्रतिबद्धताओं के प्रति बहुत ईमानदार हूं। अगर मुझे किसी संसदीय सीट के लिए चुनाव लड़ना पड़े, तो मुझे अपना पूरा समय और पूरी ईमानदारी वहां के लोगों को समर्पित करनी होगी। और अगर किसी को कोई परेशानी होती है, तो मुझे उसका पछतावा होगा।

चुनाव लड़ने का मेरा निर्णय इस बात पर निर्भर करेगा कि मेरे उद्देश्य में बाधा आएगी या नहीं।

### ट्रंप ने पीएम मोदी से कहा कि पाकिस्तान उन्हें नोबेल के लिए नॉमिनेट कर रहा है, भारत भी ऐसा करे

*पीएम मोदी ने साफ किया था कि भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम में अमेरिका की कोई भागीदारी नहीं थी*

# ट्रंप को भारत ने दिया तगड़ा झटका, नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नहीं किया 'नॉमिनेट'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने में बार-बार अपनी भूमिका बता रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तगड़ा झटका लगा है। ट्रंप इस संघर्ष को रुकवाने का श्रेय लेकर नोबेल पुस्कार लेना चाहते थे। लेकिन भारत ने ट्रंप को इसके लिए नॉमिनेट करने से मना कर दिया है। ट्रंप ने एक बार फिर गत 17 जून को पीएम मोदी से भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने में अपनी भूमिका बताई थी। इसलिए ट्रंप ने मोदी से नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करने के लिए कहा था।



#### पाकिस्तान कर चुका है नॉमिनेट

सीजफायर के तुरंत बाद ही पाकिस्तान के जनरल असीम मुनीर अमेरिका में डिनर करते हुए दिखाई दिए थे। इसके बाद भी असीम मुनीर ने अमेरिका का दौरा किया है। पाकिस्तान पर अमेरिकी कृपा की एक ही वजह है कि पाकिस्तान ने अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया है।

न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप मोदी से जो सबसे अधिक चाहते हैं, वह राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक है। अगर यह माना जाए कि पीएम मोदी एक कमजोर देश के साथ युद्धविराम के लिए अमेरिकी दबाव में झुक गए हैं, तो घरेलू स्तर पर इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पीएम मोदी की मजबूत छवि काफी हद तक इस बात पर निर्भर करती है कि वे पाकिस्तान के प्रति कितने सख्त हैं।

#### 17 जून को हुई थी आखिरी बातचीत

न्यूयॉर्क टाइम्स ने दावा किया है कि पीएम मोदी और ट्रंप के बीच 17 जून को बातचीत हुई थी। इसमें ट्रंप ने भारत-पाक संघर्ष की बात की। ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान उन्हें नोबेल के लिए नॉमिनेट कर रहा है। ट्रंप चाहते थे कि भारत भी ऐसा करे। लेकिन पीएम मोदी भड़क गए। पीएम मोदी ने साफ किया था कि भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम में अमेरिका की कोई भागीदारी नहीं है। बताया गया कि पीएम मोदी और ट्रंप के बीच वह आखिरी बातचीत थी।


भोपाल। बाणगंगा क्षेत्र में सजी आकर्षक झांकी।



भोपाल। गोकुलधाम सोसाइटी, बड़वाई में भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा विराजित की गई है।


भोपाल। नारायण नगर स्थित 80 फीट रोड पर सजी आकर्षक झांकी।

## खबर संक्षेप



### डॉ. आशीष दुबे को एफसीसीआई फैलोशिप

**भोपाल।** चेस्ट कौंसिल ऑफ़ इंडिया की वार्षिक नेशनल सभा कोलकाता में 22 से 24 अगस्त तक आयोजित की गई। चेस्ट कौंसिल ऑफ़ इंडिया श्वास रोग विशेषज्ञों का एक राष्ट्रीय संगठन है, जिसमें देश के सभी अग्रणी श्वास रोग विशेषज्ञ शामिल हैं। नगर के प्रतिष्ठित श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष दुबे को इस कांफ्रेंस में फैलोशिप-एफसीसीआई प्रदान की गई। यह फैलोशिप श्वसन रोग के इलाज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दी गई। समारोह में चेस्ट कौंसिल ऑफ इंडिया के चैयरमैन डॉ. एनएच कृष्णा, देश के श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. राजा धर, डॉ. अगम वोरा, डॉ. अमिता नेने एवं प्रतिष्ठित श्वास रोग विशेषज्ञ उपस्थित थे।

### रानी कमलापति-दानापुर के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन



**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे ने दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति के बीच द्वि-साप्ताहिक 11-11 ट्रिप पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष गाड़ी रानी कमलापति से प्रस्थान कर नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेगी। पूजा स्पेशल ट्रेन 01667 रानी कमलापति से 27 सितंबर से 1 नवंबर तक मंगलवार को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 2:25 बजे प्रस्थान कर बुधवार को सुबह 8:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन 01668 दानापुर से 28 सितंबर से 2 नवंबर तक बुधवार को दानापुर स्टेशन से सुबह 11 बजे प्रस्थान कर गुरुवार को सुबह में 8:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

### चांदी की चूड़ी और कच्चे धागे का दूध से पूजन कर किया धारण

# संतान सप्तमी पर शिव-पार्वती की महिलाओं ने आराधना कर संतान की लंबी उम्र की प्रार्थना की

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

संतान सप्तमी का पर्व शनिवार को मनाया गया। महिलाओं ने अपनी संतानों के लिए व्रत रख लंबी आयु की कामना की। इस दिन महिलाएं अपनी संतान की दीघार्यु के लिए व्रत रखती है और पूजा अर्चना करती हैं।

मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि यह मध्यान्नव्यापिनी पर्व है, इसके लिए मध्यान्न में ही पूजा होती है। महिलाओं ने मीठे पूये बनाकर शिव पार्वती को भोग लगाया।

चांदी की चूड़ी व कच्चे धागे का दूध से पूजन कर धारण किया। भगवान महादेव से अपनी संतान की लंबी उम्र की प्रार्थना की।



### माता देवकी ने किया था संतान सप्तमी व्रत

बरखेड़ी स्थित जय मां कालका दरबार में महिलाओं ने संतान सप्तमी पूजन किया। ऐसा कहा जाता है कि माता देवकी ने इस व्रत को किया था। दरबार की सेविका मोहिनी मालवीय ने बताया कि संतान की प्राप्ति और अच्छे पुत्र, पुत्री कामना के साथ महिलाओं के लिये संतान सप्तमी अति फलदायक व्रत है इस अवसर पर महिलाओं ने भगवान शंकर पार्वती को मण्डप में बैठाया। माता गोरा को सुहाग की सामग्री चढ़ाई गई , भगवान भोलेनाथ को नैवेद्य का भोग लगाया, भोलेनाथ के भजन कीर्तन कर कथा एवं हवन पूजन के साथ आरती की गई।

### शिव-पार्वती का व्रत कर की पूजा

इस व्रत में भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा का विधान है। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना की गई। महिलाओं के लिए यह व्रत अपना विशेष महत्व रखता है। महिलाएं प्रातःकाल श्री विष्णु और भगवान शिव की पूजा करते हुए सप्तमी व्रत का संकल्प भी लिया।



### ज्योतिर्मयानंद आश्रमों में परिवार राज थोपने में लगें है: वैराग्यानंद गिरी महाराज

*'चायती अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरी महाराज ने भोपाल में शनिवार को एक प्रेसवर्ता कर परमानंद गिरी महाराज के नाती चेले ज्योतिर्मयानंद उर्फ मंगल पांडे पर सीधे-सीधे हत्या, संपत्ति कब्जाने और आश्रमों में परिवार राज थोपने का संगीन आरोप लगाया है। गिरी महाराज ने कहा कि कई सारे आश्रमों से व्यवस्थापकों को हटाकर अपने चाचा, भतीजे, मामा, फूफा को गद्दी पर बैठा दिया है। चारधाम मंदिर भी इसी षड्यंत्र में हड़प लिया गया। महामंडलेश्वर शांति स्वरूपानंद को सिर्फ मुखौटा बनाकर रखा गया है। इस मामले की जांच को लेकर मप्र शासन को ज्ञापन दिया है। सरकार इस मामले की निष्पक्ष जांच कराए। तो फर्जी ट्रस्ट को लेकर बढ़ा खुलासा सामने आएगा। महाराज ने सरकार से कहा है कि चारधाम मंदिर का फर्जी तरीके से बना ट्रस्ट तुरंत रद्द किया जाए।*

### मतदान केंद्र पर पारदर्शिता के लिए लगाए कैमरे, देर रात आएंगे चुनाव परिणाम

# हिंदू उत्सव समिति चुनाव के लिए आज 1114 सदस्य करेंगे मतदान


चंद्रशेखर तिवारी, दावेदार


दीपेश श्रीवास्तव, दावेदार


हेमंत कुशवाहा, दावेदार


कैलाश बेगवानी, दावेदार

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

हिंदू उत्सव समिति के चुनाव एक साल सात माह बाद रविवार को ला ल घा टी स्थित मानस भवन गुफा मंदिर परिसर में होगा। सुबह 9 से शाम 5 बजे तक 1114 सदस्य मतदान करेंगे। शाम 7 बजे के बाद मतगणना शुरू होगी। देर रात चुनाव परिणाम भी घोषित किए जाएंगे।


नारायण सिंह कुशवाहा, दावेदार

इस बार चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद के लिए 5 दावेदार हैं। 62 साल पुरानी समिति के चुनाव के लिए 190 लोगों का पैनल भी बनाया गया है। मतदान केंद्र पर पारदर्शिता के लिए 4 कैमरे लगाए गए हैं, जिसका बाहर स्क्रीन पर लाइव प्रसारण भी होगा। अध्यक्ष पद के लिए इस बार चंद्रशेखर तिवारी, दीपेश श्रीवास्तव, हेमंत कुशवाह, कैलाश बेगवानी और नारायण कुशवाहा मैदान में हैं।

### आईडी कार्ड दिखाना होगा अनिवार्य

आधारकार्ड, पैन कार्ड या वोटर आईडी दिखाना होगी मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट डॉ. पीसी कोठारी ने बताया कि उनके पास मतदाताओं की लिस्ट आ गई है, जिसमें उनकी संख्या 1114 हैं। इनकी सुविधा के लिए 18 काउंटर बनाए गए हैं। शनिवार को दिनभर तैयारी का जायाजा लिया गया। सभी तैयारी पूरी हो गई है। किसी तरह की कोई कमी नही रही है। कोठारी ने बताया कि मत डालने के लिए आधारकार्ड, पैन कार्ड या वोटर आईडी दिखाना होगा। यहां पर मतदाता को परेशानी न हो इसके लिए एक हेल्प डेस्क बनाई गई है।

### पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. शंकर दयाल शर्मा भी जुड़े रहे समिति से

समिति से देश के राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. शंकर दयाल शर्मा भी जुड़े रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, उमा भारती, मंत्री विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा, कृष्णा गौर सहित शहर के कई गणमान्य लोग मतदाता हैं।

### अंतिम दिन उम्मीदवारों ने जोर-शोर से किया प्रचार-प्रसार

इस चुनाव को लेकर वर्तमान में पांच उम्मीदवार मैदान में है। चुनाव के एक दिन पहले यानी शनिवार को सभी प्रत्याशियों ने जोर-शोर से प्रचार किया। किसी ने रैली निकाली, तो कुछ समिति के सदस्यों के घर पहुंचकर अपने पक्ष में मतदान देने की अपील की। सुबह से लेकर शाम तक समिति सदस्यों प्रचार-प्रसार किया।

### एक सितंबर से नहीं मिलेगी टैक्स में छूट

## टैक्स में 6 प्रतिशत छूट का आखिरी दिन आज, छुट्टी के दिन भी खुले रहे वार्ड दफ्तर



हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के संपत्तिकर में दी जा रही 6 प्रतिशत की छूट का रविवार को एक ही दिन बाकी है। सोमवार एक सितंबर से यह छूट बंद हो जाएगी। हालांकि कोई सरचार्ज भी नहीं लगेगा। इधर करदाताओं की सुविधा के लिए रविवार को छुट्टी वाले दिन भी जोन और वार्ड कार्यालय खुले रहेंगे। साथ ही ऑनलाइन भी लोग अपना टैक्स जमा कर सकते हैं। नगर निगम के राजस्व विभाग के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2025-26 में एडवांस प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने पर 6 प्रतिशत की छूट एक अप्रैल से 31 अगस्त तक दी जा रही है।

### ऑनलाइन भी टैक्स जमा कर ले सकते हैं रियायत

एक सितंबर से 31 दिसंबर तक इसमें कोई छूट या सरचार्ज नहीं लगेगा। इसी तरह एक जनवरी से 31 मार्च तक संपत्तिकर और दूसरे कर में 20 हजार तक होने पर कोई छूट या अधिभार नहीं रहेगा। जबकि एक जनवरी से 31 मार्च तक संपत्तिकर और दूसरे कर में 20 हजार रुपए से अधिक होने पर छूट तो नहीं मिलेगी, लेकिन 3 प्रतिशत हर महीने पहली तारीख से केवल चालू वित्तीय वर्ष में सरचार्ज लगने लगेगा। निगम प्रशासन ने करदाताओं की सुविधा के लिए रविवार को छुट्टी के दिन सभी जोन और वार्ड कार्यालय खुले रखने को कहा है। इसके अलावा घर बैठे ऑनलाइन भी यह टैक्स जमा कर छूट का लाभ लिया जा सकता है।

### अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि का मामला

## बिना परीक्षा फार्म भरे ही बीएड छात्रा का परिणाम कर दिया जारी

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय में अब एक नया कारनाम सामने आया है। इससे विवि की परीक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। ताजे घटनाक्रम में बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर की एक छात्रा का परीक्षा फार्म भरे बिना ही परीक्षा परिणाम जारी करने का मामला सामने आया है। विवि की इस अनियमितता से जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

जानकारी के अनुसार विवि में बी.एड. विभाग की प्रभारी डॉ. रश्मि चतुर्वेदी परीक्षा प्रभारी भी हैं। इनके संज्ञान में यह मामला आया है। इसके अनुसार आशा पांसे (रोल न. 2510070035) का परीक्षा फार्म नहीं भरा गया और बिना फार्म भरे ही परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। विवि में परीक्षा नियंत्रण की जिम्मेदारी डॉ. विजय मिश्रा के पास है। दोनों ही अधिकारियों की नियुक्ति वर्ष 2023 में हुई थी। बताया जा रहा है कि बी.एड. में करीब 40 छात्र अध्ययनरत हैं। इसी बैच में यह गड़बड़ी सामने आई है। विवि के नए कुलगुरु ने 1 अगस्त 2025 से कार्यभार संभाला है। ऐसे में यह घटना चुनौती के रूप में हो सकती है।


अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल

### कुलसचिव ने कहा जानकारी मिली

*इस मामले में विवि के प्रभारी कुलसचिव प्रो राजीव वर्मा का कहना है कि मुझे इस घटना की जानकारी मिली है। मैं संज्ञान ले रहा हूं। जल्द ही इसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके लिए फिलहाल नोटशीट भी चलाई गई है।*

### आज रवींद्र भवन में होगी कृष्णायन की प्रस्तुति

## एआई के जरिए जानेंगे श्रीकृष्ण और मध्यप्रदेश से जुड़े प्रसंग

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

करूणाधाम आश्रम और नव प्रयास सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आज 31 अगस्त को रवींद्र भवन में 'कृष्णायन' की प्रस्तुति शाम 6:30 बजे से होगी। आश्रम के पीठाधीश्वर गुरुदेव सुदेश शांडिल्य महाराज ने बताया कि कृष्णायन एक संगीतमय महागाथा में 'सुनो वो, जो कभी कहा नहीं गया' की प्रस्तुति होगी। राधा अष्टमी पर श्री कृष्ण और मप्र से जुड़ी संपूर्ण कथा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित दृश्यों के साथ मप्र से जुड़े अनकहे प्रसंगों और भावनात्मक संगीत से सजी एक प्रस्तुति होगी। मनसाधक मोहित शेवानी और लेखक प्रबुद्ध सौरभ की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। मोहित शेवानी ने युवा संगीतज्ञों के साथ मिलकर एक ऐसा कार्यक्रम तैयार किया है जिसमें कृष्ण और मप्र के संबंध को विस्तार से बताया गया है।




### स्पेशल ट्रेनों के बढ़े फेरे, यात्रियों को मिलेगा लाभ

## भोपाल मंडल से गुजरने वाली 9 स्पेशल ट्रेनों की रेलवे ने बढ़ाई समयावधि, अब दिसंबर तक मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

त्योहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती मांग और सुविधा को देखते हुए रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है। भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली नौ स्पेशल ट्रेनों के फेरे दिसंबर तक बढ़ा दिए गए हैं। इनमें वलसाड-दानापुर, उधना-जयनगर, उधना-धनबाद, उधना-पटना, डॉ. आंबेडकर नगर-पटना, उधना-सूबेदारगंज, बांद्रा टर्मिनस-बढ़नी, उधना-सूबेदारगंज और बांद्रा टर्मिनस-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी सुपरफास्ट स्पेशल शामिल हैं। ये सभी ट्रेनें मौजूदा समय, पथ और कोच संरचना के अनुसार ही चलेंगी। रेल अधिकारियों का कहना है कि फेरों के विस्तार से सात हजार से अधिक यात्रियों को समय पर गंतव्य तक पहुंचने में मदद मिलेगी और त्यौहारों के दौरान भीड़ का दबाव भी कम होगा।

### यह ट्रेने चलेंगी

- *ट्रेन 09025 वलसाड-दानापुर स्पेशल 29 दिसंबर तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन 09026 दानापुर - वलसाड स्पेशल को 30 दिसंबर तक विस्तारित किया गया है। यह ट्रेन पमरे के इटारसी, मदनमहल, कटनी एवं सतना से गुजरती है।*
- *ट्रेन 09031 उधना-जयनगर स्पेशल को 28 दिसंबर तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन 09032 जयनगर-उधना स्पेशल को 29 दिसंबर तक विस्तारित किया गया है। यह ट्रेन पमरे के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी एवं सतना से गुजरती है।*
- *ट्रेन 09039 उधना-धनबाद स्पेशल को 26 दिसंबर तक विस्तारित किया है। इसी प्रकार, ट्रेन 09040 धनबाद-उधना स्पेशल को 28 दिसंबर तक विस्तारित किया गया है। यह ट्रेन पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना से गुजरती है।*
- *ट्रेन 09045 उधना-पटना स्पेशल को 26 दिसंबर तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार ट्रेन 09046 पटना-उधना स्पेशल को 27 दिसंबर तक विस्तारित किया गया है। यह ट्रेन पमरे के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं सतना से गुजरती है।*

### दिव्य श्रृंगार कर होगा महाआरती का आयोजन

## राधावल्लभ मंदिर इब्राहिमपुरा में धूमधाम से मनेगी राधाष्टमी

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

श्री राधावल्लभ मंदिर इब्राहिमपुरा में श्री राधा जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सचिव मनोज गर्ग ने बताया प्रातः काल 7 बजे मंगला आरती एवं दो. 12 बजे दिव्य श्रृंगार कर महा आरती के साथ जन्मोत्सव मनाया जाएगा एवं बधाई गीत पद गायन एवं दधीकांदा का उत्सव भी होगा।

13 वाँ पुण्यस्मरण
स्व. श्रीमती कुमुदिनी अम्बारे
पत्नि स्व. श्री चन्द्रकान्त अम्बारे
श्रद्धांजलि
सुदीप, आदित्य, सुष्मित, श्रेया, अमूल्य, वैभवी, सक्षम, इशान एवं समस्त अम्बारे परिवार
पता - जी 13/175, 228 क्वाटर्स, भोपाल

स्व. श्रीमती कुमुदिनी अम्बारे









**कारतूस का रिकॉर्ड नहीं देने वालों पर भी होगी कार्रवाई**

## शूटर शाहिद मछली का गन लाइसेंस सस्पेंड, 80 की कुंडली हो रही तैयार

◆ छुट्टी वाले दिन भी प्रतिवेदन तैयार करने में जुटे रहे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शूटर्स को मिलने वाले भारी-भरकम कारतूस के कोटे को लेकर पिछले एक हफ्ते से चल रही जांच पूरी हो गई है। जिसके आधार पर मछली परिवार के शूटर शाहिद अहमद का गन लाइसेंस सस्पेंड कर दिया है। इधर अन्य शूटर्स के दस्तावेज और जानकारी के आधार पर 80 शूटर्स का जांच प्रतिवेदन बनाया जा रहा है।

शनिवार को छुट्टी होने के बाद बावजूद अफसर प्रतिवेदन तैयार करने में जुटे रहे। राजधानी में नेशनल और इंटरनेशनल टूर्नामेंट खेलने वाले शूटर्स में से पांच शूटर खुद पेश नहीं हुए, लेकिन उन्होंने रिकॉर्ड भेज दिया है। इधर आबकारी और वन विभाग में भी खिलाड़ियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। इसके लिए पुलिस, आबकारी और फॉरेस्ट विभाग से शूटर्स का रिकॉर्ड मांगा है। इसी कड़ी में जांच में सामने आया है कि मछली परिवार का बेटा शाहिद अहमद पिता शरीफ अहमद निवासी बुधवारा का शूटर गन लाइसेंस निरस्त कर दिया है। इसके पीछे वजह उसका आपराधिक रिकॉर्ड होना बताया गया है।

### शाहिद ने शूटिंग में नहीं लिया हिस्सा

जांच में पता चला है कि शाहिद के पास भले ही शूटर का गन लाइसेंस था, लेकिन उसने शूटिंग प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया और न ही इस आधार पर कारतूस खरीदे। सिर्फ उसने आत्मरक्षा के इस्तेमाल के लिए जरूरी कारतूस की खरीदी की है।

### मछली परिवार के चार लाइसेंस भी सस्पेंड

*जिला प्रशासन के अफसरों का कहना है कि मछली परिवार से जुड़े चार अन्य लोगों के गन लाइसेंस भी सस्पेंड किए गए हैं। शाहिद के अलावा जिन चार लोगों के लाइसेंस सस्पेंड किए गए हैं। उसमें सोहेल, शहरयार, शफीक और शावेज के नाम शस्त्र लाइसेंस मिले थे। जिन्हें सस्पेंड कर दिया गया है।*

### विदेश से खरीदी थी शाहिद मछली ने गन

*शाहिद के लाइसेंस पर तीन हथियार दर्ज थे। इसमें एक .32 बोर की रिवाल्वर, दूसरा एक 12 बोर की सेमी आटोमैटिक गन और तीसरा हथियार 30.06 राइफल है। इसकी खरीदी विदेश से की गई थी। ये राइफल शूटर्स शूटिंग के समय इस्तेमाल करते हैं। उसको 2012 में गन लाइसेंस जारी किया गया था। जबकि उसको सालाना तीस हजार कारतूस खरीदने की लिमिट दी गई थी।*

**बिल्डर के पास पहुंचे रहवासी, स्कूल संचालक ने भी दी सफाई**

## डायमंड कॉलोनी के नक्शे में गड़बड़ी मछली परिवार ने बेची थी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मछली परिवार के सरकारी जमीन पर आलीशान कोठी, वेयरहाउस, फार्म हाउस, मैरिज गार्डन और अवैध मदरसा जमींदोज करने के बाद नजदीक स्थित पशुपालन विभाग की 99 एकड़ जमीन पर कब्जे के शक में इस जमीन का सीमांकन कराया गया है। जिसमें डायमंड सिटी और कस्तूरी कोटयार्ड और राजधानी परिसर फेस-1 के मकान जद में आए हैं।

इसी तरह डायमंड सिटी में बना तीन मंजिला निजी स्कूल भी कब्जे की जद में आया है। जिसके बाद शनिवार को डायमंड सिटी के रहवासी जमीन में प्लॉट बेचने वाले बिल्डर सिद्धार्थ सिंहा के पास पहुंचे। बिल्डर ने बताया कि नक्शे में सुधार नहीं होने की वजह से 1.85 एकड़ जमीन सरकारी आ रही है। जिसको लेकर गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव के कोर्ट में नक्शा सुधार का केस लगाया गया है। भोपाल के अनंतपुरा कोकता में पशुपालन विभाग की 99 में से करीब 6 एकड़ जमीन में कब्जा सामने आया है। सीमांकन में डायमंड सिटी में 3 मंजिला स्कूल बिल्डिंग है, जो डेढ़ से दो हजार वर्गफीट जमीन पर बनी है। पेट्रोल पंप और नगर निगम की दुकानें भी सरकारी जमीन की जद में आ रही हैं।

**सीमांकन की जद में 40 मकान, 30 दुकान स्कूल सहित 6 एकड़ जमीन**



### बिल्डर का दावा: नक्शा अपडेट नहीं हुआ

इस मामले में स्कूल के संचालक अमिताभ वर्मा ने बताया कि हमने स्कूल के लिए 2400 वर्गफीट जमीन दिसंबर 2021 में सिद्धार्थ सिन्हा ने खरीदी थी। इसके बाद नामांतरण कराकर सभी अनुमति लेने के बाद ही बिल्डिंग बनाई है। इधर बिल्डर का कहना है कि नक्शा अपडेट नहीं होने की वजह से उनकी 1.85 एकड़ जमीन सरकारी रिकॉर्ड में बताई जा रही है।

### खबर संक्षेप

**एक लाख की आबादी को आज और कल नहीं मिलेगा पानी**

**भोपाल।** निशातपुरा इलाके सहित 25 क्षेत्रों में रविवार शाम से सोमवार तक जलप्रदाय नहीं होगा। ऐसे में करीब एक लाख से अधिक लोगों को जलसंकट का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल मेट्रो रेल संबंधी कार्यों के चलते मनुआभान टेकरी जलशोधन संयंत्र को एक दिन के लिए शटडाउन पर रखा गया है। नगर निगम ने मेट्रो रेल लाइन कार्य के लिए जलशोधन संयंत्र को रविवार शाम से सोमवार तक बंद रखा जाएगा। इस वजह से निशातपुरा करोंद, विश्वकर्मा नगर, नवीबाग, भानपुर, लंबाखेड़ा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद, न्यू जेल रोड, नयापुरा, संजीव नगर, चांदबाड़ी, छोला, शिव नगर फेज एक से तीन शिव शक्ति नगर, अटल नेहरू नगर, देवकी नगर, नवाब कॉलोनी, गोंडीपुरा, दानिश कालोनी, शहीद कॉलोनी, आशियाना कॉलोनी, फिजा कॉलोनी, जनता नगर, हनीफ कॉलोनी, मोतीलाल नगर, रतन कॉलोनी, संजय नगर, गैस राहत क्वार्टर, कमल नगर, पन्ना नगर, ब्लू मून कॉलोनी, प्रेम नगर, सुंदर नगर क्षेत्रों में रविवार शाम से सोमवार तक पानी सप्लाई नहीं किया जाएगा।

**अशोका गार्डन में अस्पताल के बाहर आवारा कुत्तों ने आठ साल के बच्चे पर किया हमला**

# 24 घंटे में 5 बच्चों को आवारा कुत्तों ने नोंचा, शिकायत पर भी नहीं पकड़े डॉग्स

*नगर निगम अफसरों का तर्क, पेट लवर्स नहीं पकड़ने दे रहे कुत्ते*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में आवारा कुत्तों का आतंक बराकरार है, इधर पेट लवर्स के डर से नगर निगम के कर्मचारी शिकायतों के बाद भी कुत्तों को पकड़ने से परहेज कर रहे हैं। यही वजह है कि बीते 24 घंटे में आवारा कुत्तों के हमले के 5 मामले सामने आए हैं। आवारा कुत्तों ने ज्यादातर छोटे बच्चों को ही निशाना बनाया है। पहली घटना बाग मुगालिया इलाके की है, जहां का वीडियो भी वायरल हुआ है। वहीं दूसरी घटना अशोका गार्डन 80 फिट रोड पर हुई।

जहां अस्पताल के बाहर एक छोटे बच्चे को कुत्ते ने काट लिया। इसी तरह पुराने शहर के इलाके में दो जगह और एक घटना अयोध्या बायपास इलाके की है। अशोका गार्डन 80 फिट रोड पर फेमस होटल के पास स्थित अस्पताल में एक परिवार मरीज से मिलने आया था। उनका 8 साल का बेटा बाहर खेल रहा था, तभी वहां मौजूद आवारा कुत्ते ने बच्चे को घायल कर दिया। शिकायत पर निगम अमले का जवाब था कि पेट लवर्स इस कुत्ते को पकड़ने नहीं देंगे। दूसरी घटना बाग मुगालिया कटारा हिल्स स्थित पेबल-बे कॉलोनी में हुई। जहां एक बच्चे पर दो आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। चौकीदार के चिल्लाते ही आवारा कुत्ते भाग गए।

**बागमुगालिया में बच्चे पर कुत्तों के हमले का वीडियो हुआ वायरल**



### अयोध्या बायपास पर सब्जी ले रहे पिता के सामने कुत्तों ने काटा



अयोध्या बायपास पर सड़क किनारे सब्जी दुकानों पर खड़े एक व्यक्ति के सामने मौजूद उसके बेटे को आवारा कुत्तों ने काट लिया। बताया जाता है कि शनिवार की शाम व्यक्ति बाइक किनारे खड़ी कर सब्जी ले रहा था। साथ में मौजूद उसका बेटा बाइक पर ही बैठा रहा, तभी पास से गुजर रहे एक आवारा कुत्ते ने बच्चे के पैरों में काट लिया। इसी तरह पुराने शहर के सिंधी कॉलोनी चौराहा पर दोस्तों के साथ जा रहे एक 12 साल के बच्चे को आवारा कुत्ते ने काट लिया। इसी तरह पुराने शहर के इस्लामी गेट के पास साइकिल चला रहे एक बच्चे को कुत्तों ने काट लिया। सभी मामलों की शिकायतें नगर निगम तक पहुंची, लेकिन किसी भी आवारा कुत्ते को निगम की टीमों ने अब तक नहीं पकड़ा।

### डॉक्टर को कुत्ते ने बुरी तरह से काटा, मालकिन पर केस दर्ज

बागसेवनिया स्थित सब्जी मार्केट के पास शुक्रवार सुबह स्कूटर सवार 27 साल की डॉक्टर महिमा को कुत्ते ने काट लिया। वह सीआरपीएफ बंगरसिया से रेलवे स्टेशन जाने के लिए निकली थी। इसी बीच बागसेवनिया मार्केट में उनकी स्कूटर में खराबी आ गई। वह स्कूटर को देखने लगी, तभी कुत्ता उन पर झूम गया और हाथ और जांघ में काट लिया। किसी तरह कुत्ते से उन्होंने खुद को बचाया और अपने भाई को कॉल कर बताया। भाई महिमा के पास पहुंचा। दोनों स्कूटर के पास गए तो कुत्ता पास ही मार्केट में रहने वाली रीना संकट के घर बंधा नजर आया। इसके बाद पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने डॉक्टर की शिकायत पर कुत्ते की मालकिन पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### 6 महीने में 19 हजार 285 लोगों को कुत्तों ने काटा

*भोपाल में 6 महीने में 19 हजार 285 लोगों को कुत्तों ने काटा है। साल 2024 और इस वर्ष माह जनवरी से जून 2025 तक की स्थिति में डॉग बाइट्स के मामलों की रिपोर्ट नेशनल हेल्थ मिशन से मांगी गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में भोपाल में 19 हजार 285 डॉग बाइट्स के मामले दर्ज किए गए।*

**महिला का बॉडी मास इंडेक्स 42 तो वेट था 92 केजी**

## हर्निया में फंस गई थी छोटी आंत हमीदिया अस्पताल में पहली बार हुई महिला की बेरियाट्रिक सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में पहली बार डॉक्टरों ने बेरियाट्रिक सर्जरी के जरिए मोर्बिड ओबेसिटी और हार्निया रोग से पीड़ति 46 साल की महिला का जीवन बचाया। हमीदिया अस्पताल के सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सर्जन डॉ. समीर शुक्ला ने बताया कि महिला मोर्बिड ओबेसिटी यानी अत्यधिक मोटापे से पीड़ित थी। महिला का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 42 था और वजन 92 किलो था। धीरे-धीरे यह बढ़कर उनके पेट के लगभग एक-तिहाई हिस्से तक फैल गया था।

डॉ. समीर ने बताया कि सीटी स्कैन में पता चला कि महिला का तानाका इंडेक्स 33 प्रतिशत है, जिसका मतलब था कि उनकी छोटी आंत का बड़ा हिस्सा हर्निया में फंस चुका था। यह स्थिति किसी भी समय आंत ब्लॉकेज या आंत फटने जैसी जानलेवा दिक्कत पैदा कर सकती थी। इस ऑपरेशन में सर्जरी विभाग और एनेस्थीसिया विभाग की संयुक्त टीम ने अहम भूमिका निभाई। ऑपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया देना भी चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि मरीज का मोटापा और हर्निया दोनों मिलकर जटिल स्थिति पैदा कर रहे थे। घंटों चली मेहनत के बाद सर्जरी सफल रही और अब महिला स्वस्थ है।

### महिला का उपचार जटिल था

महिला का उपचार जटिल था, क्योंकि रोग गंभीर था। लेकिन सर्जरी और एनेस्थीसिया विभाग की टीम ने अपनी चिकित्सीय दक्षता, निपुणता और कार्य कुशलता के आधार पर बेहतर काम किया।

**डॉ. कविता एन सिंह,** डीन जीएमसी

**आठ वाहनों को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में खड़ा कराया**

## बिना फिटनेस के सड़क पर दौड़ रही यात्री बसों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





**जुलाई-अगस्त में 182 नियम विरुद्ध संचालित मिले वाहन, 11 लाख का जुर्माना**

राजधानी भोपाल में बसों का सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को यात्री बसों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाए गया और मोटर यान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन की स्थिति में 8 वाहनों से समन शुल्क के रूप में 8 बसों से 38500 शमन शुल्क वसूला गया।

वाहनों को जब्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया। उक्त वाहनों को बिना परमिट, बिना फिटनेस, बकाया टैक्स, बिना इंश्योरेंस आदि के परिवहन करते पाया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि जुलाई और अगस्त माह में 709 वाहनों से एक करोड़ सोलह लाख बयानवे हजार आठ सौ सत्रह रुपए मोटर यान कर वसूल किया गया। वहीं इन दो माह में चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान 182 वाहन नियम विरोध संचालित मिले। जिन पर कार्रवाई करते हुए करीब 11 लाख रुपए का जुर्माना वसूल किए गया।

**खाद्य विभाग ने जब्त किया 29 किलो मावा और 11 किलो पनीर**

## स्कूटी पर मावा-पनीर सप्लाई करने वाले संचालक को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवारा स्थित महाकाल डेयरी फार्म के संचालक को बाग सेवनिया पुलिस ने स्कूटी पर मावा और पनीर सप्लाई करते हुए पकड़ा है। सूचना पर पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मोहम्मद आबिद से 29 किलो मावा और 11 किलो पनीर जब्त कर सैंपलिंग कर ली है। जांच के बाद ही जब्त मावा और पनीर को छोड़ा जाएगा।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि बाग सेवनिया से मिली सूचना के बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी लववंशी ने मौके पर पहुंचकर मावा और पनीर के सैंपल लिए हैं। सैंपल जांच के लिए लेबोरेटरी भेजे गए हैं। जब्त खाद्य पदार्थों की कीमत तेरह हजार रुपए आंकी गई है। डेयरी संचालक ने बताया कि वह बाग सेवनिया स्थित एक दुकान पर मावा और पनीर की सप्लाई देने जा रहा था।



### ग्राहक को दे दिया बासी केक बेकरी में मिली गंदगी

*न्यू मार्केट स्थित आहुजा बेकरी में बासी केक बेचने की शिकायत पर पहुंची खाद्य विभाग की टीम ने केस निर्माण में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए हैं। टीम जब बेकरी पहुंची, तो वहां दुकान संचालक नितिन आहुजा ने बताया कि केक का निर्माण यहीं किया जाता है। यहां पर गंदगी के बीच केक बनाने पर खाद्य विभाग ने संचालक को नोटिस जारी किया है।*

**वर्ष 2017 में अवधपुरी के आवासीय हॉस्टल दुष्कर्म मामले में निर्णय**

**वर्ष 2018 में इंदौर में दो बहनों ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का केस भी दर्ज करवाया था**

## मूक-बधिर बालिका से दुष्कर्म करने वाले हॉस्टल संचालक को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विशेष न्यायाधीश राजर्षि श्रीवास्तव ने अनुसूचित जाति-जनजाति की मूक-बधिर बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी हॉस्टल संचालक अश्विनी कुमार शर्मा को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 7000 रुपए जुर्माने से दण्डित किया है। दोषी अश्विनी कुमार शर्मा ने वर्ष 2016 अवधपुरी में क्रिस्टल आईडियल कॉलोनी में मूक बधिर युवतियों के लिए सरकार के अनुदान से एक आवासीय हॉस्टल का संचालन करना शुरू किया था।

आरोपी ने हॉस्टल में रहने वाली 23 वर्षीय अनुसूचित जनजाति की मूक-बधिर युवती को जुलाई 2017 में मोबाइल फोन में अश्लील वीडियो दिखाकर उसके साथ छेड़छाड़ कर दुष्कर्म किया था।

**7000 रुपए जुर्माने से दण्डित भी किया**



### युवती अपने घर वापस चली गई थी

आरोपी की हरकत से परेशान होकर मूक-बधिर युवती अपने घर वापस चली गई थी। वर्ष 2018 में इंदौर के हीरा नगर थाने में दो बहनों ने हॉस्टल संचालक के खिलाफ छेड़छाड़ का अपराध पंजीबद्ध करवाया था। इसके बाद एक छात्रा ने हीरा नगर थाने पहुंचकर सांकेतिक भाषा एक्सपर्ट के माध्यम से थाने में केस दर्ज करवाया था। धार जिले की रहने वाली 23 वर्षीय छात्रा ने बताया था कि जुलाई 2017 में हॉस्टल में आरोपी ने दुष्कर्म किया था।

### भाई को इशारे से बताई थी घटना

पीड़िता के साथ रहने वाली अन्य दिव्यांगजन लड़कियों ने उनके साथ अभियुक्त द्वारा होस्टल में छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म करने की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध होने पर इससे संबंधित खबर टीवी पर देखने व समाचार पत्र में पीड़िता के भाई द्वारा पढ़ने के बाद पीड़िता से भाई ने पूछा, तब पीड़िता ने भाई को इशारे से बताया कि उसे मोनिका पुरोहित के पास ले चलें। श्रवण बाधित पीड़िता भाई के साथ इंदौर जाकर मोनिका पुरोहित से मिली। पीड़िता ने इशारो और संकेतों में मोनिका पुरोहित को अश्विनी कुमार शर्मा द्वारा संचालित आवासीय हॉस्टल मकान नंबर 172 में क्रिस्टल आईडियल सिटी अवधपुरी में उसके साथ किए गलत कृत्य के बारे में बताया। फिर पीडिता ने भाई एवं मोनिका पुरोहित के साथ थाना हीरानगर इंदौर में जाकर अपराध पंजीबद्ध कराया था। थाना हीरानगर ने मामले से संबंधित केस डायरी थाना अवधपुरी भेजी थी, जिसने जांच की।



## जैकेट का शेष...

### सीएम बोलेः भारतीय...

को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। यही देशप्रेम हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। डॉ. यादव शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में जनअभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वदेशी से स्वावलंबन' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जनअभियान परिषद द्वारा स्वदेशी अभियान के लिए तैयार किए गए पोस्टर एवं ब्रोशर का विमोचन किया। इस ब्रोशर में स्वदेशी वस्तुओं की सूची दी गई है। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के मध्य स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार की जनजागृति के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

**हम अपने आचरण में लाएं स्वदेशी भावः खंडेलवालः** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि स्वदेशी एक बड़ा विषय है। राज्य सरकार स्वदेशी के प्रति जागरुकता और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रही है। हम सभी अपने मानस में, अपने आचरण में स्वदेशी भाव लाएं, तभी हमारा देश विकसित और समृद्ध बनेगा। हम अपनी संस्कृति और धरोहर को बचाए रखें और सरकार के स्वदेशी भाव से जुड़े हर काम, हर अभियान में सहयोगी बनें।

### ग्वालियर पर्यटन ...

दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर ग्वालियर में पहली बार रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव हो रहा है। ग्वालियर देश की राजधानी के करीब का क्षेत्र है। यहां राजा मानसिंह तोमर के काल में बना ऐतिहासिक किला दुनिया में पहचान रखता है। इसकी स्थापत्य कला अद्भुत है। इस कठिन दौर में ग्वालियर में एक आध्यात्मिक आत्मा का प्रकटीकरण हुआ।

**मप्र पर्यटन के डिजिटल प्रचार-प्रसार के लिए एमओयूः** मप्र के पर्यटन स्थलों, गतिविधियों और आयोजनों के व्यापक स्तर पर इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और प्रचार-प्रसार के लिए याप डिजिटल, क्रायोन्स एडवरटाइजिंग, ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस़ लिमिटेड, कॉन्सेप्ट कम्युनिकेशन्स के साथ अनुबंध किया गया। इन समझौतों से न केवल निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय समुदाय और कलाकार भी प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।

### ढाई हजार ईंट का...

से संपर्क नहीं हो पाया है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने एसडीएम को जांच के लिए भेजा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की पुष्टि होने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 500 साल पुराने...

पुराने नर्वदेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार इन दिनों बागेश्वर धाम सरकार के निर्देशन में चल रहा है। मंगलवार रात वर्कर कॉलोनी निवासी कैलाश मिश्रा को स्वप्न में भगवान ने संकेत दिया कि मंदिर के पास स्थित पुरानी बावड़ी में प्रतिमाएं दबी हुई हैं।

### बिना हेलमेट पेट्रोल...

कड़ाई से पालन करता आ रहा था। अरेरा पंप में कर्मचारियों के साथ मारपीट और भिंड में हेलमेट को लेकर पंप संचालक पर गोलीबारी हुई। प्रशासन हमें सुरक्षा प्रदान नहीं करा रहा है। आगे से अब हम हेलमेट की अनिवार्यता के नियमों का पालन बगैर सुरक्षा के करने में असमर्थ होंगे।

## पेज एक का शेष...

### खरगोन में 24...

इंच पानी गिर गया। नर्मदापुरम में शनिवार सुबह तवा डैम के 3 गेट खोले गए हैं। सभी गेटों को 3-3 फीट तक खोलकर करीब 15 हजार क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। वर्तमान में डैम का जलस्तर 1164 फीट पर दर्ज किया गया है। रविवार को इंदौर, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग के 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। आलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में अगले 24 घंटे में ढाई से साढ़े 4 इंच तक पानी गिर सकता है।

### बड़वानीः डेब नदी ....

मदद से निकालने की कोशिश की गई। बाढ़ में 4 गुमठियां, मोटरसाइकिले, ईंट भट्टे बह गए। नदी किनारे के रहवासी घरों में 5 फीट से ऊपर जल भराव हो गया। राम मंदिर तक बाढ़ का पानी पहुंच गया, दुकानों में पानी भर गया। शनिवार सुबह 9 बजे नदी के उस पार यशवंतपुरा से इस पार आ रही प्रीति पुत्री दिनेश गायकवाड़ 18 पुल के गड्ढों में संतुलन बिगड़ने से नदी किनारे करीब 9 फीट नीचे गिरी। जिससे उसे सिर व पैर में गंभीर चोट आने से प्राथमिक उपचार करके बड़वानी रेफर किया गया।

### आज 'महाशक्तियों' का...

निर्धारित बैठक वॉशिंगटन के टैरिफ विवाद के मद्देनजर और भी महत्वपूर्ण हो गई है, जिसका असर दुनिया भर की लगभग सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ा है। इस वार्ता में पीएम मोदी और शी भारत-चीन आर्थिक संबंधों का जायजा लेने और पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बाद गंभीर तनाव में आए संबंधों को और सामान्य बनाने के लिए कदमों पर विचार-विमर्श करेंगे। पीएम मोदी की चीन यात्रा चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा के एक पखवाड़े से भी कम समय बाद हो रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ वांग की व्यापक वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने दोनों पक्षों के बीच स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंधों के लिए कई उपायों की घोषणा की थी। शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को दोहराएंगे। यह रुख भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए संघर्ष के संदर्भ में होगा। यह संघर्ष पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुआ था।

**चीनी दूतावास ने साझा की भगवान गणेश की तस्वीरः** मोदी के चीन दौरे से पहले भारत स्थित चीनी दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है और लिखा है कि भारत और चीन की कला, आस्था और संस्कृतियां साझा रही हैं। भारत स्थित चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने ट्वीट किया- चीन के तांग राजवंश और मोगाओ गुफाओं में भगवान गणेश की छवि देखी जा सकती है! यह इस बात का सबूत है कि कैसे सदियों पहले चीन और भारत कला, आस्था और संस्कृति को साझा करते थे।

**भारत के साथ सांस्कृतिक जुड़ाव के सबूतः** चीन में कई ऐतिहासिक स्थलों में भारत के साथ सांस्कृतिक जुड़ाव के सबूत हैं। चीन के गांसु प्रांत के दुनहुआंग में मोगाओ और हजार बुद्ध गुफाएं, जो 366 ईस्वी से 10वीं शताब्दी तक बनीं, भारतीय बौद्ध कला की याद दिलाती हैं। शिनजियांग की बेजेक्लिक और किजिल गुफाएं, लुयांग की लोंगमेन गुफाएं, दात्सु की बाओदिंग गुफाएं और दातोंग की युंगांग गुफाओं में भी भारतीय प्रभाव दिखता है। बीजिंग का फाइव पगोडा मंदिर, बोधगया मंदिर की शैली में बना है, और लुयांग का व्हाइट हॉर्स मंदिर, दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक जुड़ाव का प्रतीक हैं।

### खराब स्वास्थ्य की ...

अकाउंट्स द्वारा फैलाई जा रही हैं। व्हाइट हाउस ने इस मामले पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। करीब 2 दिनों से वह पूरी तरह नदारद हैं। दावा किया जा रहा है कि अगले 2 दिनों तक यानि 31 अगस्त तक उनका कोई कार्यक्रम भी नहीं है, जिसमें उनकी मौजूदगी का उल्लेख हो। अभी उनका कोई भी सार्वजनिक आयोजन सूचीबद्ध नहीं है। उनके चिकित्सक शॉन बार्बाबेला ने स्वीकार किया कि ट्रंप के हाथ पर सूजन के हल्के लक्षण हैं और यह लगातार हाथ मिलाने और एस्पिरिन के सेवन से होने वाली हल्की सॉफ्टटिशू इरिटेशन के कारण हो सकता है। एस्पिरिन उन्हें हृदय रोग से बचाव के लिए नियमित रूप से दी जाती है। ट्रंप के सार्वजनिक कार्यक्रमों में अनुपस्थिति की वजह कहीं लेबर डे तो नहीं है, जो आगामी 1 सितंबर को मनाया जाएगा। लेबर डे को लेकर शुरुआत में ट्रंप की योजना थी कि वह अगस्त के अंतिम दो हफ्ते बेडमिन्स्टर, न्यू जर्सी स्थित अपने रिसॉर्ट में बिताएंगे, लेकिन उन्होंने वह योजना रद्द कर दी और व्हाइट हाउस में ही रहने का निर्णय लिया।

### जेडी वेंस ने कहा ....

मगर फिर भी कोई अपरिहार्य परिस्थिति बनती है तो वह राष्ट्रपति का दायित्व निभाने से पीछे नहीं हटेंगे।

### राष्ट्रपति पुतिन संग...

बहाल करने के प्रयासों पर विचार साझा किए गए। भारत इस दिशा में जारी सभी प्रयासों को पूर्ण समर्थन प्रदान करता है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अपनी एक्स पोस्ट में इस बातचीत का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोन पर बात हुई है। मैंने उन्हें यूक्रेन की रूस के प्रमुख (राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन) के साथ बैठक के लिए अपनी तत्परता दोहराते हुए बताया कि करीब दो हफ्ते बीत चुके हैं। जिसमें रूस को कूटनीति की तैयारी करनी चाहिए थी। लेकिन अभी तक मास्को की तरफ से हमें कोई सकारात्मक संकेत नहीं दिया गया है। बजाय इसके उनके द्वारा हमारे नागरिक इलाकों पर निंदनीय हमले जारी हैं, जिसमें दर्जनों लोग मारे जा चुके हैं। जेलेंस्की ने कहा, हमने एससीओ शिखर सम्मेलन से पहले अपनी स्थिति में समन्वय स्थापित किया है। भारत आवश्यक प्रयास करने और शिखर सम्मेलन से इतर होने वाली बैठकों के दौरान रूस और अन्य नेताओं को उचित संकेत देने के लिए तैयार है। मुझे निकट भविष्य में प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर खुशी होगी। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने इस बातचीत में पीएम मोदी को वाशिंगटन में राष्ट्रपति ट्रंप और यूरोपीय नेताओं की भागीदारी वाली वार्ता से भी अवगत कराया।

### देश का पहला...

इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन करीब 6 गुना और इलेक्ट्रॉनिक निर्यात करीब 8 गुना बढ़ा है। एक-एक करके सभी उत्पादों का निर्माण भारत में शुरू हुआ है। एक के बाद एक सभी कंपोनेंट्स भारत में बनने लगे हैं। इसी क्रम में टेंपर्ड ग्लास को बनाने वाले संयंत्र का उद्घाटन है। अभी तक भारत में टेंपर्ड ग्लास का बाहर से आयात किया जाता था। इस संयंत्र की बात करें तो करीब 2.5 करोड़ टेंपर्ड ग्लास हर साल भारत में बनने लगेंगे।

### रेत से भरा...

रहा था, इसी दौरान ड्राइवर कंट्रोल खो बैठा और ट्रक कच्चे मकान में जा घुसा, जिसमें पूरा परिवार दब गया। घटना का पता उस वक्त चला जब गांव के कुछ लोग वहां से निकल रहे थे। उन्होंने फौरन बाकी गांववालों को भी हादसे की जानकारी दी। पुलिस को सूचना देने के बाद उन्होंने खुद रेस्क्यू शुरू किया। करीब आधे घंटे बाद पुलिस की टीम भी पहुंच गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद अवैध रेत परिवहन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अगर समय रहते सख्ती बरती जाती तो यह दर्दनाक हादसा नहीं होता।

# महानदी विवादः छग और ओडिशा के इंजीनियर्स का बनेगा समन्वय ढांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत की एक प्रमुख नदी, महानदी, जो छत्तीसगढ़ से निकलकर ओडिशा होकर बंगाल की खाड़ी तक जाती है, लंबे समय से विवाद का कारण बनी हुई है। इस लंबे विवाद को बातचीत से हल करने के लिए शनिवार को नई दिल्ली में एक अहम बैठक हुई। इसमें छत्तीसगढ़ और ओडिशा के मुख्य सचिवों और जल संसाधन विभाग के सचिवों ने हिस्सा लिया। बैठक में दोनों राज्यों ने माना कि यह समस्या बहुत पुरानी और कठिन है, लेकिन लोगों और दोनों राज्यों के भले के लिए इसका समाधान मिल-बैठकर निकालना ही होगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि सितंबर से दोनों राज्यों की तकनीकी समितियाँ, जिनमें इंजीनियर और विशेषज्ञ होंगे, हर हफ़्ते बैठक करेंगी। ये समितियां मुख्य मुद्दों को पहचानेंगी और उनका हल निकालने की कोशिश करेंगी। साथ ही, वे यह भी देखेंगी कि कैसे दोनों राज्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सकता है।

## मुख्य सचिव स्तर की बैठक में हुआ फैसला



**देश में होगी मिसाल :** विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह पहल सफल रही, तो यह न सिर्फ ओडिशा और छत्तीसगढ़ के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल होगी कि बड़े और पुराने विवाद भी आपसी बातचीत और सहयोग से सुलझाए जा सकते हैं।

### दोनों राज्यों के मुख्य सचिव करेंगे बैठक

अक्टूबर में दोनों राज्यों के मुख्य सचिव एक और बैठक करेंगे। इसमें जल संसाधन सचिव भी शामिल होंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो दिसंबर तक दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री भी मुलाकात कर सकते हैं और आगे की दिशा तय करेंगे। अंत में दोनों राज्यों ने यह वादा किया कि वे ईमानदारी और खुले मन से बातचीत करेंगे, ताकि महानदी जल विवाद का हल ऐसा निकले जो सबके लिए लाभकारी हो।

13 हजार करोड़ की धोखाधड़ी

## भगोड़े चोकसी की जमानत अर्जी बेल्जियम में खारिज

**नई दिल्ली।** बेल्जियम की एक अपील अदालत ने पीएनबी से करीब 13000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में भारत में वांछित भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की जमानत याचिका को एक बार फिर खारिज कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि बेल्जियम की अदालत ने यह फैसला चोकसी के प्रत्यर्पण मामले की सुनवाई से ठीक पहले दिया है। अधिकारियों ने बताया कि अदालत ने सीबीआई द्वारा बेल्जियम अभियोजन पक्ष को दिए गए ठोस कारणों के आधार पर अपील को खारिज कर दिया। सीबीआई ने जानकारी दी थी कि चोकसी कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए पहले भी कई न्यायालयों के न्यायाधिकार क्षेत्र से भाग चुका है।

**श्री संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर समिति (अहिरवार समाज) जिन्सी चौराहा, भोपाल**

**सार्वजनिक सूचना**

संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर जिंसी चौराहा जहांगीराबाद भोपाल मध्य प्रदेश समिति के द्वारा मंदिर परिसर में एक से लेकर 12 दुकान है जो के पूर्व से किरायेदारों को दी गई जिसमें समय-समय पर किराएदार बदलते रहे भोपाल मेट्रो के चलते मंदिर परिसर का कुछ हिस्सा मेट्रो प्रोजेक्ट में आने की संभावना है मेट्रो प्रोजेक्ट की जो भी कंपनी इस कार्य को कर रही है एवं अन्य कोई कंपनी अगर परिसर इस कार्य को कर रही है अगर मंदिर परिसार का कोई हिस्सा या कुछ दुकान मेट्रो प्रोजेक्ट में आती है कंपनी को सूचित किया जाता है क्या समिति के सभी सदस्यों को बुलाकर इस पर चर्चा करें किसी भी दुकानदार से जब समिति के किसी भी एक व्यक्ति से कोई भी काम जाति या किसी भी प्रकार के दस्तावेज नहीं मांगे जाए समिति के बगैर अनुमति के मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ या फिर सर्वे या दुकानदारों से जो के पूर्व में से चले आ रहा है किराएदार हैं किसी भी व्यक्ति से कोई भी दस्तावेज समिति के बगैर अनुमति के लेना मान्य नहीं रहेगा अगर कोई किरायेदार समिति की बिगर अनुमति के मेट्रो प्रोजेक्ट बनाने किसी संस्था को अपने कागज देता है या दस्तावेज देता है तो किरायेदारों पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी आदेश अनुसार संत रविदास मंदिर समिति जिंसी अहिरवार समाज जहांगीराबाद भोपाल

**अध्यक्ष**
**श्री संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर समिति, भोपाल**

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**

प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)
(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14) अपील क्रमांक MA/283/2011
Process Id: 167440/2025
KU AMREEN @ SAYKA ........... अपीलार्थी
SHEKH RIYAZ ............... प्रत्यर्थी
सन् 2009 के MACC क्रमांक 130 सन् 2009 में न्यायालय Member, MACT SHRI RAJEEV KARMAHE, Bhopal (Madhya Pradesh) की डिक्री/आदेश, दिनांक 29-10-2010 के विरुद्ध अपील।

प्रति, Shekh Riyaz S/o Shekh Nawab, Q No 3 N.r. Lily Talkies Bhopal, District-Bhopal, Madhya Pradesh

प्रत्यर्थी अपील की सुनवाई का दिनांक : कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 25-09-2025 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक : कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 25-09-2025 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये कागज का विवरण (दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या) (1) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें) (2) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाय) (3) यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनाक 25-09-2025 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। आज दिनांक....... को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।

**प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**

प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)
(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14) अपील क्रमांक MA/283/2011
Process Id: 167441/2025
KU AMREEN @ SAYKA ........... अपीलार्थी
SHEKH RIYAZ ............... प्रत्यर्थी
सन् 2009 के MACC क्रमांक 130 सन् 2009 में न्यायालय Member, MACT SHRI RAJEEV KARMAHE, Bhopal (Madhya Pradesh) की डिक्री/आदेश, दिनांक 29-10-2010 के विरुद्ध अपील।

प्रति, Mohd. Zafar Khan S/o Shekh Moyin Uddin, Q.no.402, Shyam Nagar, Behind Arera Petrol Pump, Arera Colony, Bhopal, District-Bhopal, Madhya Pradesh

प्रत्यर्थी अपील की सुनवाई का दिनांक : कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 25-09-2025 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक : कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 25-09-2025 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये कागज का विवरण (दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या) (1) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें) (2) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाय) (3) यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनाक 25-09-2025 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। आज दिनांक....... को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।

**प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

**हरिभूमि क्लासीफाइड**
संपर्क सूत्र : 9407279644

**हरिभूमि भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**वैवाहिकी**
**वर चाहिए**
BRIDE WANTED
SHRIVASTAVA BOY SEEKING MATCH
AGE 42 H.5'9"
OWN BUSINESS At Baroda (Gujarat)
INCOME 24 LAKH P.A.
NONMANGLIK
VEGETARIAN
CONTACT
9726079753

**आवश्यकता**

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457
R-03-09-2025

सफाई कर्मचारी नियुक्तिः चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाड़ू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू. 10,000/- खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी संपर्क न करें- मो. 7225888800
R- 29-09-2025 to 01-sep-25

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
– व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**धनु:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 5974



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -5973 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5984

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5983 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

# चार्ट देखकर भी बताया जा सकता है बाजार का हाल

■ स्टॉक मार्केट में कैंडल का विज्ञान भी दे सकता है बड़ा ज्ञान ■ कैंडलस्टिक चार्ट तकनीकी विश्लेषण का अहम सबसे हिस्सा ■ खरीदार और विक्रेता की मनोवैज्ञानिक लड़ाई का होता है खुलासा ■ कीमतों पर कैसे असर डालती है, चार्ट से ही भविष्यवाणी संभव

बिजनेस डेस्क

स्टॉक मार्केट में कैंडलस्टिक चार्ट तकनीकी विश्लेषण का अहम हिस्सा होता है। यह बताता है कि खरीदार और विक्रेता की मनोवैज्ञानिक लड़ाई कीमतों पर कैसे असर डालती है। इससे बाजार की भविष्यवाणी की जा सकती है और निवेशकों को भी प्लानिंग बनाने में मदद मिलती है। स्टॉक मार्केट में कैंडलस्टिक चार्ट एक खास तरीका है, जिससे निवेशक और ट्रेडर यह समझने की कोशिश करते हैं कि शेयर की कीमत आगे किस दिशा में जाएगी। यह चार्ट हमें एक समय में शेयर के खुलने (ओपन), बंद होने (क्लोज), सबसे ऊपर (हाई) और सबसे नीचे (लो) जाने वाली कीमत दिखाता है। हर एक कैंडल बताता है कि उस समय कितनी तेजी या कमजोरी थी. लेकिन क्या सिर्फ ये कैंडल देखकर पता चल जाता है कि शेयर के साथ आगे क्या होगा? इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं कि कैंडलस्टिक चार्ट से क्या प्रभाव पड़ता है और इससे खरीदार और विक्रेता पर क्या असर होता है।

### क्या है कैंडलस्टिक चार्ट

स्टॉक मार्केट में कैंडलस्टिक चार्ट उस समयावधि में किसी शेयर या एसेट के ओपनिंग, क्लोजिंग, हाई और लो प्राइस को दिखाता है। हर 'कैंडल' एक समय की कहानी कहती है। हरे या सफेद कैंडल का मतलब है कि कीमत बढ़ी, जबकि लाल या काले कैंडल का मतलब कीमत गिरी। कैंडल का मोटा हिस्सा बॉडी कहलाता है, जो ओपनिंग और क्लोजिंग प्राइस का फर्क बताता है, जबकि पतली लाइनें (विक्स/शैडो) दिन के हाई और लो प्राइस को दिखाती हैं।

### कैंडल का इतिहास और विज्ञान

कैंडलस्टिक चार्ट की शुरुआत 18वीं सदी में जापान में हुई थी। वहां चावल व्यापारी इसे इस्तेमाल कर मार्केट का मूड समझते थे। दरअसल, कैंडल का विज्ञान मांग और आपूर्ति की मनोविज्ञान पर आधारित है। खरीदार (बुल्स) और विक्रेता (बेयर्स) की खींचतान चार्ट पर पैटर्न के रूप में दिखती है। यही पैटर्न बार-बार दोहराने पर एक तरह का संकेत बनाते हैं, जो आने वाले रुझान (ट्रेंड) का अंदाजा देने में मदद करता है।

### आम कैंडलस्टिक पैटर्न्स

कैंडल पैटर्न कई तरह के होते हैं, लेकिन कुछ खास पैटर्न सबसे ज्यादा उपयोगी माने जाते हैं। इनमें हैमर - डाउनट्रेंड के बाद बनता है और बताता है कि अब मार्केट ऊपर जा सकता है। वहीं, हैंगिंग मैन अपट्रेंड के टॉप पर बनता है और बेचने का संकेत देता है। इसके अलावा शूटिंग स्टार ऊपर जाते हुए मार्केट में बनता है और गिरावट का अलर्ट देता है। बेयरिश एंगल्फिंग छोटी हरी कैंडल को बड़ी लाल कैंडल ढक लेती है, इसका मतलब है कि बिकवाली हावी है। वहीं, राइजिंग/फॉलिंग थ्री यह पैटर्न बताता है कि चल रहा ट्रेंड और कुछ समय जारी रहेगा।

### कैंडल सच में भविष्य बता सकती है?

कई रिसर्च और ट्रेडिंग स्टडीज में पाया गया है कि कैंडलस्टिक पैटर्न्स की सटीकता 100% सही तो नहीं, लेकिन कुछ हद तक सही हो सकती है। यानी यह निश्चित भविष्यवाणी नहीं करते, लेकिन प्रॉबेबिलिटी (संभावना) दिखाते हैं। हालांकि, यह तब ज्यादा असरदार होते हैं जब मार्केट ट्रेंडिंग या वोलैटाइल हो।

### मार्केट कॉन्टेक्स्ट की अहमियत

कैंडल अकेले ही भविष्यवाणी का पूरा आधार नहीं हो सकता। अगर मार्केट साइडवेज़ या बहुत शांत है, तो पैटर्न्स गलत सिग्नल भी दे सकते हैं। इसलिए प्रोफेशनल ट्रेडर्स कैंडल्स को वॉल्यूम, मूविंग एवरेज, सपोर्ट-रेसिस्टेंस लेवल और अन्य टेक्निकल इंडिकेटर्स के साथ मिलाकर देखते हैं। इससे गलतियों का खतरा कम होता है।

### सीमाएं और सावधानियां

कैंडलस्टिक एनालिसिस के बावजूद कुछ सीमाएं हमेशा रहेंगी। जैसे- यह सिर्फ संभावनाएं बताता है, गारंटी नहीं देता। मैक्रो फैक्टर्स, कंपनी न्यूज और ग्लोबल घटनाएं कभी भी पैटर्न्स को तोड़ सकती हैं। यह ज्यादा शॉर्ट-टर्म फोकस्ड है, लॉन्ग-टर्म निवेशक के लिए उतना उपयोगी नहीं। मशीन लर्निंग मॉडल ओवरफिटिंग का शिकार हो सकते हैं, यानी गलत सिग्नल भी दे सकते हैं।

# लार्ज एंड मिडकैप फंड्स भी बना सकते हैं आर्थिक रूप से चैंपियन

लार्ज एंड मिडकैप फंड्स भी बना सकते हैं आर्थिक रूप से चैंपियन | एसबीआई, निप्पोन, आईसीआईसीआई और एचडीएफसी की स्कीम्स में कड़ा मुकाबला | 20 साल के रिटर्न में एसबीआई एमएफ नंबर वन निप्पॉन, एचडीएफसी व टाटा के फंड भी टॉप 5 में

बिजनेस डेस्क

लार्ज एंड मिड कैप फंड्स कैटेगरी में 25 साल से भी पुरानी स्कीम्स के बीच ऊंचा रिटर्न देने के मामले में कड़ा मुकाबला रहा है। कैटेगरी की सबसे पुरानी स्कीम्स की इस होड़ में एसबीआई, निप्पॉन इंडिया, टाटा, आईसीआईसीआई प्रू और एचडीएफसी म्यूचुअल फंड जैसे दिग्गज फंड हाउस की स्कीमें शामिल हैं, जो निवेशकों को ऊंचा रिटर्न देती रही हैं। 20 साल के रिटर्न में एसबीआई म्यूचुअल फंड की स्कीम सबसे आगे है, तो 30 साल के रिटर्न में निप्पॉन इंडिया की स्कीम ने कमाल दिखाया है। दरअसल, इस कैटेगरी की सबसे पुरानी टॉप 5 स्कीम्स को लॉन्च हुए 27 साल से लेकर 32 साल तक हो चुके हैं। इनमें सबसे पुरानी स्कीम टाटा लार्ज एंड मिड कैप फंड है, जिसे लॉन्च हुए 32 साल से भी ज्यादा हो चुके हैं। इस फंड ने इस दौरान 1 लाख रुपये के निवेश को 1.3 करोड़ रुपये में तब्दील करके दिखाया है। वहीं, निप्पॉन इंडिया विजन लार्ज एंड मिड कैप फंड ने करीब 30 साल में निवेशकों के 1 लाख रुपये को 1.45 करोड़ रुपये में बदलकर लॉन्च से अब तक सबसे ज्यादा रिटर्न दिया है। इनके अलावा एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड और टाटा म्यूचुअल फंड की स्कीम्स भी बेस्ट 5 में शामिल हैं।

**5 सबसे पुराने लार्ज एंड मिड कैप फंड्स का ट्रैक रिकॉर्ड :** सबसे पुराने लार्ज एंड मिड कैप फंड्स के लॉन्च से अब तक के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ ही हमने टॉप 5 स्कीम के पिछले 20 साल के रिटर्न के आंकड़े भी दिए हैं और इन्हें इसी हिसाब से अरेंज भी किया है, ताकि इनकी आपस में तुलना करना आसान हो जाए। 20 साल के इन आंकड़ों में एसबीआई म्यूचुअल फंड का लार्ज एंड मिड कैप फंड सबसे आगे है, जिसने इतने समय में निवेशकों की दौलत को 20 गुना कर दिया है।



### एसबीआई लार्ज एंड मिड कैप फंड - रेगुलर प्लान

- फंड उम्र : 32 साल से ज्यादा
- लॉन्च की तारीख : 28 फरवरी 1993, एक्सपेंस रेशियो (रेगुलर प्लान) : 1.58%
- लॉन्च से 31 जुलाई 2025 तक सालाना रिटर्न (सीएजीआर): 14.98%
- लॉन्च के वक्त 1 लाख रुपये के निवेश की मौजूदा फंड वैल्यू : 92,73,050 (92.73 लाख)
- पिछले 20 साल का एवरेज सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 16.35%
- 1 लाख रुपये के निवेश की 20 साल में फंड वैल्यू : 20,66,939.44 (20.67 लाख)
- एसेट अंडर मैनेजमेंट : 33,361.81 करोड़ रुपये (31 जुलाई 2025 को)

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज एंड मिड कैप फंड-रेगुलर प्लान

- फंड की उम्र : 27 साल से ज्यादा
- लॉन्च की तारीख : 9 जुलाई 1998, एक्सपेंस रेशियो (रेगुलर प्लान) : 1.65%
- लॉन्च से 31 जुलाई 2025 तक सालाना रिटर्न (सीएजीआर): 18.46%
- लॉन्च के वक्त 1 लाख रुपये के निवेश की मौजूदा फंड वैल्यू : 98,25,500 रुपये
- पिछले 20 साल का एवरेज सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 15.63%
- 1 लाख रुपये के निवेश की 20 साल में फंड वैल्यू : 18,25,620.54 (18.26 लाख) रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 23,137.39 करोड़ रुपये (31 जुलाई 2025 को)

### टाटा लार्ज एंड मिड कैप फंड - रेगुलर प्लान

- फंड की उम्र : 32 साल से ज्यादा
- लॉन्च की तारीख : 25 फरवरी 1993, एक्सपेंस रेशियो (रेगुलर प्लान) : 1.74%
- लॉन्च से 31 जुलाई 2025 तक सालाना रिटर्न (सीएजीआर): 16.42%
- लॉन्च के वक्त 1 लाख रुपये के निवेश की मौजूदा फंड वैल्यू : 1,29,68,299.69 (1.3 करोड़)
- पिछले 20 साल का एवरेज सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 14.25%
- 1 लाख रुपये के निवेश की 20 साल में फंड वैल्यू : 14,35,899.93 (14.36 लाख) रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 8773 करोड़ रुपये (31 जुलाई 2025 को)

### निप्पॉन इंडिया विजन लार्ज एंड मिड कैप फंड - रेगुलर प्लान

- फंड की उम्र : करीब 30 साल
- लॉन्च की तारीख : 8 अक्टूबर 1995, एक्सपेंस रेशियो (रेगुलर प्लान) : 1.92%
- लॉन्च से 31 जुलाई 2025 तक सालाना रिटर्न (सीएजीआर): 18.16%
- लॉन्च के वक्त 1 लाख रुपये के निवेश की मौजूदा फंड वैल्यू : 1,45,20,120 (1.45 करोड़)
- पिछले 20 साल का एवरेज सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 14.13%
- 1 लाख रुपये के निवेश की 20 साल में फंड वैल्यू : 14,06,035.69 (14.06 लाख)
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 6,173.85 करोड़ रुपये (31 जुलाई 2025 को)

### लार्ज एंड मिड कैप फंड क्यों खास

लार्जकैप एंड मिडकैप म्यूचुअल फंड के पोर्टफोलियो में लार्ज कैप कंपनियों के साथ ही साथ मिडकैप कंपनियों के स्टॉक्स भी शामिल होते हैं। सेबी के नियमों के तहत इनमें कम से कम 35% स्टॉक्स लार्ज कैप कंपनियों के और इतने ही शेयर मिड कैप कंपनियों के होने चाहिए। लार्जकैप स्टॉक्स में बाजार के उतार चढ़ाव के दौरान ज्यादा स्टेबल रिटर्न देने की क्षमता होती है। इन्हें मिड कैप और स्मॉल कैप के मुकाबले कम रिस्की माना जाता है। वहीं, मिडकैप स्टॉक्स बाजार की रैली में हाई रिटर्न दे सकते हैं। लार्ज एंड मिडकैप फंड के पोर्टफोलियों में शामिल स्टॉक्स मार्केट कैप के लिहाज से बाजार की टॉप 250 कंपनियों में से चुने जाते हैं। इनमें टॉप 100 कंपनियां लार्जकैप में आती हैं, जबकि अगली 150 कंपनियां मिडकैप में आती हैं। अपनी खास निवेश रणनीति के कारण लार्जकैप एंड मिडकैप फंड, एक ही स्कीम में दोनों तरह के स्टॉक्स में निवेश का फायदा देने की क्षमता रखते हैं।

### कौन कर सकता है इनमें निवेश

जो निवेशक इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में पैसे लगाकर हाई रिटर्न पाना चाहते हैं, उनके लिए लार्ज एंड मिड कैप कैटेगरी की ये पुरानी और आजमाई हुई स्कीम्स अच्छा ऑप्शन हो सकती हैं, लेकिन निवेश के बारे में फैसला करने से पहले इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि इक्विटी म्यूचुअल फंड के साथ मार्केट रिस्क जुड़ा रहता है और पिछले रिटर्न के भविष्य में जारी रहने की गारंटी नहीं होती।





# डाक विभाग अब बेचेगा म्यूचुअल फंड

## लोग पोस्ट ऑफिस के जरिए कर सकेंगे निवेश, ग्रामीण क्षेत्रों को होगा बड़ा फायदा

तैयारी
बिजनेस डेस्क

भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी पहल की जा रही है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) इंडिया पोस्ट के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसका लक्ष्य है कि लगभग एक लाख पोस्टमैन को म्यूचुअल फंड वितरक के रूप में प्रशिक्षित किया जाए। इससे निवेशकों की संख्या को दोगुना करने में मदद मिलेगी। वहीं, दूसरी ओर डाक विभाग और एएमएफआई ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब पोस्ट ऑफिस के जरिए म्यूचुअल फंड भी बेचे जाएंगे। इससे ज़्यादा से ज्यादा लोगों तक वित्तीय सेवाएं पहुंच सकेंगी। इसके लिए डाक विभाग और एएमएफआई के बीच एक समझौता हुआ है। यह समझौता 22 अगस्त 2025 से शुरू होकर 21 अगस्त 2028 तक तीन साल के लिए है। इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। इस समझौते के बाद, इंडिया पोस्ट म्यूचुअल फंड में निवेश करने में लोगों की मदद करेगा। खासकर, इसका फायदा गांवों और छोटे शहरों में रहने वाले लोगों को मिलेगा।

**म्यूचुअल फंड में निवेश का फायदा अब गांव में भी मिलेगा**
इसके लिए एक लाख पोस्टमैन को ट्रेनिंग दी जाएगी

### क्या है समझौते का मकसद?

संचार मंत्रालय के अनुसार, इस पहल का मकसद म्यूचुअल फंड को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है। पोस्ट ऑफिस पर लोगों का भरोसा है और इसकी पहुंच भी देश के कोने-कोने तक है। इस समझौते के तहत, डाक विभाग के कर्मचारी म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के तौर पर काम करेंगे।

# पैसा कमाने के लिए खास हैं 444 दिन, एसबीआई समेत कई बैंक दे रहे एफडी पर जबरदस्त ब्याज

अगर आप भी सुरक्षित निवेश करना चाहते हैं तो बैंक एफडी आपके लिए बेहतर ऑप्शन है। इसमें ब्याज भले की कम मिले, लेकिन आपकी पैसा सुरक्षित रहता है। रेपो रेट में कमी होने के बाद भी कई बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर जबरदस्त रिटर्न दे रहे हैं। वहीं बैंक कुछ खास समय के लिए भी एफडी स्कीम लेकर आए हैं। इनमें 444 दिन की स्पेशल एफडी भी शामिल है। एसबीआई, केनरा और इंडियन बैंक समेत कई बैंक 444 दिन की स्पेशल एफडी पर आम नागरिकों, सीनियर सिटीजन और सुपर सीनियर सिटीजन को अच्छा ब्याज दे रहे हैं।

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

एसबीआई की 444 दिन की स्पेशल एफडी का नाम 'अमृत वृष्टि' है। यह बैंक आम लोगों को 6.60% ब्याज दे रहा है। सीनियर सिटीजन को 7.10% और सुपर सीनियर सिटीजन को 7.20% ब्याज मिलेगा। अगर आप एसबीआई की अमृत वृष्टि एफडी में 1 लाख रुपये लगाते हैं, तो आपको करीब 1,08,288 रुपये मिलेंगे। इसमें ब्याज के रूप में 8,288 रुपये मिलेंगे।



### इंडियन बैंक

इंडियन बैंक अपनी 444 दिन की स्पेशल एफडी स्कीम (इंड सिक्योर प्रोडक्ट) पर आम नागरिकों को 6.70% ब्याज दे रहा है। सीनियर सिटीजन को 7.20% और सुपर सीनियर सिटीजन को 7.45% ब्याज मिलेगा। इंड सिक्योर प्रोडक्ट एफडी में 1 लाख रुपये लगाने पर आपको लगभग 1,08,418.26 रुपये मिलेंगे। इसमें ब्याज के रूप में 8,418.26 रुपये मिलेंगे।

### बैंक ऑफ बड़ौदा


बैंक ऑफ बड़ौदा की बीओबी स्क्वायर ड्राइव डिपॉजिट स्कीम (444 दिन) में 6.60% ब्याज मिल रहा है। सीनियर सिटीजन को 7.10% और सुपर सीनियर सिटीजन को 7.20% ब्याज मिलेगा। आप बीओबी स्क्वायर ड्राइव डिपॉजिट स्कीम में 1 लाख लगाते हैं, तो लगभग 1,08,288.61 मिलेंगे।

## एनपीएस के 7 इक्विटी प्लान्स 5 साल या उससे ज्यादा पुराने

# एनपीएस के कुछ खास इक्विटी प्लान ने 5 साल में 20% तक दिया एनुअल रिटर्न, पांच साल में लंपसम और एसआईपी दोनों पर ही अच्छा रिटर्न दिया

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) की टियर 1 स्कीम में निवेश करने वालों के पैसे जिन इक्विटी प्लान्स में लगाए जाते हैं, उनमें से 7 को शुरू हुए 5 साल या उससे ज्यादा समय हो चुका है। इन सभी इक्विटी प्लान्स ने पिछले 5 साल में अपने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिए हैं। इनमें से टॉप 5 फंड्स का 5 साल का एनुअल रिटर्न करीब 19 फीसदी से 20 फीसदी तक रहा है। इस हिसाब से 1 लाख रुपये के एकमुश्त निवेश की मौजूदा फंड वैल्यू करीब 2.5 लाख रुपये तक होगी। 5 साल पूरे करने वाले बाकी 2 इक्विटी फंड्स का प्रदर्शन भी आकर्षक है। एनपीएस सरकार द्वारा प्रमोट की गई एक बाजार आधारित पेंशन स्कीम है, जिसका मकसद निवेशकों को रिटायरमेंट के बाद रेगुलर इनकम और आर्थिक सुरक्षा मुहैया कराना है। 5 साल पूरा करने वाले एनपीएस के सभी इक्विटी प्लान्स ने सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये निवेश करने वालों को भी मिनिमम 13.52% से लेकर मैक्सिमम 16.53% तक एन्युलाइज्ड रिटर्न दिए हैं। जिन्हें काफी आकर्षक कहा जा सकता है।



इनमें हर महीने 5000 रुपये एसआईपी करने वाले निवेशकों की मौजूदा फंड वैल्यू 4.20 लाख रुपये से लेकर 4.5 लाख रुपये तक रही है. जबकि 5 साल में उनका कुल एसआईपी इनवेस्टमेंट 3 लाख रुपये रहा होगा।

### यूटीआई पेंशन फंड

- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 5 साल का एनुअल रिटर्न (सीएजीआर) : 20.07%
- मंथली एसआईपी पर पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 16.37 %
- 5000 रुपये मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 450,425 रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 4677 करोड़

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल पेंशन फंड

- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 5 साल का एनुअल रिटर्न (सीएजीआर) : 19.90%
- मंथली एसआईपी पर पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 15.93 %
- 5000 रुपये मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 445,620 रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 21,864 करोड़ रुपये

### कोटक पेंशन फंड

- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 5 साल का एनुअल रिटर्न (सीएजीआर) : 19.89%
- मंथली एसआईपी पर पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 16.53 %
- 5000 रुपये मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 452,340 रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 3220 करोड़ रुपये

### एलआईसी पेंशन फंड

- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 5 साल का एनुअल रिटर्न (सीएजीआर) : 19.40%
- मंथली एसआईपी पर पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 15.06%
- 5,000 रुपये मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 436,310 रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 6,830 करोड़ रुपये

### एचडीएफसी पेंशन फंड

- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 5 साल का एनुअल रिटर्न (सीएजीआर) : 18.97%
- मंथली एसआईपी पर पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 15.16 %
- 5000 रुपये मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 437,310 रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 60,643 करोड़ रुपये

### आदित्य बिरला सन लाइफ पेंशन स्कीम

- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 5 साल का एनुअल रिटर्न (सीएजीआर) : 17.75%
- मंथली एसआईपी पर पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 14.31%
- 5000 रुपये मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 428,355 रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 1790 करोड़

### एसबीआई पेंशन फंड

- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 5 साल का एनुअल रिटर्न (सीएजीआर) : 17.58%
- मंथली एसआईपी पर पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 13.52%
- 5,000 रुपये मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 420,080 रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 23,352 करोड़

### एनपीएस के बारे में जरूरी जानकारी

एनपीएस एक मार्केट-लिंक्ड स्कीम है। इसमें पेंशन की रकम निवेशक द्वारा किए गए इनवेस्टमेंट और उस पर मिलने वाले बाजार आधारित रिटर्न पर निर्भर करती है। एनपीएस के टियर 1 में एक साल के दौरान 2 लाख रुपये तक के निवेश पर इनकम टैक्स में छूट भी मिलती है। निवेशकों को रिटायरमेंट के समय अपने कॉर्पस में जमा 60% रकम को एकमुश्त निकालने का ऑप्शन मिलता है।


**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा – दिनांकः 20.08.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है **निविदा सूचना क्रमांक– सी.पी.एम–जी.एस.यू.–जबल–06–2025 दिनांकः 20.08.2025, कार्य का नाम लाकेशन सहित** – पश्चिम मध्य रेलवे में सी ए ओ (सी)/आर एस पी (CAO/C/RSP) कार्यालय एवं उससे संबंध कार्यालयों के लिए सामान्य परामर्शदाता (General Consultant) **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 23,43,04,104.96, **बयाना राशि रू.–** 13,21,500/–, **समापन अवधि–** 36 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक–** 07.10.2025, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि –** 07.10.2025, उपरोक्त ई–निविदा के संपूर्ण जानकारी वेबबसाईट https://www.ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता)
उप मुख्य अभियंता
गति शक्ति यूनिट, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)**

क्रमांक / 138/ स्व.भा.मि. / 2025 — देवास, दिनांक 26/08/2025

// तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेन्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_447277_1 26/08/2025 | स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत 01 नग मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन क्रय करने एवं तीन माह के संचालन एवं संधारण करने हेतु ऑनलाईन ई–निविदा प्रपत्र। | 01 माह 40,00,000/– | 1,20,000/– 5,000/– | 16/09/2025 06:00 PM |

नोट :– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

उपायुक्त
नगर पालिका निगम
देवास (म.प्र.)

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(A Govt. of M. P. Undertaking)
Office of Dy. General Manager (City) Division-Kolar
B.D.A. Colony, 33/11 KVA, S/s Salaiya, Bhopal, E-mail : kolardivmpcz@gmail.com

No. : 1821 — Kolar, Dated : 28.08.2025

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations :

| Name of Unit/Office | Particulars | Tender Fees | Due date of submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| HTM Sub. Division Kolar Road (use for Transformer Maintenance Team) under City Division Kolar | Type-D, Mini Truck TATA-407 (3 Metric Ton) | 500/- | 04.09.2025 up to 1:30 PM | 04.09.2025 at 3:30 PM |

Other details, terms and conditions are available on Company website **: https://portal.mpcz.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/121801/2025 — MDGM (CITY)

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भोपाल मण्डल भोपाल पुराना सचिवालय भोपाल**

दूरभाष () 0755-2738774, E-Mail_ID-seresbhopal@mp.gov.in

निविदा विज्ञप्ति क्र.: 10/2025-26

क्रमांक 1876 — दिनांक :- 28/08/25

मण्डल अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।. उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | कार्यालय का नाम | सिस्टम टेण्डर नम्बर | आमंत्रण का क्रम | कार्य का नाम | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | विकास भवन भोपाल | 2025_RES_447824_1 | द्वितीय | विकास आयुक्त कार्यालय विकास भवन सहं-ई गवर्नेस सेंटर अरेरा हिल्स म.प्र. भोपाल में लगने वाले लेखन सामग्री, साफ-सफाई सामग्री एवं कम्प्यूटर मरम्मत / कॉटरेज सामग्री कार्य की निविंदा | 50,000/- |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट), वेबसाईटः https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय प्रारंभ करने की तिथि 04.09.2025 समय 18:00 बजे है। निविदा (बिड) प्रपत्र प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक 24.09.2025 समय 18.00 बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेब साईट पर देखी जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाएँ केवल वेबसाइट पर दी जावेगी। पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
भोपाल मण्डल भोपाल

जी - 17983/25 — स्वच्छता ही सेवा

**भारत ने अमेरिकन टैरिफ की धौंस के समक्ष झुकने से स्पष्ट इनकार कर दिया है। यही कारण है कि अमेरिकी वित्तमंत्री के स्वर भारत के प्रति बदलने लगे हैं। शुरुआत में भारत ने टैरिफ पर नरम रुख अपनाया था। यही कारण रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के खिलाफ एक भी सख्त शब्द का इस्तेमाल नहीं किया है। टैरिफ के मसले को सुलझाने और इसका समुचित निदान निकालने की खातिर भारत की तरफ से अमेरिका के साथ कूटनीतिक और व्यापारिक वार्ताओं के तमाम रास्ते बाकायदा खुले रखे गए। टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका द्वारा कुतर्क पेश किया गया कि भारत बड़ी मात्रा में तेल खरीदकर यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध में रूस की आर्थिक मदद कर रहा है। ट्रंप के इस बेबुनियाद आरोप के उत्तर में भारत ने कहा कि रूस से तेल की खरीदारी तो चीन और यूरोप ज्यादा कर रहे हैं। अमेरिका स्वयं ही रूस से यूरेनियम तथा कुछ अन्य खनिज पदार्थ खरीदता रहा है। फिर आखिर क्यों दोहरा मानदंड अपनाया जा रहा है, लेकिन अमेरिका अपने आरोप पर अड़ा रहा और भारत पर 50 फीसदी टैरिफ थोप दिया। अब जबकि भारत ने इससे निपटने की तैयारी कर ली है तो इसे विश्व बिरादरी में अमेरिका को झटके के रूप में देखा जा रहा है। भारत के इसी जवाब का विश्लेषण करता है आजकल का यह विशेष अंक...**

# टैरिफ का माकूल जवाब देगा भारत



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

**प्रारम्भ में अमेरिकी प्रशासन ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, किंतु बाद में रूस से तेल खरीदारी जारी रखने के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ और थोप दिया। भारत और अमेरिका के मध्य उत्पन्न समस्त व्यापारिक और कूटनीतिक कटुताओं के बीच दुनिया के दो महान लोकतांत्रिक राष्ट्रों भारत और अमेरिका के मध्य परस्पर व्यापारिक समझौते की उम्मीद अभी तक बरकरार है। भारत यकीनन अमेरिका से अपने ताल्लुकात कदाचित खराब करना नहीं चाहता है। अमेरिका के साथ भारत के तनाव के दौर में शंघाई सहयोग संगठन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिरकत का कूटनीतिक महत्व कुछ अधिक बढ़ गया है।**

आखिरकार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ आयद कर ही दिया गया। उल्लेखनीय है कि प्रारम्भ में अमेरिकी प्रशासन ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ आयद किया था, किंतु बाद में रूस से तेल खरीदारी जारी रखने के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ और थोप दिया गया। भारत और अमेरिका के मध्य उत्पन्न समस्त व्यापारिक और कूटनीतिक कटुताओं के बीच दुनिया के दो महान लोकतांत्रिक राष्ट्रों भारत और अमेरिका के मध्य परस्पर व्यापारिक समझौते की उम्मीद अभी तक बरकरार है। जिस दिन 27 अगस्त को प्रातः साढ़े नौ बजे भारत पर अमेरिकन टैरिफ बाकायदा अंजाम दे दिया गया, उसी दिन अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट का एक बयान सामने आया, जिसमें उन्होने फरमाया कि अमेरिका और भारत के परस्पर ताल्लुकात भले ही आजकल अत्यंत जटिल और तनावपूर्ण हालात में पहुंच गए हैं, किंतु निकट भविष्य में दोनों देशों के मध्य व्यापार समझौते की गुंजाइश निरंतर कायम बनी हुई है। स्कॉट बेसेंट भारत के विरुद्ध पचास प्रतिशत यहां तक कि सौ प्रतिशत टैरिफ आयद करने के प्रबल हिमायती रहे हैं। अमेरिका के वित्तमंत्री द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध को विस्मयकारी तौर पर प्रधानमंत्री मोदी का युद्ध करार दे दिया गया है।

समस्त विश्व बखूबी जानता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस की धरती पर खड़े होकर और राष्ट्रपति पुतिन के समक्ष तकरीर की थी और उस तक़रीर में मोदी ने फरमाया था कि आज का दौर युद्ध का दौर कदाचित नहीं है, वरन् यह दौर तो शांति, स्थिरता और तरक्की का दौर है।

## अमेरिकी वित्तमंत्री के परिवर्तित स्वर

अब क्योंकि भारत सरकार ने अमेरिकन टैरिफ की नाजायज धौंस और दबाव के समक्ष झुकने से एकदम स्पष्ट इनकार कर दिया है और टैरिफ के जटिल प्रश्न पर अमेरिका के विरुद्ध सख्त रुख अख्तियार कर लिया है तो फिर अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट के स्वर भारत के प्रति परिवर्तित होने लगे हैं। प्रारम्भ में भारत ने टैरिफ प्रकरण पर अपेक्षाकृत नरम अंदाज अपनाया था। ट्रंप द्वारा अंजाम दिए जा रहे भारत विरोधी टैरिफ आक्रमण के बावजूद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के बरखिलाफ एक भी सख्त अल्फाज का इस्तेमाल नहीं किया है। भारत के भरोसेमंद कूटनीतिक सूत्रों के मुताबिक टैरिफ के मसले को सुलझाने और इसका समुचित निदान निकालने की खातिर भारत की तरफ से अमेरिका के साथ कूटनीतिक और व्यापारिक वार्ताओं के तमाम रास्ते बाकायदा खुले रखे गए हैं। भारत पर टैरिफ आयद करने के लिए अमेरिका द्वारा प्रायः कुतर्क पेश किया गया कि भारत द्वारा रूस से बहुत बड़ी मात्रा में तेल खरीद कर, भारत वस्तुतः यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध संचालित करने में रूस की आर्थिक




इमदाद कर रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बेबुनियाद इल्जाम के प्रतिउत्तर में भारत ने कहा कि भारत से कहीं अधिक रूस से तेल की खरीदारी तो चीन और यूरोप के देश कर रहें हैं और अमेरिका स्वयं ही रूस से यूरेनियम तथा कुछ अन्य खनिज पदार्थ खरीदता रहा है। फिर आखिर क्यों अन्यायपूर्ण तौर पर दोहरा मानदंड अख्तियार करके अमेरिका द्वारा भारत के विरुद्ध ही टैरिफ आक्रमण अंजाम दिया जा रहा है।

## भारत ने की व्यापार वार्ता स्थगित

भारत और अमेरिका के मध्य विगत महीनों से जारी रही व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने की खातिर 25 अगस्त को अमेरिकन वार्ताकारों के एक दल का भारत आगमन निश्चित हुआ था। किंतु 6 अगस्त को राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ आयद करने के ऐलान के बाद भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को भारत द्वारा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। फरवरी 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे में भारतीय प्रधानमंत्री और अमेरिका राष्ट्रपति ने संयुक्त बयान में कहा था कि दोनों देशों द्वारा व्यापार समझौते पर इस वर्ष के अंत तक हस्ताक्षर कर दिए जाएंगे। व्यापार वार्ता के दौरान अमेरिकन प्रशासन चाहता था कि अमेरिका के एग्रीकल्चर, डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए और मिड साइज कारों के लिए भारत को अपना बाजार अमेरिका के लिए खोल देना चाहिए। व्यापार समझौता वार्ता में अमेरिका की इस पेशकश को स्वीकार करने के लिए भारत कदाचित तैयार नहीं हुआ। भारतीय प्रधानमंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि भारत सरकार अपने किसानों के हितों की हिफाजत हर कीमत पर करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत विरोधी टैरिफ वार का जबरदस्त विरोध अमेरिका की सरजमीन पर ही होने लगा है। अमेरिकी हुकूमत में सत्तासीन रिपब्लिकन पार्टी की वरिष्ठ लीडर निकी हैली ने निरंतर बिगड़ते हुए भारत अमेरिकी संबंधों पर अपनी गहन चिंता का इजहार किया है।

## राष्ट्रपति ट्रंप की कड़ी आलोचना

निकी हैली ने कहा है कि अमेरिकी प्रशासन को यह बात समझ लेनी चाहिए कि चीन का मुकाबला करने के लिए भारत जैसे मित्र की अमेरिका को अत्यंत आवश्यकता है। उल्लेखनीय है निकी हेली राष्ट्रपति ट्रंप की कटु आलोचक रही हैं। सन् 2021 में कैपिटल हिल में अंजाम दी गई हिंसात्मक वारदातों को लेकर उन्होंने सार्वजनिक तौर पर डोनाल्ड ट्रंप की तीखी आलोचना की थी और कहा था कि हमें यह बात तस्लीम करनी चाहिए कि ट्रंप ने अमेरिका को सारी दुनिया में शर्मिंदा किया है। सन् 2024 में निकी हेली रिपब्लिकन पार्टी में राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी की दावेदार थी, किंतु अपनी स्थिति को कमजोर भांपकर उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन कर दिया था। पांच दफा सीनेटर रहे अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने भी फरमाया है कि राष्ट्रपति ट्रंप की नकारात्मक नीतियों के कारण अमेरिका के निकट सहयोगी देश उससे दूर होते जा रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे जॉन बोल्टन द्वारा भारत पर टैरिफ लगाए जाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की कड़ी आलोचना की गई। भारत के समर्थन और डोनाल्ड ट्रंप के विरोध करने का परिणाम जॉन बोल्टन को एफबीआई के हाथों भुगतना पड़ा है। अमेरिका में विदेश नीति के प्रमुख जानकार यह स्वीकार करते हैं कि अमेरिका और भारत के बीच बढ़ रही दूरियां वस्तुतः दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति की ओर इशारा कर रही हैं। प्रख्यात अमेरिकी अर्थशास्त्री रिचर्ड वुल्फ का कहना है कि अमेरिका भारत पर अत्याधिक टैरिफ आयद करके वस्तुतः अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहा है।

रिचर्ड वुल्फ आगे फरमाते हैं कि आखिरकार भारत दुनिया में अपने सामान के लिए बाजार खोज ही लेगा। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अंजाम दी जा रही भारत विरोधी टैरिफ वार यकीनन भारत और चीन को दोस्त तथा भारत और अमेरिका को शत्रु बना देगी। अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर आयद किए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के कारणवश भारत को फिलहाल तकरीबन 50 अरब डॉलर की आर्थिक क्षति झेलनी पड़ सकती है। अमेरिकी टैरिफ का सबसे अधिक नुकसान भारत में निर्मित वस्त्रों, चमड़े के सामान, हैंडी क्राफ्ट, झींगा आदि अनेक उद्योगों को झेलना पड़ सकता है। एक अनुमान के मुताबिक निकट भविष्य में भारतीय जीडीपी में सालाना लगभग 2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा सकती है। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी टैरिफ से अंजाम दी जाने वाली निर्यात क्षति को रोकने की खातिर भारत सरकार व्यापारिक और कूटनीतिक तौर पर विश्व के 40 से अधिक देशों के साथ निकट संपर्क स्थापित किए हुए हैं, ताकि अमेरिका को निर्यात घट जाने की स्थिति का समुचित तौर पर मुकाबला किया जा सके। इन देशों में खासतौर पर ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, सऊदी अरब, साउथ कोरिया, जापान, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, आयरलैंड आदि अनेक देश शामिल हैं। भारत द्वारा चिन्हित किए गए चालीस से अधिक देशों में तकरीबन 590 अरब डॉलर के वस्त्रों को आयात किया जाता हैं। इन समस्त देश में अभी तक कुल मिलाकर भारत से केवल 6 फ़ीसदी वस्त्रों का निर्यात होता है।

## विश्व पटल पर कूटनीतिक गतिविधियां तेज

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जारी टैरिफ वार के विकट दौर में विश्व पटल पर कूटनीतिक गतिविधियां भी बहुत तेज हो गई हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय जापान यात्रा पर गए हैं और इस यात्रा के बाद वह शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भाग लेने के लिए चीन जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जापान दौरे में उल्लेखनीय घटना हुई, जबकि जापान के व्यापार और वाणिज्य मंत्री मोइली मियाजावा जिन्हें कि अमेरिका यात्रा पर रवाना होना था, उन्होंने अपनी अमेरिका यात्रा स्थगित की और नरेंद्र मोदी के साथ व्यापार वार्ता करने के लिए जापान में ही रुक गए। सर्वविदित है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जापान का असीम योगदान रहा। इंडियन नेशनल आर्मी को खड़ा करने और उसको सैन्य सहयोग करने के लिए भारत सदैव ही जापान का शुक्रिया अदा करेगा। आजकल क्वाड रणनीतिक मोर्चे में भी भारत के साथ जापान शामिल है। भारत के साथ जापान का व्यापार तकरीबन 22 बीलियन डॉलर का है। जापान में भारतीय निर्यात की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक मंच साझा करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौन रहकर भी अमेरिका को सख्त पैगाम पेश करना चाहते हैं। समस्त यूरोप में अफवाह फैली हुई है कि चार दफा नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टेलीफोन कॉल लेने से इनकार कर दिया गया। इस अफवाह को जर्मनी और फ्रांस के अखबारों ने छाप भी दिया है। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। भारत यकीनन अमेरिका से अपने ताल्लुकात कदाचित खराब करना नहीं चाहता है। अतः राष्ट्रपति ट्रंप की टेलीफोन कॉल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कदापि अस्वीकार नहीं करेंगे। विगत 25 वर्षों की गहन और गंभीर कूटनीतिक और राजनीतिक सूझबूझ से अमेरिका-भारत संबंधों को ताकतवर बनाया जा सका है। राष्ट्रपति ट्रंप और अमेरिकी प्रशासन परस्पर संबंधों में कोई भी विध्वंस अंजाम दें, भारत अपनी तरफ से दोनो देशों के परस्पर ताल्लुकात को शक्तिशाली बनाने के प्रयास करता रहेगा। पं. नेहरु के काल से भारत की परम्परागत विदेश नीति नॉन एलाइन्मेंट की रही, किंतु आजकल मल्टी एलाइन्मेंट की विदेश नीति पर भारत अपना रणनीतिक और कूटनीतिक भरोसा जता रहा है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में राष्ट्रपति पुतिन के पधारने की भी पूरी उम्मीद है। वैसे तो शंघाई सहयोग संगठन का भारत एक प्रमुख सदस्य देश है, किंतु अमेरिका के साथ भारत के तनाव के दौर में शंघाई सहयोग संगठन में भारतीय प्रधानमंत्री की शिरकत का कूटनीतिक महत्व कुछ अधिक बढ़ गया है।

# ट्रंप को जवाब देती भारत की अर्थव्यवस्था



**आर्थिकी**

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

यकीनन इन दिनों पूरी दुनिया आश्चर्य के साथ देख रही है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ हथियार के डर से दुनिया के अधिकांश देश उसके सामने झुकते हुए अमेरिका की व्यापार शर्तों को मानते हुए दिखाई दे रहे हैं, तब भारत अमेरिका के साथ कारोबार समझौते के तहत अपने करोड़ों किसानों और मछुआरों के हितों के मद्देनजर अमेरिका के सामने बिना झुके अपनी शर्तों के साथ अडिग खड़े हुए हैं और तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था ट्रंप को जवाब दे रही है।

29 अगस्त को प्रकाशित वित्त वर्ष 2025-26 के तहत अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। एक साल पहले, अप्रैल-जून 2024 की तिमाही में यह आंकड़ा 6.5 फीसदी था। इसी परिप्रेक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। गौरतलब है कि ट्रंप के द्वारा 27 अगस्त से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से भारत से होने वाले निर्यात और भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव से निपटने के लिए रणनीतिक तैयारी का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। 29 अगस्त को वाणिज्य और उद्योगमंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार टैरिफ चुनौती के मद्देनजर कई उपायों की तैयारी कर रही है।

## निर्यातकों के सामने चुनौतियां

चूंकि ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तु निर्यात का करीब 55 फ़ीसदी यानी करीब 48 अरब का निर्यात प्रभावित हो सकता है। ऐसे में भारत के निर्यातकों के सामने कुछ चुनौतियां खड़ी होती हुई दिखाई दे रही हैं। इसमें भी कोई दो मत नहीं है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए ऊंचे शुल्क और वैश्विक अनिश्चितताओं का असर इस वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू निजी निवेश पर पड़ सकता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार करार नहीं होने की स्थिति में कुछ क्षेत्रों को कुछ प्रभाव के लिए तैयार रहना होगा, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम क्षेत्र को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि हाल ही में अमेरिकी ग्लोबल रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा कि अमेरिका के द्वारा भारत पर 50 फीसदी ऊंचे टैरिफ लगाने से भारत की आर्थिक तरक्की पर कोई खास असर नहीं होगा और भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ने की प्रवृत्ति बनाए रखेगी। भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' का नजरिया अभी भी सकारात्मक बना रहेगा। चूंकि भारत एक निर्यात-उन्मुख अर्थव्यवस्था नहीं है, ऐसे में भारत को टैरिफ संबंधी ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है।

## भारत की घरेलू मांग मजबूत

इसी तरह मॉर्गन स्टैनली रिसर्च के एक विश्लेषण में कहा गया है कि भारत की घरेलू मांग मजबूत होने के कारण अमेरिका के द्वारा भारत से निर्यात पर ऊंचे टैरिफ लागू किए जाने से विकास दर पर आधा फीसदी से भी अधिक असर होगा। ऐसे में भारत के द्वारा ट्रंप टैरिफ के मुकाबले के लिए छह सूत्रीय रणनीति जरूरी दिखाई दे रही है। एक, नए




निर्यात बाजार में कदम रखे जाएं। दो, तेज बढ़ते घरेलू बाजार व अनुकूल आर्थिक परिदृश्य से विकास दर बढ़ाई जाए। तीन, मुक्त व्यापार समझौतों (एफटी) की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जाए। चार, स्वदेशी अपनाएं। पांच, सेवा निर्यात बढ़ाएं और छह, अमेरिका के साथ व्यापार संवाद लगातार कायम रखा जाए। यह बात महत्वपूर्ण है कि भारत ने निर्यातकों को सहारा देने की नई रणनीति सुनिश्चित की है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 40 देशों में विशेष संपर्क कार्यक्रम चलाने की योजना बनाई है। इस पहल के तहत ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, फ्रांस, इटली, स्पेन, नीदरलैंड, पोलैंड, कनाडा, मेक्सिको, रूस, बेल्जियम, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और आस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख देशों को शामिल किया गया है। सरकार अमेरिका से इतर अन्य देशों से मित्रता मजबूत कर रही है। 29-30 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के साथ मैत्री का अध्याय मजबूत किया और टोक्यो में ऐलान किया कि जापानी तकनीक और भारतीय टैलेंट दुनिया को बदल देंगे। भारत के द्वारा चीन और रूस के साथ भी विदेश व्यापार के नए अध्याय आगे बढ़ाए जा रहे हैं। ट्रंप टैरिफ से मुकाबले के लिए ऐसे उपायों के साथ-साथ भारत ने सरल कर व्यवस्था और लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाकर घरेलू खपत बढ़ाने की योजना बनाई है। भारत घरेलू खपत बढ़ाकर कुछ हद तक अमेरिकी व्यापार में हुए नुकसान की भरपाई कर सकता है। वैश्विक व्यापार में हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच भारत को बचाने में भारत की घरेलू खपत अहम भूमिका निभा रही है। पिछले वर्ष 2024 में भारत का खुदरा बाजार 1060 अरब डॉलर का था, यह सालाना 10 फीसदी की दर से बढ़ते हुए 2030 तक 1930 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निःसंदेह भारत एफटीए की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के द्वारा ईएफटीए, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूके के साथ किए गए एफटीए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। भारत को यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए से मजबत लाभ हुआ है। यूएई के साथ, पिछले चार-पांच वर्षों में सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। हाल ही में उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री ने राज्यसभा में बताया कि भारत और ओमान के बीच एफटीए को लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है और जल्द ही दोनों के बीच शीघ्र ही एफटीए पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है और इस वर्ष 2025 के अंत तक यूरोपीय यूनियन के साथ एफटीए लागू होने की पूरी संभावना है। इससे भारत के लिए दुनिया का एक बड़ा और महत्वपूर्ण बाजार खुल जाएगा। विगत 10 जुलाई को भारत में स्विटजरलैंड की राजदूत माया तिस्साफी ने कहा कि भारत और 4 सदस्य देशों आइसलैंड, स्विटजरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन वाले यूरोपिटन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के बीच व्यापार समझौता अक्टूबर 2025 से लागू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि 24 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के पीएम किएर स्टार्मर की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत के द्वारा कतर, न्यूजीलैंड, पेरू, चिली, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर आगे कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

## स्वदेशी कारोबार को प्रोत्साहन

अब नई रणनीति के तहत घरेलू खपत बढ़ाने हेतु स्वदेशी अपनाने और स्वदेशी उद्योग-कारोबार को हरसंभव तरीके से प्रोत्साहित किया जाना जरूरी होगा । साथ ही पूरी दुनिया में भारत के सेवा निर्यात को तेज रफ्तार से बढ़ाना होगा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से 385 अरब डॉलर का सेवा निर्यात किया गया, अब इस वर्ष भारत को 450 अरब डॉलर का लक्ष्य पाने की दिशा में रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा।

# चीन के प्रति अतिविश्वास चूक तो नहीं



**कूटनीति**

डॉ. एनके सोमानी

वरिष्ठ स्तंभकार

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चीन दौरा फाइनल हो गया है। कहने को तो वे शंघाई सहयोग संघ (एससीओ) की शिखर बैठक में भाग लेने के लिए तिआनजिन गए हैं लेकिन मीडिया में जिस तरह से मोदी की बीजिंग यात्रा को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ टेरर से जोड़ कर प्रचारित किया जा रहा है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि कुटनीतिक तौर पर प्रधानमंत्री के इस दौरे का उद्देश्य बहुत गहरा है। समिट से इतर प्रधानमंत्री की राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी हो सकती है। रूस भी एससीओ का सदस्य है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी समिट में भाग लेने के लिए चीन आएंगे। संभावना इस बात की भी है कि जिनपिंग के बाद प्रधानमंत्री मोदी की पुतिन के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता हो।

निकट भविष्य में पुतिन के भारत दौरे को देखते हुए मोदी-पुतिन वार्ता से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि मोदी-जिनपिंग-पुतिन वार्ता की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन टैरिफ टेरर के कारण भारत, चीन और रूस की अर्थव्यवस्थाओं में जो विचलन की स्थिति है उसे देखते हुए जिस गर्मजोशी से तीनों नेता हाथ मिलाते दिख रहे हैं, उसमें बहुत संभव है कि एससीओ कूटनीतिक लाभ लेने का बड़ा मंच बनता हुआ दिखाई दे।

## सीमा विवाद बड़ी फांस

प्रधानमंत्री के बीजिंग दौरे से पहले चीन ने भारत के साथ संबंधों को सुधारने की भरसक कोशिश की है। चीन के विदेशमंत्री वांग यी की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों का समाधान किया गया। कोविड-19 महामारी के बाद से निलंबित सीधी उड़ानों को फिर से शुरू करने व वीजा प्रक्रिया को सुगम बनाने के अलावा लिपुलेख दर्रा, शिपकी ला दर्रा और नाथू ला दर्रा के माध्यम से सीमा को व्यापार के लिए खोलने पर सहमति वांग की भारत यात्रा के दौरान हुई। भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिमालयी सीमा पर तैनात सैनिकों को पीछे हटाने और सीमांकन जैसे जटिल मुद्दों पर भी वार्ता हुई। बैठक में सीमा संबंधी मामलों के समाधान के लिए एक कार्य समूह बनाने का फैसला हुआ। समूह दोनों देशों के बीच सीमा मामलों में सलाह और परामर्श देने का काम करेगा। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान तिब्बत में यारलुंग जंगबो (ब्रहमपुत्र) नदी पर चीन द्वारा बनाए जा रहे विशाल बांधों का मुद्दा भी उठा। इस पर चीनी विदेशमंत्री ने जल-विज्ञान संबंधी जानकारी भारत के साथ साझा करने पर सहमति जताई। लब्बोलुआब यह कि साल 2020 में गलवान घाटी में हुए हिंसक सैन्य टकराव से जहां दोनों देशों के संबंध 1962 के बाद सबसे निचले स्तर पर चले गए थे, वांग के भारत दौरे से उसे पुनर्जीवित करने की कोशिश की गई। चीन की कोशिशें एक तरफा नहीं थी। भारत ने भी अपनी ओर से हरसंभव सहयोग किया।

## पिघल रही रिश्तों में जमी बर्फ

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और विदेशमंत्री



एस जयशंकर की चीन की यात्राओं के बाद संबंधों पर जमी बर्फ पिघलती दिखी। परस्पर यात्राओं और द्विपक्षीय संवाद के जरिए जिस तरह से दोनों देशों ने सीमा विवाद को बाकी के मामलों से अलग रख कर आगे बढ़ने का वादा किया है जाहिर है संबंधों के लिहाज से यह काफी अहम है। लेकिन भारत-चीन संबंधों के इतिहास को देखते हुए कूटनीतिक हल्कों में आशंका इस बात की भी है कि वॉशिंग्टन को साधने की चाह में कहीं भारत 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' वाली गलती तो नहीं दोहरा रहा है। चीन के साथ संबंधों को नई ऊंचाई देने के उत्साह में भारत फिर चोट न खा जाए। एलएसी पर सैन्य गतिरोध ने राजनीतिक और सैन्य स्तर पर जो जख्म दिए हैं, उसमें यह आशंका निर्मूल भी नहीं है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि तमाम अंतर्विरोधों के वेग में विश्वास बहाली की जो प्रक्रिया एशिया की बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों में शुरू हुई है, क्या वह इतनी ही आसान है जितनी दोनों देश समझ रहे हैं। दरअसल, भारत और चीन के बीच दीर्घकालिक विवाद के कुछ ऐसे बिन्दु हैं जो संबंधों की बेहतरी में हमेशा अवरोधक बनकर उभरे हैं। सीमा-विवाद, दलाई लामा और व्यापार असंतुलन दोनों देशों के संबंधों में तल्खी का बड़ा कारण रहा है। चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। साल 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल 127.7 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। भारत ने चीन से 113.5 अरब डॉलर का आयात किया जबकि निर्यात केवल 14.3 अरब डॉलर का हुआ। चूंकि द्विपक्षीय व्यापार चीन के पक्ष में है। भारत इस व्यापार घाटे (99.2 अरब डॉलर) को कम करना चाहता है। दूसरा, ग्लोबल साउथ में भारत चीन का सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी है। चीन शुरू से ही अपने आपको ग्लोबल साउथ का लीडर मानता है। उसकी इस स्वयं घोषित लीडरशिप में उसकी महत्वाकांक्षी परियोजना बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का बड़ा रोल रहा है। यही वजह है कि बहुत सारे देशों को लगता है कि विकासशील देशों के नेतृत्व की क्षमता चीन के पास है। भारत इस धारणा को बदलना चाहता है। दूसरी ओर ब्लॉक के भीतर कुछ देश ऐसे भी हैं जो चीन के विस्तारवाद और स्वार्थपरक एजेंडे को लेकर आशंकित है। वे चीन की तुलना में भारत को अधिक विश्वस्त मानते हैं। सीमा विवाद भारत-चीन संबंधों में तनाव का बड़ा कारण रहा है। गलवान में सैन्य तनाव के बाद भारत ने दो टूक कहा था कि जब तक सीमा विवाद के मुल कारणों का समाधान नहीं होगा, तब तक द्विपक्षीय संबंध सामान्य नहीं हो सकते है। ऐसे में यह तो पूछा ही जाना चाहिए कि सीमा विवाद का समाधान हुए बिना भारत क्यों चीन के साथ गलबहियां करने के लिए आतुर दिख रहा है। चीन-पाक जुगलबंदी और आतंकवाद पर चीन के स्टैंड (पाकिस्तानी आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की के मामले में वीटो करना) के बावजूद अगर भारत चीन के साथ कदम-ताल को आतुर है तो इसे विदेश नीति के मोर्चे पर भारत की बड़ी चूक ही कहा जाएगा।

## चीन की भूमिका पर सवाल

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी चीन की भूमिका पर सवाल उठे। ढेर सारे अंतर्विरोधों के बावजूद यदि दोनों देशों के संबंधों में आत्मीयता का भाव लम्बे समय बाद होने वाली राष्ट्राध्यक्षों की बैठक से उत्पन्न होने की उम्मीद की जा रही है तो इसे अतिविश्वास की पराकाष्ठा ही कहा जा सकता है। लेकिन जैसा कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कहा जाता रहा है कि राष्ट्रीय हित समय, काल और परिस्थितियों के हिसाब से बदलते रहते हैं। भारत-चीन संबंधों में भी यह लागू हो सकता है, बशर्ते कि चीन अपनी विस्तारवाद की नीति से बाहर निकले। कम से कम भारतीय उपमहाद्वीप के संदर्भ में तो अवश्य ही। बहरहाल भारत-चीन संबंधों में पुनर्स्थापना की जो प्रक्रिया शुरू हुई है वह किस रूप में आगे बढ़ेगी, इसका दारोमदार पूरी तरह से चीन पर निर्भर है।

जम्मू-कश्मीर में बिगड़े हालात

# रियासी में भूस्खलन से 7 की मौत, रामबन में बादल फटने से 4 लोगों की गई जान

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश जारी है जिसके चलते जिला रियासी के अंतर्गत बदड़ माहौर में भूस्खलन हुआ है। भूस्खलन से एक कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की चपेट में आने से एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में पति-पत्नी और उनके 5 बच्चे हैं। मृतकों की पहचान नजीर अहमद व उसकी पत्नी वजीरा बेगम के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, भारी वर्षा के कारण भूस्खलन हुआ है। वहीं, रामबन जिले के राजगढ़ में बादल फटने और भारी बारिश से फ्लैश फ्लड आ गया। इस आपदा में 4 लोगों की मौत हुई है और 4 लोग लापता हैं। कई मकान बह गए, जबकि राहत-बचाव कार्य जारी है। भारी बारिश से भूस्खलन हुए, नदियों का जलस्तर बढ़ गया और कई गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। संभावना जताई जा रही है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू क्षेत्र में हाल में हुई रिकॉर्ड बारिश के बाद की स्थिति की समीक्षा के लिए रविवार (31 अगस्त) को इलाके के दो दिवसीय दौरे पर आ सकते हैं।

जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से भूस्खलन हुए, नदियों का जलस्तर बढ़ गया और कई गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। संभावना जताई जा रही है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू क्षेत्र में हाल में हुई रिकॉर्ड बारिश के बाद की स्थिति की समीक्षा के लिए रविवार (31 अगस्त) को इलाके के दो दिवसीय दौरे पर आ सकते हैं

## जम्मू के अलग-अलग इलाकों में एक हफ्ते में 54 की मौत

लापता लोगों को तलाशने लगातार सर्च ऑपरेशन जारी



रामबन में रेस्क्यू टीमें प्रभावित इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं

### राहत और बचाव कार्य शुरू

प्रशासन के अनुसार दोनों घटनाओं में कई मकानों को नुकसान पहुंचा है, जिनमें से कुछ पूरी तरह बाढ़ के पानी में बह गए। प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। रेस्क्यू टीमें प्रभावित इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं ताकि लापता लोगों को तलाशा जा सके। साथ ही प्रभावित परिवारों के लिए अस्थायी राहत केंद्र बनाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि हालात पर नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त टीमें भी भेजी जाएंगी।

### किश्तवाड़ में सर्वाधिक 60 मौतें

अगस्त महीने में जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में भारी तबाही मची है। जम्मू के अलग-अलग इलाकों में बीते एक हफ्ते में बारिश संबंधी घटनाओं में 54 लोगों की मौत हुई है। कटरा में 34, रियासी में 7, रामबन में 3, डोडा में 4 और कठुआ में एक मौत हुई है। इससे पहले, 14 अगस्त को किश्तवाड़ जिले के चिशोटी गांव में एक बादल फटने की घटना में कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई थी।

### उधमपुर में 2,000 वाहन फंसे

राजौरी जिले में लगातार बारिश के कारण जम्मू-श्रीनगर हाईवे को बंद कर दिया गया है। उधमपुर में जखेनी और चेनानी के बीच 2,000 से ज्यादा वाहन फंसे हैं।

### आज भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने पुंछ, रियासी, राजौरी, किश्तवाड़ और उधमपुर जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। पुंछ, किश्तवाड़, जम्मू, रामबन और उधमपुर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में हो रही भारी बारिश की वजह से नदी-नालें उफान पर हैं।

### लोगों को सुरक्षित निकालें: सीएम

सीएम उमर अब्दुल्ला ने अधिकारियों को जोखिम संभावित क्षेत्रों में चौबीसों घंटे निगरानी करने और वहां से लोगों की



सुरक्षित निकासी का निर्देश दिया। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने, संवेदनशील क्षेत्रों से बचने और सुरक्षा परामर्श का सख्ती से पालन करने की अपील की। रामबन की घटना पर सीएम ने प्रशासन को तत्काल बचाव और राहत अभियान चलाने का निर्देश दिया है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार से राहत पैकेज की घोषणा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को 2014 की बाढ़ के बाद दिए गए राहत पैकेज के समान राहत पैकेज की तत्काल घोषणा करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### रोड पर मृत तेंदुआ मिला पैर और जबड़े पर चोट

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर एक मृत तेंदुआ मिला, जिसका एक पैर और जबड़ा टूटा हुआ था।



पुलिस ने तेंदुए की सड़क दुर्घटना में मौत की आशंका जताई है। शुक्रवार देर रात एक राहगीर ने अनखीर पुलिस चौकी को शव के बारे में सूचना दी। पुलिस ने शव को वन विभाग को सौंप दिया। मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

### ऑटोरिक्शा पलटा, 2 श्रद्धालुओं की मौत

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले में शनिवार को एक ऑटोरिक्शा के पलट जाने से दो





श्रद्धालुओं की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना तिसरी थाना क्षेत्र के हाथीगढ़ा घाटी में हुई। खोरीमहुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि श्रद्धालु एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जमामो माता मंदिर जा रहे थे।

### पटाखा निर्माण इकाई में धमाका, एक की मौत

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले के कण्णपुरम में एक भीषण विस्फोट में एक मकान पूरी तरह ढह गया,



जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मकान में पटाखों के निर्माण के लिए कथित रूप से विस्फोटक सामग्री रखी हुई थी। मृतक की पहचान के. मोहम्मद आशम के रूप में हुई है और वह विस्फोट के समय घर के अंदर था।

### इमारत ढहने के मामले में 4 और गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक इमारत ढहने से 17 लोगों की मौत के मामले में 4 और लोगों को



गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना की जांच का जिम्मा मीरा-भयंदर वसई-विरार पुलिस की अपराध शाखा को सौंपा है।

## बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आयोग का बड़ा खुलासा

अब तक सिर्फ दो राजनीतिक दलों ने दर्ज कराई आपत्तियां

# मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए 1.98 लाख लोगों ने किया आवेदन

एजेंसी ▶▶ पटना

चुनाव आयोग ने बताया कि अब तक 1.98 लाख लोगों ने अपना नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए आवेदन किया है। वहीं, 29,879 लोगों ने सूची में नाम जोड़ने की मांग की है। मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित होने के 30 दिन बाद दो राजनीतिक दल को छोड़कर किसी भी राजनीतिक दल की ओर से दावा या आपत्ति नहीं की गई है

इंडिया गठबंधन बिहार के 65 लाख मतदाताओं के नाम काटने को लेकर लगातार चुनाव आयोग और मोदी सरकार पर हमलावर है। राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार में वोटर अधिकार यात्रा निकाली गई है। लेकिन, चुनाव आयोग ने जो आकंड़े पेश किए हैं, वह चौंकाने वाले हैं। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान बड़ी संख्या में दावों और आपत्तियों की जानकारी दी है। आयोग के मुताबिक अब तक 1.98 लाख लोगों ने अपना नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए आवेदन किया है। वहीं, 29,879 लोगों ने सूची में नाम जोड़ने की मांग की है। चुनाव आयोग ने शनिवार को मतदाता पुनरीक्षण कार्य का डेली बुलेटिन जारी किया। चुनाव आयोग ने बताया कि मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित होने के 30 दिन बाद दो राजनीतिक दल को छोड़कर किसी भी राजनीतिक दल की ओर से दावा या आपत्ति नहीं की गई है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, मार्क्ससिस्ट-लेनिनिस्ट (लिबरेशन) की ओर से 10 आपत्ति दर्ज करवाई गई है। इनके बीएलए की संख्या 1496 है। वहीं राजद की ओर से 10 आपत्तियां दर्ज करवाई गई है। इनके बीएलए की संख्या 47,506 है।

### 99.11 फीसदी लोगों ने दस्तावेज जमा किए

आयोग के अनुसार, फिलहाल 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 99.11 फीसदी लोगों ने अपने दस्तावेज सत्यापन के लिए जमा कर दिए हैं। बिहार की अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी



भोजपुर में बोले राहुल

### 'वोटर अधिकार यात्रा' रूपी क्रांति पूरे देश में फैलेगी

**भोजपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि बिहार से 'वोटर अधिकार यात्रा' रूपी क्रांति शुरू हुई है, जो पूरे



देश में फैलने जा रही है। उन्होंने भोजपुर में आयोजित एक सभा में कहा कि बिहार से ही यह क्रांति, वोटर अधिकार यात्रा शुरू हुई और यह पूरे देश में फैलने जा रही है। यह चोरी सिर्फ आपके वोट की नहीं, बल्कि आपके अधिकार की चोरी है और आपके भविष्य की चोरी है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी, भाजपा नहीं चाहते हैं कि गरीबों की आवाज इस देश में नहीं सुनी जाए और दबाई जाए। हमने साफ कह दिया कि पूरे देश में गरीब युवाओं की आवाज गूंजेगी और हम बिहार में एक वोट भी चोरी नहीं होने देंगे।

वोटर अधिकार यात्रा का आरा में विरोध

### भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने दिखाए काला झंडा



बिहार में वोट अधिकार यात्रा को लेकर सियासत जारी है। शनिवार दोपहर भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने आरा में इस यात्रा का विरोध किया। इतना ही नहीं भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को काले झंडे दिखाए और उनका जमकर विरोध किया। हालांकि विरोध कर रहे युवाओं में से कई से राहुल गांधी ने खुद जाकर बातचीत की और उनसे जानने की कोशिश की कि उनका गुस्सा किस बात पर है? इसके जवाब में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने अपना पक्ष साफ तौर

### भाजपा ने चुनाव आयोग को 'जुगाड़ आयोग' बनाया

अखिलेश का आरोप



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निर्वाचन आयोग को 'जुगाड़ आयोग' बना दिया है और जनता भाजपा का रथ फिर रोकेगी। उन्होंने कहा हमने उन्हें अवध में हराया था, आप लोग उन्हें मगध (बिहार) हराइए। यादव ने कहा कि बिहार का महत्वपूर्ण चुनाव है, जिस पर पूरे देश की निगाहें हैं। यह उत्साह बता रहा है कि जनता भाजपा और उसके सहयोगियों को हराने जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं नारा दे रहा हूं: अबकी बार, भाजपा बिहार से बाहर। सपा नेता ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से बढ़कर कोई 'सिरफिरा फैसल' नहीं हो सकता। बिहार ने एक बार भाजपा का रथ रोका था और इस बार भी बिहार के लोग भाजपा का रथ रोकेंगे।

### कल तृणमूल नेता 'वोटर अधिकार यात्रा' में होंगे शामिल

तृणमूल कांग्रेस के नेता यूसुफ पठान और ललितेश त्रिपाठी बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के अंतिम चरण में सोमवार को हिस्सा लेकर अपनी पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। पार्टी ने फैसला किया है कि दोनों नेता एक सितंबर को रैली में पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे।

दरभंगा में गरजे रविशंकर प्रसाद



## अपमानजनक टिप्पणियों पर राहुल गांधी माफी मांगे

एनडीए के विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष को जब जनता का समर्थन नहीं मिलता तो वह बेबुनियाद आरोप लगाकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करता है। प्रसाद ने कहा कि दोनों युवराज बार-बार

दो युवराज मतदाता सूची पर सवाल खड़े कर बिहारवासियों का अपमान कर रहे

### राहुल अहंकारी

रविशंकर प्रसाद ने दरभंगा में पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि पीएम और उनकी माता के बारे में अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करना अत्यंत शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी को माफी मांगनी चाहिए, लेकिन उनका अहंकार इतना है कि वे माफी नहीं मांगेंगे। उन्होंने इसे कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता बताया।

महुआ मोइत्रा के बयान पर विवाद

### बी विजयेंद्र बोले- ये नफरत फैलाने वाला भाषण

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की अमित शाह पर की गई टिप्पणी पर विवाद खड़ा हो गया है। कर्नाटक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी विजयेंद्र ने इस टिप्पणी को निम्नतम स्तर का घृणास्पद भाषण और नफरत फैलाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे बयानों के लिए लोकतंत्र में कोई जगह नहीं है। इंडिया ब्लॉक के सदस्यों द्वारा प्रयुक्त भाषा अब निचले स्तर पर पहुंच गई है। ऐसी विषैली भाषा के इस्तेमाल से उनकी घृणा और असहिष्णुता पर आधारित मानसिकता को उजागर होती है।

### मोइत्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज

पश्चिम बंगाल में भाजपा पार्टी के कृष्णानगर उत्तर संगठनात्मक जिले के प्रवक्ता संदीप मजूमदार ने कोलकाता के कोतवाली पुलिस स्टेशन में मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पार्टी की पूर्व राज्य इकाई के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि महुआ को देखने के बाद आपको पता चल जाएगा कि यह जरूरी नहीं है कि जो अंग्रेजी जानता है वह ठीक से शिक्षित हो।

विपक्षी राज्यों ने की मांग

## जीएसटी राजस्व हानि पर मुआवजा दे केंद्र, 2 लाख करोड़ का सालाना घाटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





विपक्ष शासित राज्यों ने प्रस्तावित जीएसटी सुधार से होने वाले नुकसान के भरपाई के लिए पांच साल तक मुआवजे की मांग की है। इनका दावा है कि टैक्स का दो स्लैब करने से 1.5 लाख करोड़ से 2 लाख करोड़ तक के राजस्व का नुकसान हो सकता है। आठ राज्यों-हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री जीएसटी परिषद की बैठक में मांग रखेंगे। सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में पांच और 18 फीसदी के अलावा कुछ सामानों पर 40 फीसदी टैक्स का प्रस्ताव दिया है। विपक्ष शासित राज्यों की मांग है, यह शुल्क राज्यों के बीच बांटा जाना चाहिए। कर्नाटक के वित्त मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने कहा, हर राज्य को मौजूदा जीएसटी राजस्व में 15 से 20% की कमी होने की उम्मीद है। जीएसटी राजस्व में 20% की कमी राज्य सरकारों के राजकोषीय ढांचे को गंभीर रूप से अस्थिर कर देगी।

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की कॉलेजियम से मांग

कुल 1100 स्वीकृत पदों में से 103 पर महिलाएं

## कहा- शीर्ष अदालत में की जाए महिला न्यायाधीशों की पदोन्नति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने शीर्ष अदालत और देशभर के हाईकोर्ट में महिला न्यायाधीशों के कम प्रतिनिधित्व पर चिंता जाहिर की। एसोसिएशन ने प्रस्ताव में कहा कि कॉलेजियम से अनुरोध किया जाता है कि वे सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायिक नियुक्तियों के आगामी दौर में अधिक महिला न्यायाधीशों की पदोन्नति पर तत्काल और उचित विचार करें। देशभर में उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के लगभग 1100 स्वीकृत पद हैं। जिनमें से लगभग 670 पर पुरुष और केवल 103 पर महिलाएं कार्यरत हैं।

### महिला न्यायाधीश को पदोन्नति नहीं दी गई



एसोसिएशन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) इस बात पर गहरी निराशा व्यक्त करता है कि सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में हुई नियुक्तियों में बार या बेंच से किसी भी महिला न्यायाधीश को पदोन्नत नहीं किया गया। जबकि 2021 से सुप्रीम कोर्ट में किसी भी महिला न्यायाधीश की नियुक्ति नहीं हुई है। वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट की बेंच में केवल एक महिला न्यायाधीश कार्यरत है।

### ताकत का इस्तेमाल नहीं कर सकती पुलिस

उत्तर प्रदेश गोहत्या निवारण अधिनियम के तहत 8 साल पहले दर्ज किए गए एक केस की हिस्ट्रीशीट को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बंद करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस नागरिकों को दी गई मौलिक स्वतंत्रता को कम करने के लिए 'बेलगाम और अनियंत्रित शक्ति' का प्रयोग नहीं कर सकती।

वित्त मंत्री का स्टालिन पर निशाना, कहा

## कुछ ताकतों ने 'मूपनार' को पीएम बनने से रोका, भाषा विवाद बढ़ा रहे

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में कुछ ताकतों ने तमिल मनीला कांग्रेस के संस्थापक और दिवंगत नेता जी के मूपनार को देश का पीएम बनने से रोका। मूपनार की 24वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि ये ताकतें जो अक्सर तमिल, तमिल संस्कृति और तमिल भाषा को बढ़ावा देने की बात करती हैं, ये वहीं ताकतें हैं जिन्होंने अवसर आने पर मूपनार को पीएम पद पर आसीन होने से रोका। सीतारमण ने कहा कि अपने कॉलेज के दिनों में जब उनकी राजनीति में रुचि उभर रही थी, तब वे मूपनार को तमिलनाडु के एक व्यापक रूप से सम्मानित व्यक्ति के रूप में देखती थीं। मूपनार अपनी सादगी और ईमानदारी के लिए जाने जाते हैं और वह एक राष्ट्रवादी नेता थे। वह देशभर में एक सम्मानित नेता थे।

नई दिल्ली में यात्रियों को नहीं होना पड़ेगा परेशान

## कई सुविधाओं के साथ तीन होल्डिंग एरिया का निर्माण जल्द होगा पूरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में गणेश उत्सव के साथ त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने भी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। हाल ही में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों के साथ स्टेशन का दौरा किया। मंत्री ने इस होल्डिंग एरिया का निर्माण कार्य जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। ताकि त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अजमेरी गेट की तरफ होल्डिंग एरिया का निर्माण किया जा रहा है। इस नए होल्डिंग एरिया को मेट्रो के साथ इंटीग्रेटेड किया जाएगा। 21 सितंबर 2025 तक यह काम पूरी तरह से खत्म हो जाए।

### होल्डिंग एरिया के तीन हिस्से होंगे





नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का होल्डिंग एरिया तीन हिस्सों में बांटा गया है। इसमें यात्रियों को हर कदम पर सहूलियत मिलेगी। प्री-टिकटिंग एरिया में व्यस्त समय में भी करीब 2700 यात्री आराम से बैठ सकते हैं। यहां यात्रियों को टिकट लेने से पहले इंतजार करने की सुविधा मिलेगी। टिकटिंग एरिया में 3100 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होगी। इस हिस्से में टिकट लेने की प्रक्रिया को सुचारू बनाने पर ध्यान दिया गया है।

### 22 टिकट काउंटर बनाए जाएंगे

यात्रियों की सुविधा के लिए 22 टिकट काउंटर बनाए जाएंगे, ताकि टिकट लेने में समय बचे। जबकि 2 शौचालय ब्लॉक भी यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए जाएंगे। यात्रियों को ट्रेनों की जानकारी देने के लिए जन संबोधन प्रणाली विकसित की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे ताकि ट्रेनों के समय और प्लेटफार्म की जानकारी यात्रियों को समय से मिल सके।

मराठा आरक्षण: जरांगे की सरकार को धमकी- धैर्य की परीक्षा न लें

## मराठवाड़ा के मराठों को कुनबी घोषित करें, तुरंत आरक्षण दें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जारंगे और सरकार की ओर से नियुक्त प्रतिनिधिमंडल के बीच शनिवार को दोपहर दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में हुई बातचीत बेनतीजा रही। शिंदे और जारंगे के बीच हुई पूरी बातचीत का मराठी समाचार चैनलों पर सीधा प्रसारण किया गया। जरांगे ने उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश संदीप शिंदे को उनके साथ बातचीत के लिए भेजने पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस की भी आलोचना की। शिंदे मराठों को आरक्षण देने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष हैं। बता दें, जरांगे मराठा समुदाय के लिए सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग को लेकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं।

बातचीत का मराठी चैनलों पर सीधा प्रसारण किया गया

प्रतिनिधिमंडल और जरांगे के बीच हुई बातचीत बेनतीजा रही



**पैनल अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे :** जरांगे ने कहा कि सेवानिवृत्त न्यायाधीश शिंदे की अध्यक्षता वाली समिति ने पिछले 13 महीनों से इस मुद्दे से संबंधित राजपत्रों का अध्ययन किया है। अब समय आ गया है कि पैनल अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे, ताकि मराठों को कुनबी का दर्जा मिल सके। उन्होंने मांग की है कि मराठों को कुनबी के रूप में मान्यता दी जाए। कुनबी एक कृषि प्रधान जाति, जो ओबीसी श्रेणी में शामिल है, जिससे वे सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण के पात्र बनेंगे।

### अप्रिय घटना रोकने के लिए 2000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

सीएम बोले- सरकार चर्चा कर रही है

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उनकी सरकार मराठा



आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की मांगों को कानूनी और संवैधानिक ढांचे के भीतर पूरा करने के लिए काम कर रही है। पिछले साल मराठा समुदाय को (सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग श्रेणी के तहत) दिया गया 10 प्रतिशत आरक्षण अभी भी लागू है। सरकार सामाजिक और वित्तीय मुद्दों को हल करने के लिए सकारात्मक है।

### पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द

जरांगे के समर्थन में हजारों मराठा आरक्षण समर्थक दक्षिण मुंबई में एकत्र हुए हैं। स्थिति को देखते हुए, मुंबई पुलिस ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए 2,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और उन्हें जल्द से जल्द ड्यूटी पर लौटने को कहा गया है।

## जापान के सेंडाई में सेमीकंडक्टर संयंत्र 'टीईएल-मियागी' का दौरा करते हुए बोले पीएम नरेंद्र मोदी

# सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में जापान के साथ मिलकर काम करने को तैयार हुआ भारत

### पीएम इशिबा संग भारतीय प्रधानमंत्री ने सेंडाई में किया जापान की एडवांस बुलेट ट्रेन 'ई10' में सफर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक भू-राजनीतिक स्तर पर बनी हुई अस्थिरता के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपनी जापान यात्रा के दूसरे और अंतिम दिन प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ मियागी प्रांत के सेंडाई में एक अग्रणी सेमीकंडक्टर संयंत्र का दौरा किया। जिसे पूरी दुनिया टोक्यो इलेक्ट्रॉन मियागी लिमिटेड (टीईएल मियागी) कंपनी के नाम से जानती है। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने सेमीकंडक्टर के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में जापान के साथ मिलकर काम करने की तत्परता की पुष्टि की।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम को वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में टीईएल की भूमिका, कंपनी की उन्नत विनिर्माण क्षमताओं और भारत के साथ इसके मौजूदा और नियोजित सहयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला, निर्माण और परीक्षण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए




भारत और जापान के बीच अवसरों की व्यावहारिक भी उन्हें मिली। बताते चलें कि पीएम मोदी बीते शुक्रवार को अपनी दो दिवसीय यात्रा के तहत जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे थे। जहां उन्होंने दोनों देशों के आर्थिक मंचों के कार्यक्रम, 15 वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के अलावा जापान की महत्वपूर्ण राजनीतिक हस्तियों से मुलाकात की।



### विकसित करेंगे आपूर्ति श्रृंखला

*प्रधानमंत्री की सेंडाई यात्रा ने देश के बढ़ते सेमीकंडक्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र और उन्नत सेमीकंडक्टर उपकरण, प्रौद्योगिकी में जापान के बीच पूरकता को प्रदर्शित किया है। दोनों देशों ने इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने, सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी पर सहयोग ज्ञापन के साथ भारत-जापान औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता साझेदारी और आर्थिक सुरक्षा संवाद के जरिए मौजूदा सहयोग को बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। शीर्ष नेताओं की यह संयुक्त यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत, लचीली और विश्वसनीय सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखलाएं विकसित करने के साझा दृष्टिकोण को भी रेखांकित करती है।*

### एडवांस बुलेट ट्रेन 'ई10' में किया सफर

सेंडाई में ही जापानी प्रधानमंत्री के साथ पीएम मोदी ने एडवांस शिंकानसेन बुलेट ट्रेन 'ई10' का सफर किया। भविष्य में भारत में भी बुलेट ट्रेन चलाई जाएंगी। जिसके लिए कुछ भारतीय ड्राइवरों को जापान का ईस्टर्न रेलवे प्रशिक्षण दे रहा है। प्रधानमंत्री ने सेंडाई में उनसे न केवल मुलाकात की। बल्कि उसमें ली गई तस्वीर को एक्स पर पोस्ट भी किया। एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सेंडाई पहुंचे, पीएम इशिबा के साथ शिंकानसेन से इस शहर की यात्रा की। जापान के पीएम शिगेरू इशिबा ने भी बुलेट ट्रेन की इस यात्रा को लेकर एक्स पर एक पोस्ट की। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के साथ ट्रेन के केबिन से अपनी तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, पीएम मोदी के साथ सेंडाई की ओर जा रहा हूं। कल रात से ही सिलसिला जारी है और मैं आपके साथ कार में रहूंगा। पीएम की बुलेट की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है।

---

## खबर संक्षेप

### पाक में बारिश और बाढ़ से 22 लोगों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में गत 24 घंटे के दौरान 22 लोगों की मौत हो गई जबकि प्रांतीय राजधानी लाहौर के कम से कम नौ रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पंजाब सरकार द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, "प्रांत में कम से कम 1,700 गांव जलमग्न हो गए हैं, जबकि हजारों एकड़ भूमि पर लगी फसलें डूब गई हैं। इसके मुताबिक, विभिन्न संस्थानों की बचाव टीम और सेना ने अब तक दस लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है।



### हमले में हूती पीएम अहमद अल-रहावी की मौत


**सना।** यमन की राजधानी सना में हूती नियंत्रित सरकार के प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी की इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। विद्रोही सशस्त्र समूह हूती ने शनिवार को एक बयान में कहा कि अल-रहावी गुरुवार को हुए एक हमले में कई अन्य मंत्रियों के साथ मारे गए। समूह ने बताया कि यह हमला उस समय हुआ जब अधिकारी पिछले एक साल में सरकार के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एक वर्कशॉप में भाग ले रहे थे। यह हमला उस समय हुआ जब अहमद अल-रहावी अपने अन्य मंत्रियों के साथ पिछले एक साल में सरकार के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एक वर्कशॉप में भाग ले रहे थे।



---

#### एक कार्यक्रम के दौरान बोले रक्षामंत्री

## 'अंतरराष्ट्रीय संबंधों में न स्थायी दोस्त होते हैं न दुश्मन': राजनाथ सिंह



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ थोपे जाने से दोनों देशों के बीच रिश्तों में दरार आ गई है। अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत पर अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ लगाया है, जो कि 27 अगस्त से लागू हो चुका है। भारत अमेरिका के आगे झुका नहीं और रूस से कच्चा तेल खरीदने के फैसले को जारी रखा।

विदेश मंत्री जयशंकर, कृषि मंत्री शिवराज सिंह के बाद अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी टैरिफ को लेकर अमेरिका को खरी-खरी सुना दी है। एक कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा, अंतरराष्ट्रीय संबंधों में न स्थाई दोस्त होते हैं न दुश्मन होता है तो केवल देश का हित दुनिया में आज ट्रेड वॉर जैसे हालात हैं लेकिन हम राष्ट्रीय हितों से कोई समझौता नहीं करेंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर वीरता सशस्त्र बलों की कहानी है

*उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर वीरता सशस्त्र बलों की कहानी है तो ड्रोन्स जैसे उपकरण का निर्माण आत्मनिर्भर भारत, हमारे वैज्ञानिकों युवाओं के इनोवेशन की कहानी है। बता दें कि रैफे एमफिबर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाए गए ड्रोन्स का इस्तेमाल भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के ख़िलाफ़ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मई महीने में किया था।*

### देशवासियों का हित सबसे ऊपर है

उन्होंने कहा कि हमारे सरकार के लिए हमारे किसान, छोटे व्यापारी और देशवासियों की हित सबसे ऊपर है। भारत ने इन लोगों के हितों से कोई कॉम्प्रोमाइज नहीं कर सकता है।रक्षा मंत्री के इस बयान को चीन से भारत के रिश्ते में आई मिठास से जोड़कर देखा जा सकता है। टैरिफ की वजह से भारत-चीन साथ आते नजर आ रहे हैं।

### मॉडर्न वारफेयर में ड्रोन की अहमियत काफी बढ़ी

*राजनाथ सिंह ने कहा कि इस मॉडर्न वारफेयर में ड्रोन की अहमियत काफी बढ़ गई है। ड्रोन को युद्ध नीति में शामिल करना आवश्यक हो गया है। आज के दौर में ड्रोन युद्ध के क्षेत्र में एक बड़ी ताक़त बनकर उभरा है। ड्रोन्स को उन इलाकों में भी तैनात किए जा रहे हैं, जिन जगहों पर बड़े उपकरण नहीं पहुंच सके।*

---

## पीएम मोदी ने अपने जापानी समकक्ष को दिया खास तोहफा

#### आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया

# चांदी की चॉपस्टिक्स के साथ रेमन बाउल और पश्मीना शॉल की गिफ्ट

### पीएम मोदी भारत से जापान के पीएम शिगेरु इशिबा और उनकी पत्नी योशिको इशिबा के लिए खास तोहफे लेकर गए जो उन्होंने जापान से अपने संबंधों को यादगार बनाने के तौर पर दिए

एजेंसी ⏭ टोक्यो

तोहफे देना भारतीय परंपरा का हिस्सा है। जब कोई किसी से मिलने जाता है तो उसके लिए भेंट लेकर जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान गए हैं। वह भी खाली हाथ वहां नहीं गए हैं। बल्कि अपने साथ कुछ तोहफे लेकर गए हैं। पीएम मोदी भारत से जापान के पीएम शिगेरु इशिबा और उनकी पत्नी योशिको इशिबा के लिए खास तोहफे लेकर गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के पीएम शिगेरु इशिबा को चॉपस्टिक्स के साथ रेमन बाउल गिफ्ट में दिया है। इस खास तोहफे को वह भारत से उनके लिए लेकर गए हैं। इस चॉपस्टिक्स की खास बात यह है कि यह चांदी की बनी हुई है।

ये उपहार दोनों देशों की कला और संस्कृति का अनूठा संगम दर्शाते हैं

टोक्यो दौरे ने भारत-जापान संबंधों को और मजबूत किया



### चांगथांगी भेड़ के महीन ऊन से बनी है शॉल

पीएम मोदी अपने साथ जापानी पीएम की पत्नी के लिए तोहफे में खास पश्मिना शॉल लेकर गए हैं। यह शॉल लद्दाख के चांगथांगी भेड़ के महीन ऊन से बनाया गया है। यह पश्मीना शॉल बहुत ही हल्के, मुलायम और गर्म होने की वजह से दुनिया भर में फेमस है। कश्मीरी कारीगरों द्वारा हाथ से बुना गए इस शॉल सदियों पुरानी परंपरा झलकती है। यह खास शॉल राजघरानों की भी शान माना जाता रहा है। इस शॉल का बेस हाथीदांत का है इस पर रस्ट, पिंक और रेड कलर के फूल का डिजाइन बना है, जो क्लासिक कश्मीरी डिजाइन और शिल्प कौशल को दिखाता है।

### बाउल का बेस मकराना संगमरमर से बना

चांदी की चॉपस्टिक्स से सजे ये विंटेज कीमती पत्थर के बाउल भारतीय कलात्मकता और जापानी पाक कला की परंपरा का एक अनूठा मिश्रण हैं। मूनस्टोन को आंध्र प्रदेश से लिया गया है। चार छोटे बाउल्स और चांदी की चॉपस्टिक्स के साथ एक बड़े भूरे रंग का मूनस्टोन बाउल जापान के डोनबुरी और सोबा अनुष्ठानों से प्रेरित है। आंध्र प्रदेश से मिला यह मूनस्टोन और प्रेम, संतुलन और सुरक्षा का प्रतीक है। जबकि मेन बाउल का बेस मकराना संगमरमर से बना है, जिसमें राजस्थान की पारंपरिक परचिन कारी शैली दिखाई दे रही है। इसमें अर्ध-कीमती पत्थर जड़े हुए हैं।



#### अपनी गलती पर पछताएगा अमेरिका

### दुनिया के सबसे बड़े बाजार में ऊंचाई का मौका गंवाया

*अमेरिका से छिड़े टैरिफ वार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा ने 21वीं सदी के भारत के भविष्य को नए रास्तों पर और नए ढंग से गढ़ना शुरू कर दिया है। भारत ने इस दौरान जापान के साथ अगले 1 दशक तक के विजन के लिहाज से 21 बड़े समझौते किए हैं। यही 21 द्विपक्षीय समझौते 21वीं सदी के नए भारत की नई विकासगाथा लिखने वाले हैं। भारत और जापान के बीच हुई इस अहम साझेदारी का दर्द अमेरिका भी भूल नहीं सकेगा। उसे भारत के साथ अपने रिश्ते बिगाड़ने की गलती करने का निश्चित रूप से बहुत पछतावा होगा। क्योंकि अगर भारत के साथ उसके रिश्ते सही होते तो कई अहम समझौते वाशिंगटन के साथ भी हो सकते थे, जिसका लाभ अमेरिका को भी मिल सकता था। मगर अमेरिका ने भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े बाजार में ऊंचाइयां छूने का मौके खुद ही गवां दिया है।*



### जापान के साथ हुए 21 समझौते

**अहम समझौते**

1. भारत-जापान का अगले दशक के लिए संयुक्त दृष्टिकोण
2. सुरक्षा सहयोग पर संयुक्त घोषणा
3. भारत-जापान मानव संसाधन विनिमय के लिए कार्य योजना
4. चंद्रयान-5 के तहत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर नए अन्वेषण मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के बीच कार्यान्वयन व्यवस्था
5. स्वच्छ हाइड्रोजन और अमोनिया पर संयुक्त इरादे की घोषणा
6. भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय और जापान के शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच संयुक्त इरादे का वक्तव्य

**स्मरणपत्र / सहयोग ज्ञापन**

7. संयुक्त क्रेडिटिंग तंत्र पर सहयोग ज्ञापन
8. भारत-जापान डिजिटल साझेदारी 2.0 पर समझौता ज्ञापन
9. खनिज संसाधनों के क्षेत्र में सहयोग ज्ञापन
10. सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर सहयोग ज्ञापन
11. घरेलू अपशिष्ट जल प्रबंधन के विकेन्द्रीकृत मॉडल पर

---

## सिंगापुर में भारतीय नागरिक को 2 साल एक माह की जेल

### देना होगा लाखों का जुर्माना



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सिंगापुर में एक भारतीय नागरिक को 2 साल की जेल और लाखो रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। सिंगापुर की अदालत ने शुक्रवार को एक सड़क हादसे मामले में सुनवाई के दौरान यह फैसला दिया। 2023 में एक सड़क हादसे के दौरान नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के वरिष्ठ लॉ प्रोफेसर की मौत हो गई थी। इस हादसे के आरोपी नटराजन मोहनराज को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। सिंगापुर की अदालत ने नटराजन को 2 साल 1 महीने की सजा दी है। साथ ही उन्हें 2000 सिंगापुर डॉलर (लगभग 1 लाख 37 हजार रुपए) जुर्माना देने का भी आदेश दिया गया है। यह हादसा 7 जुलाई 2023 को हुआ था। 28 वर्षीय नटराजन मोहनराज ने फोन में देखते हुए गाड़ी चला रहे थे। तभी उन्होंने अपनी लॉरी से प्रोफेसर की कार को टक्कर मार दी।

## ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई हुई और महंगी, वीजा और रिजर्व फंड में बढ़ोतरी से छात्रों पर आर्थिक बोझ पड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया लंबे समय से भारतीय छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का एक आकर्षक गंतव्य रहा है। 2024 के आंकड़ों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के 43 विश्वविद्यालयों में 1.18 लाख से अधिक भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं, जो कुल विदेशी छात्रों का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा है।

इसके बाद नेपाल, ब्राजील और मलेशिया जैसे देशों का स्थान आता है। लेकिन वीजा शुल्क और रिजर्व फंड की सीमा में हालिया बढ़ोतरी ने भारतीय सहित सभी विदेशी छात्रों पर आर्थिक दबाव बढ़ा दिया है।

### रिजर्व फंड बढ़कर 27,500 डॉलर हुआ

इस साल अप्रैल में ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने विदेशी छात्रों के लिए वीजा शुल्क को 1600 से बढ़ाकर 2000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर कर दिया। साथ ही, रिजर्व फंड की सीमा को 24,000 से बढ़ाकर 27,500 डॉलर कर दिया गया। इस बढ़ोतरी ने ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई को और महंगा बना दिया है। हालांकि, अनुष्का का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई के अवसर और गुणवत्ता इतनी बेहतर है कि यह बढ़ी हुई लागत को उचित ठहराती है।



### विश्वविद्यालय सरकार से चर्चा कर रहे

ऑस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालय सरकार पर शुल्क वृद्धि को वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। विदेशी छात्र विश्वविद्यालयों की आय का एक बड़ा स्रोत हैं और उनकी संख्या में कमी से आर्थिक नुकसान हो सकता है। न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी की छात्रा और छात्र संघ की पदाधिकारी कृषा ने बताया कि विश्वविद्यालय ने छात्रों को आश्वासन दिया है कि वे सरकार से इस मुद्दे पर बातचीत कर रहे हैं।

## भारत के सामने फिर गिड़गिड़ाया पाक

**इस्लामाबाद।** भारत के साथ हालिया संघर्ष में मात खाने के बाद से पाकिस्तान भारत के सामने लगातार सुलह के लिए गिड़गिड़ा रहा है। इस कड़ी में पाकिस्तान की तरफ से कई मौकों पर बातचीत करने की गुहार लगा रहा है। लेकिन भारत ने अपना पक्ष साफ कर दिया है।

इसी बीच पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश भारत के साथ गरिमा और सम्मान के साथ सभी लंबित मुद्दों पर बातचीत करने के लिए तैयार है, जिसमें कश्मीर विवाद भी शामिल है। हालांकि उन्होंने यह साफ कर दिया कि पाकिस्तान बातचीत के लिए भीख नहीं मांगेगा।


#### इंडोनेशिया में बेकाबू हुई भीड़

## संसद भवन में लगाई आग 3 की मौत, कई लोग झुलसे

एजेंसी ⏭ जकार्ता

इंडोनेशिया में बेकाबू भीड़ ने संसद भवन में आग लगा दी है। इससे कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है किक इंडोनेशिया में सांसदों को मिलने वाले भारी-भरकम भत्तों को लेकर जनता का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा है। विरोध प्रदर्शनों ने कई शहरों में हिंसक रूप ले लिया है।

**इमारत समेत दर्जनों वाहन खाक:** गुस्साई भीड़ ने दक्षिण सुलावेसी प्रांत की राजधानी मकास्सर में स्थानीय प्रांतीय संसद भवन में शुक्रवार देर रात आग लगा दी। स्थानीय आपदा प्रबंधन अधिकारी फदली ताहर ने बताया कि शनिवार सुबह तक तीन शव बरामद किए गए, जबकि इमारत से जान बचाकर कूदने के प्रयास में पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए या घायल हो गए।



---

#### चंद्रयान-5 की इसरों के साथ हुई बड़ी डील

# चंद्रमा के साउथ पोल पर पानी खोजने निकलेंगे भारत और जापान

एजेंसी ⏭ टोक्यो

भारत की इसरो और जापान की एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी जाक्सा इस संयुक्त चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण मिशन (ल्यूपेक्स) का संचालन मिलकर करेंगी। इस समझौते पर जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज और जाक्सा की उपाध्यक्ष मत्सुरा मयूमी के बीच हस्ताक्षर हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जापानी समकक्ष शिगेरु इशिबा के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह मिशन 'मानवता की प्रगति और पृथ्वी की सीमाओं से परे भारत-जापान की सक्रिय भागीदारी' का प्रतीक होगा।

### तकनीकी बैठकें और तैयारियां



*13-14 मई को इसरो मुख्यालय, बेंगलुरु में दोनों एजेंसियों ने मिशन पर तीसरी तकनीकी बैठक की। इसमें इसरो, जाक्सा और मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज के सीनियर अधिकारी और एक्सपर्ट शामिल हुए। चर्चाओं का फोकस मिशन की तकनीकी चुनौतियों, कार्यान्वयन योजना और संभावित लैंडिंग स्थलों पर रहा। इसरो के वैज्ञानिक सचिव एम. गणेश पिल्लई ने सहयोग को सराहते हुए इसे वैज्ञानिक और तकनीकी लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में अहम बताया।*

### इसरो-जाक्सा सहयोग का महत्व

*योमिउरी शिंबुन को दिए एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा कि इसरो और जाक्सा का सहयोग न केवल जी2जी साझेदारी को मजबूत कर रहा है, बल्कि यह उद्योगों और स्टार्टअप्स के बीच नवाचार का साझा पारिस्थितिकी तंत्र भी बना रहा है- जहां प्रयोगशाला से लॉन्चपैड और शोध से लेकर वास्तविक अनुप्रयोग तक तकनीक बह रही है।*

### इस डील के मायने

यह समझौता सिर्फ अंतरिक्ष सहयोग का करार नहीं, बल्कि भारत-जापान के बीच रणनीतिक साझेदारी की नई ऊंचाई है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर जल की खोज वैश्विक अंतरिक्ष दौड़ का सबसे अहम लक्ष्य है, और इस मिशन से भारत न केवल वैज्ञानिक खोज में, बल्कि स्पेस जियोपॉलिटिक्स में भी अपनी स्थिति मजबूत करेगा।

### चंद्रयान-5 मिशन की खास बातें

- *यह मिशन मार्च में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्वीकृत किया गया था।*
- *जाक्सा इसे अपने एच3 -24एल लॉन्चर से प्रक्षेपित करेगा।*
- *इसरो का निर्मित लैंडर जापानी रोवर को चंद्रमा पर ले जाएगा।*
- *अंतरिक्ष यान पर कुल 7 वैज्ञानिक उपकरण होंगे-इनमें से कुछ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) और नासा द्वारा प्रदान किए गए हैं।*

### चंद्रयान-3 से चंद्रयान-5 तक

*मोदी ने 2023 में चंद्रयान-3 द्वारा चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर की गई ऐतिहासिक लैंडिंग को याद किया।*

#### रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला

# 500 ड्रोन और 45 मिसाइलों से मचाई तबाही, एक की मौत, 24 घायल


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रूस ने शुक्रवार रात से लेकर शनिवार सुबह तक यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला किया है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 24 लोग घायल हो गए। घायलों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, मिसाइल और ड्रोन हमलों से कई शहरों की इमारतें और जरूरी ढांचे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि यह हमला 14 अलग-अलग जगहों पर हुआ।

### पांच मंजिला इमारत पर सीधा हमला

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हमले के दौरान करीब 540 ड्रोन और 45 मिसाइलें दागी गई। जापोरिज्झिया शहर में पांच मंजिला इमारत पर सीधा हमला हुआ, बिजली कट गई और 25 हजार लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। स्थानीय गवर्नर इवान फेदोरोव ने बताया कि धमाकों से इलाके में कई जगह आग लग गई और बच्चे समेत दर्जनों लोग घायल हो गए।

### तेल रिफाइनरी पर निशाना



इस बीच यूक्रेन ने रूस के दो तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले किए। साउथ रूस के क्रास्नोदार और सामारा से सिजरान इलाके में धमाकों और आग की खबर आई। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, क्रास्नोदार रिफाइनरी पर गिरे ड्रोन के मलबे से आग लगी। इसके साथ ही, यूक्रेन की तरफ से सामारा क्षेत्र में सिजरान रिफाइनरी के पास भी हमले की कोशिश हुई।

कन्या विवाह एवं सामुदायिक भवन भी बनेगा

# इकोनॉमिक कॉरिडोर बनने से सागर-छतरपुर का सफर होगा आसान, छतरपुर में 10 करोड़ की लागत से बनेगा स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छतरपुर में 10 करोड़ रुपए की लागत से स्टेडियम बनाया जाएगा। जिले में 30 एकड़ क्षेत्र में गौशाला, एक करोड़ रुपए की लागत से कन्या विवाह भवन और सामुदायिक भवन के निर्माण सहित अन्य कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य को गति प्रदान की जाएगी। इसके पास एक चिकित्सालय भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एमपी-यूपी इकॉनामिक कॉरिडोर के अंतर्गत सागर-कबरई फोर लेन का निर्माण हो जाने पर सागर से छतरपुर मात्र दो घंटे में पहुंचा जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को छतरपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने माखन से भरी हुई मटकी भी फोड़ी। वे रोड शो में भी शामिल हुए।



मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में हुए शामिल, फोड़ी मटकी

## राज्य सरकार का कोई संकल्प अधूरा नहीं रहेगा : डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब मैं उच्च शिक्षा मंत्री था, उस समय छतरपुर के महाविद्यालय को विश्वविद्यालय बनाने का कार्य शुरू किया गया था। राज्य सरकार का कोई संकल्प अधूरा नहीं रहेगा। भगवान श्रीकृष्ण के चरण जहां-जहां पड़े, राज्य सरकार उन्हें तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करेगी। श्रीराम के वन-गमन पथ की तरह श्रीकृष्ण पाथेय बनाया जा रहा है। जिनके घर गाय है वो गोपाल हैं। खेती के साथ किसानों की आय बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना शुरू की गई है। इसमें गोवंश क्रय पर पात्र हितग्राहियों को सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है।

### छतरपुर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य 60 प्रतिशत पूरा



वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि महाराज छत्रसाल की नगरी में लोगों के लिए आज का दिन गौरवशाली है। मध्यप्रदेश में श्रीराम वन-गमन पथ, श्रीकृष्ण पाथेय, महाकाल लोक, ओंकारेश्वर लोक बन रहे हैं। विधायक श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने छतरपुर को अनेकों सौगात दी हैं। छतरपुर में मैडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य 60 प्रतिशत हो गया है। छत्रसाल महाविद्यालय का कार्य भी प्रगति पर है। छतरपुर को जल्द नए बस स्टैंड और ऑडिटोरियम मिलेंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया सर्व सुविधा युक्त सेंट्रल ग्रंथालय का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 5 करोड़ की लागत से छतरपुर सिंचाई कॉलोनी स्थित आधुनिक सेंट्रल ग्रंथालय (लाइब्रेरी) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुस्तकालय की ज्ञान अर्जन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने पुस्तकालय में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों से चर्चा की और कहा कि इस लाइब्रेरी का पूरा लाभ लें और आगे बढ़ें। इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री अहिरवार समेत जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### सीएम ने वरिष्ठ पत्रकार त्रिवेदी के पिता के निधन पर व्यक्त किया दुःख

**भोपाल।** वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत त्रिवेदी के पिता गिरिजा प्रसाद त्रिवेदी का शनिवार को निधन हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समर्पित शिक्षक के रूप में उनकी सेवाएं सदैव याद रखी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके शोकाकुल परिजन को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। इसके साथ ही शहर के वरिष्ठ पत्रकारों ने भी उनके निधन पर शोक जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत त्रिवेदी के पिता गिरिजा प्रसाद त्रिवेदी के देवलोकगमन का समाचार दुःखद है। मेरी संवेदनाएं परिवार के साथ हैं। परमेश्वर से पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूं।

### कांग्रेस प्रत्येक विधानसभा में डोर टू डोर चलाएगी कैम्पेन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यालय में दो दिवसीय मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी रहे। आयोजन जिला पुनरीक्षण प्रभारी एवं विधानसभा मतदाता पुनरीक्षण प्रभारी के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी चौधरी ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण केवल तकनीकी कार्य नहीं बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का अभियान है। हर सही मतदाता का नाम सूची में होना चाहिए और किसी भी प्रकार की वोट चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस लगातार मतदाता सूची के सत्यापन और पुनरीक्षण कार्य में जुटी है। कार्यक्रम में बताया गया कि किस तरह से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में डोर-टू-डोर कैम्पेन चलाया जाएगा। मतदाता सूची को पारदर्शी और शुद्ध बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

### ओबीसी को 27 प्रतिशत की भीख नहीं, 52% चाहिए आरक्षणः यादव




**भोपाल।** ओबीसी को 27 प्रतिशत की भीख नहीं, 52 प्रतिशत आरक्षण चाहिए। 28 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, लेकिन उसमें आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) को सम्मिलित न करना बेहद निंदनीय है। अगर हमारा प्रतिनिधित्व बैठक में होता तो बात 52 प्रतिशत आरक्षण की होती। हम हर हाल में 52 प्रतिशत आरक्षण लेके रहेंगे। अगर ओबीसी को 52 प्रतिशत आरक्षण नहीं दिया गया तो हम मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर फिर से आंदोलन करेंगे। उक्त बात दलित-पिछड़ा समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) के नेता दामोदर सिंह यादव ने पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि सरकार और विपक्ष दोनों ही ओबीसी समाज के साथ अन्याय कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रमुख निवेशकों और हितधारकों से किया संवाद

# विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा, निवेश के लिए हो रहे सर्वांगीण प्रयासों से अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल

*शिल्पकारों के लिए वेबसाइट, ग्वालियर किले की कार्ययोजना का विमोचन*

*75 करोड़ रुपए से अधिक के विरासत कार्यों का हुआ शिलान्यास*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ग्वालियर में हो रहे दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कान्क्लेव के दौरान पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 7 भूमियों के लिए 6 निवेशकों को लैटर ऑफ अलॉटमेंट (एलओए) प्रदान किए गए। प्रदेश में इससे सीधे तौर पर 60 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के असंख्य अवसर पैदा होंगे। इन भूमियों पर होटल, रिसॉर्ट और ईको टूरिज्म यूनिट आदि का निर्माण किया जाएगा।

कांक्लेव में अरूण तिवारी को 40 कक्षों के साथ ईको टूरिज्म एक्टिविटी के लिए गांधी सागर मंदसौर और हेमाबर्डी धार में, यश जैन को 20 कक्षों का रिसॉर्ट बनाने रहीपुरा बुराहनपुर में, स्मृति मुकुल थोराट, साईं वेयर हाउस एण्ड एग्रो सर्विस को 20 कक्षों का रिसॉर्ट बनाने बिजाना शाजापुर में, अमित उपाध्याय को 25 कक्षों का होटल- रिसॉर्ट बनाने के लिए कागपुर विदिशा में, संजय पाव को 22 कक्षों के साथ ईको टूरिज्म एक्टिविटीज के लिए गांधी सागर मंदसौर में और विकास नेमा, प्रवीण नायक, एएन एसोसिएट्स को 30 कक्षों का रिसॉर्ट बनाने के लिए लैटर ऑफ अलॉटमेंट प्रदान किया गया।

### पर्यटन को बढ़ावा एवं विरासतों के संरक्षण के लिए शिलान्यास एवं विमोचन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा देने एवं विरासतों के संरक्षण के लिए विकास कार्यों का शिलान्यास एवं विमोचन किया। स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत ग्वालियर में ऐतिहासिक फूलबाग क्षेत्र में 17 करोड़ रुपए के विकास कार्यों और राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय में 58.46 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

### पर्यटन कॉन्क्लेव से ग्वालियर-चंबल एवं बुंदेलखंड को मिलेंगे नए आयामः तोमर

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि निवेश के लिए किए जा रहे सर्वांगीण प्रयास मप्र की अर्थव्यवस्था को बल देंगे। साथ ही रोजगार प्रदान करने में यह कदम मील का पत्थर साबित होंगे। तोमर ने भरोसा जताया कि ग्वालियर में आयोजित पर्यटन कॉन्क्लेव से ग्वालियर-चंबल एवं बुंदेलखंड अंचल में आने वाले समय में पर्यटन के क्षेत्र में बहुत सारी संरचनाएं मूर्त रूप लेंगी।

### सार्थक परिणाम सामने आ रहेः सिलावट

ग्वालियर जिले के प्रभारी व मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रीजनल पर्यटन कॉन्क्लेव की जो श्रृंखला चलाई जा रही है, उसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं।

### पर्यटन नीति-2025 और प्रावधानों का प्रेजेंटेशन

प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने प्रदेश के पर्यटन की विशेषताओं, प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत संरक्षण, ग्रामीण पर्यटन और स्थानीय कला पर आधारित प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से मप्र की पर्यटन नीति-2025 और मप्र पर्यटन फिल्म नीति-2025 के प्रमुख प्रावधानों और निवेशकों को मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। अभिनेता और कलाकार पीयूष मिश्रा ने कहा कि ग्वालियर में रहकर उन्होंने सिनेमा में काम करने का सपना देखा। यहां थिएटर की ट्रेनिंग ली और अमिताभ बच्चन के साथ काम करने के सपने को 2015 में पूरा किया। यह कलाकारों की जननी है। मप्र फिल्म नीति ने प्रदेश में फिल्म शूटिंग को आसान बनाया है।

### निवेशकों ने साझा किए अनुभव

वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस्सार समूह, एविड लर्निंग के सीईओ और रॉयल ओपेरा हाउस मुंबई के क्यूरेटर असद लालजी ने कहा कि मप्र में पर्यटन क्षेत्र का तेज गति से विकास हो रहा है। भारतीय टूर ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष रवि गोसाईं ने कहा कि यह रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव प्रदेश के पर्यटन उत्पादों को प्रदर्शित करने का प्रमुख मंच हैं। मप्र पर्यटन बोर्ड के डेलबर्टो संस्था के सहयोग से शिल्पकारों के उत्पादों के क्राफ्टग्रुम ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और ग्वालियर किले के संरक्षण, और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार की गई कार्ययोजना का विमोचन किया।




### ग्वालियर की पुण्य भूमि में पर्यटन की हैं असीम संभावनाएंः लोधी

पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र मप्र को नंबर वन बनाने के लिए हम सभी सतत प्रयासरत हैं। प्रदेश प्राकृतिक रूप से समृद्ध है। यूनेस्को की कुल 62 साइट्स में 18 साइट्स सिर्फ अकेले मप्र में हैं, जिसमें 3 स्थाई सूची में और 15 संभावित सूची में हैं। ग्वालियर को यूनेस्को सिटी ऑफ म्यूजिक घोषित किया गया है।

## दीपाली रस्तोगी व शिवशेखर शुक्ला को अपर मुख्य सचिव के पद पर किया पदोन्नत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1994 बैच के दो अधिकारियों को पदोन्नत कर अपर मुख्य सचिव (एसीएस) के पद पर पदस्थ किया है।

इसमें प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग दीपाली रस्तोगी तथा इसी बैच के प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन विभाग शिवशेखर शुक्ला को मुख्य सचिव वेतनमान में एसीएस के पद पर पदोन्नत किया है।

यह पदोन्नति एसीएस (गृह) जेएन कंसोटिया के 31 अगस्त को सेवानिवृत्ति के बाद होने वाले रिक्त पद पर की गई है। इसीतरह शुक्ला को भी इसी प्रत्याशा में पदोन्नति दी गई है। जीएडी कार्मिक से जारी आदेश के अनुसार पदोन्नति के बाद अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक दोनों अधिकारियों को उनके पहले से पदस्थ विभागों में स्थानापन्न रूप से की गई है।

रस्तोगी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ ही अस्थाई रूप से विकास आयुक्त के पद पर पदस्थ रहेंगी। जबकि एसीएस शुक्ला संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के साथ ही आयुक्त सह संचालक स्वराज संस्थान एवं न्यासी सचिव भारत भवन तथा विकअ सह आयुक्त पर्यटन एवं प्रबंध संचालक, मप्र पर्यटन विकास बोर्ड तथा अपर मुख्य सचिव धार्मिक न्यास एवं धमस्व विभाग अतिरिक्त प्रभार के पास यथावत रहेगा।

सीएम को पत्र लिखकर आदेश निरस्त करने की मांग

## वन विकास निगम के एमडी का आदेश श्रमिक विरोधीः पांडे

◆ *240 दिनों से ज्यादा दैवेभो श्रमिकों को सेवा में न रखे जाने के दिए हैं निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने वन विकास निगम के प्रबंध संचालक द्वारा जारी किए गए आदेश को श्रमिक विरोधी बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर श्रमिक विरोधी आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि मप्र वन विकास निगम के प्रबंध संचालक एचयू खान ने आदेश जारी करके विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 240 दिवस से ज्यादा दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को सेवा में न रखा जाए। जबकि वन विकास निगम में वर्षों से श्रमिक लगातार सेवारत हैं। वन विकास निगम के प्रबंध संचालक श्रम अधिनियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। वन विकास निगम के प्रबंध संचालक श्रम अधिनियम का पालन करने से बचना चाहते हैं। पांडे ने कहा कि श्रम अधिनियमों में स्पष्ट प्रावधान है कि 240 दिवस की सेवा करने के बाद दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को स्थाई वर्गीकृत का लाभ दिया जाए। प्रबंध संचालक के श्रमिक विरोधी आदेश के तहत यदि निगम के किसी भी श्रमिक की सेवा समाप्त की गई तो कर्मचारी मंच श्रमिकों के हित में संघर्ष करेगा तथा प्रबंध संचालक द्वारा जारी किए गए आदेश को निरस्त करने की सरकार से मांग करेगा।

राहुल गांधी का पुतला जलाने की जिम्मेदारी महिला मोर्चा को सौंपीः माया नारोलिया

# प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यालयों के सामने आज भाजपा महिला नेत्रियां करेगी विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठक हुई।

मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने बताया कि भाजपा संगठन द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को प्रभावी बनाने एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माता को लेकर अभद्र टिप्पणी किए जाने पर राहुल गांधी का पुतला जलाने की जिम्मेदारी महिला मोर्चा को सौंपी गई है।

### मां का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान : नेहा बग्गा

माया ने बताया कि 31 अगस्त एवं 1 सितंबर को महिला मोर्चा प्रधानमंत्री मोदी और उनकी दिवंगत माता के खिलाफ की गई अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ राहुल गांधी का पुतला दहन करेगी। वहीं भाजपा नेत्री नेहा बग्गा ने कहा कि मां का अपमान, हिंदुस्तान नहीं सहेगा। कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के लिए अभद्र व आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग, उनकी मातृशक्ति के प्रति दूषित और गिर चुकी मानसिकता को दर्शाता है। यह निंदनीय कृत्य सिर्फ एक मां का नहीं, बल्कि पूरे देश की मातृशक्ति का अपमान है। राजनीति में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन किसी की मां का अपमान करना कांग्रेस की गिरी हुई सोच को उजागर करता है। इसके विरोध में रविवार को भोपाल स्थित कांग्रेस मुख्यालय (प्रदेश कांग्रेस कार्यालय) पर भव्य प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत माता को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा अपमानजनक टिप्पणी और अभद्र भाषा कहने के खिलाफ मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा 31 अगस्त और एक सितंबर को प्रदेश के सभी जिलों में कांग्रेस कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा कार्यकर्ता महिला नेत्रियों के नेतृत्व में प्रदर्शन करेंगे। रविवार 31 अगस्त को दोपहर 12 बजे भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री और उनकी माता पर की गई अभद्र टिप्पणी का विरोध किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिला मोर्चा पदाधिकारियों के साथ विभिन्न संगठनों की बहनें शामिल होंगी और राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की जाएगी। कुछ जिलों में 31 अगस्त को और कुछ जिलों में एक सितंबर को प्रदर्शन किया जाएगा।

कांग्रेस नेताओं ने लाइब्रेरी को बताया कांग्रेस विचारधारा का मंच

# प्रदेश प्रभारी चौधरी ने किया पीसीसी में नवीन लाइब्रेरी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने लाइब्रेरी की स्थापना और शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे कांग्रेस संगठन की बौद्धिक और वैचारिक मजबूती की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी चौधरी ने कहा कि देश में संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए जो लड़ाई लड़ी जा रही है, उसमें अध्ययन की अहम भूमिका है।

देश की मूल आत्मा, देश के संविधान को बचाने के लिए जो भी कांग्रेस पार्टी को करना पड़ेगा, वो हम प्रदेश के लोगों की ताकत का उपयोग करके करेगी। इसी सोच के साथ हमने कांग्रेस कार्यालय में इस लाइब्रेरी का शुभारंभ किया है। कांग्रेस विचार विभाग के प्रमुख भूपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस प्रदेश



कार्यालय में एक पॉडकास्ट स्टूडियो भी बनाया जाएगा, जिसमें कांग्रेस नेता आकर अपने पॉडकास्ट शूट कर पाएंगे। इसके अलावा एक फैक्ट-चेक लैब बनाने की बात भी कही। संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने कहा कि यह लाइब्रेरी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं की बौद्धिक क्षमताओं के विकास में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। कांग्रेस केवल राजनीतिक आंदोलन की धारा नहीं है, बल्कि यह एक विचारधारा है।

सिविल सर्जन पर संचालनालय के आदेश की गलत व्याख्या करने का आरोप

# जेपी अस्पतालः 21 कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर आउटसोर्स में किया जाएगा मर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के जेपी अस्पताल में बीते 25 साल से काम कर रहे 21 कर्मचारियों की नौकरी संकट में है। इन सभी को अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने एक पत्र जारी किया है, उसमें लिखा है कि आपकी सेवाएं समाप्त कर आउटसोर्स एजेंसी को सौंपी जा रही हैं। यह सभी 21 कर्मचारी अस्पताल की रोगी कल्याण समिति के द्वारा करीब 25 साल पहले नियुक्त किए गए थे। इनकी नियुक्ति का निर्णय रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक में हुआ था। अब अचानक से सिविल सर्जन द्वारा सभी को नौकरी से हटाने का अल्टीमेटम दिया गया है। इससे कर्मचारियों में आक्रोश है।

▸ अस्पताल प्रबंधन के आदेश से कर्मचारियों में आक्रोश

### नई भर्ती पर रोक और पुराने हटा दिए

दरअसल यह पूरा मामला स्वास्थ्य संचालनालय के उस आदेश से जुड़ा है। जिसमें कहा गया है कि आईपीएचएस मानकों के अनुसार अब से किसी भी स्वास्थ्य संस्था में रोक कल्याण समिति या सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा सीधे तौर पर कर्मचारियों की भर्ती न की जाए। जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन संचालनालय के इस आदेश को आधार बनाकर रोकस के अधीन पहले से काम कर रहे 21 कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने का आदेश पारित कर दिया।

### कलेक्टर से नोटशीट पर लिया अनुमोदन

अस्पताल के 21 कर्मचारियों की सेवा समाप्ति करने के लिए सिविल सर्जन ने कलेक्टर से नोटशीट पर अनुमोदन लिया है। इस नोटशीट में लिखा है कि अभी रोगी कल्याण के तहत 21 कर्मचारियों पर हर माह तीन लाख रुपए वेतन के रूप में खर्च किया जाता है। यदि इन कर्मचारियों को आउटसोर्स कर दिया जाए तो अस्पताल को हर माह तीन लाख रुपए की बचत होगी। सिविल सर्जन ने कलेक्टर को भी अंधेरे में रख नोटशीट पर अनुमोदन लिया है।

### आउटसोर्स एजेंसी नहीं देती समय पर वेतन

जेपी अस्पताल में जिस फर्म के पास आउटसोर्स सेवाएं देने का टेंडर है, उसका नाम इंदौरिया सिक्योरिटी फोर्स है। कंपनी पहले से विवादों में है। इस कंपनी पर जेपी अस्पताल के कई ठेका कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि समय पर वेतन नहीं दिया जाता। कलेक्टर रेट से तय वेतन में मनमानी कटौती की जाती है। कर्मचारियों को आउटसोर्स पर रखने की बजाए एनएचएम में मर्ज किया जाएं। अगर कर्मचारियों को रोगी कल्याण समिति से हटाकर आउटसोर्स पर किया तो संघ द्वारा आंदोलन शुरू कर प्रदर्शन किया जाएगा।

**सुरेंद्र कौरव, प्रदेशाध्यक्ष, समस्त स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी महासंघ**

### किन-किन पदों से हटाया

कम्प्युटर ऑपरेटर- 3 टिकट राइटर-8 फार्मासिस्ट-2 लैब टेक्नीशियन- 1 डेंटल असिस्टेंट-1 वाहन चालक -4 माली-1 सफाईकर्मी-1

### सेवा समाप्त नहीं की

हमने सेवा समाप्त नहीं है, बल्कि आउटसोर्स एजेंसी को सेवाएं सौंपने का नोटिस दिया है। इसमें भी कर्मचारियों से उनकी सहमति मांगी गई है। किसी की नौकरी समाप्त नहीं करेंगे।

**डॉ. राकेश श्रीवास्तव, सिविल सर्जन, जेपी अस्पताल**

### फतीपुरा हादसाः मृतकों के परिवार को 10.25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**भोपाल।** महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ के फतीपुरा हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। झाबुआ जिले की तहसील रामा के ग्राम फतीपुरा में शनिवार को दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। रेत से भरे अनियंत्रित ट्रक के घर में घुसने से हादसे में पति, पत्नी और छह वर्षीय पुत्री की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। मृतक परिवार के परिजनों को 40-40 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से मृतक परिवार को विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 10 लाख 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार हरसंभव सहायता के लिए पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

# आजाद मार्केट के पास टीआई सहित पुलिसबल ने शराबियों को खदेड़ा

बाहर सड़क पर दुकान लगाकर शराब पिलाने वालों को टीआई ने मारी लात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवारा थाना थाने के पीछे आजाद मार्केट के पास वाइन शॉप के सामने शुक्रवार रात एकाएक थाना प्रभारी बल के साथ पहुंच गए। पहुंचते ही उन्होंने लात और थप्पड़ बरसाने शुरू कर दिए। दरअसल, थाना प्रभारी का कहना है कि ट्रांस्पोर्ट रोड पर हम्माल दिन भर हम्माली करने के बाद वाइन शॉप के बाहर लगी दुकानों के पास खड़े होकर शराब पीते हैं। इससे वहां से गुजरने वालों को दिक्कतों का सामाना करना पड़ता है। कलारी से कुछ दूरी पर झांकी भी विराजमान है। पुलिस द्वारा इस तरह की गई कारवाई से आसपास के दुकानदारों में नाराजगी है।

थाना प्रभारी अजय कुमार सोनी ने बताया कि शुक्रवार रात सूचना मिली थी कि वाइन शॉप के पास विवाद हो गया है। वे बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान वाइन शॉप के पास अवैध रूप से लगाई गई दुकानों पर लोग खड़े दिखें, जिन्हें वहां से खदेड़ दिया गया। थाना प्रभारी का कहना है कि बार-बार शिकायत मिलने के कारण उन्हें बलपूर्वक कार्रवाई करनी पड़ी। ताकि यहां आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा न लग सके।




**अंडे की तपेली गिराई**

सीसीटीवी फुटेज में बलपूर्वक कार्रवाई साफ नजर आ रही है। थाना प्रभारी की लात और थप्पड़ के अलावा दुकान में रखी तपेली को लात मारकर गिराने की घटना की वीडियो में नजर आ रही है।

### दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

थाना प्रभारी ने पहुंचते ही ठेला लगाने वाले एक व्यक्ति को थप्पड़ मारने शुरू कर दिए। ठेले के पास खड़े एक युवक को उन्होंने लात मारी, जबकि ठेले वाले को भी लात मारी है। इसी बीच कर्मचारियों ने आसपास खड़े लोगों को पीटना शुरू कर दिया। एकाएक पुलिस की बलपूर्वक कार्रवाई देखते हुए वहां खड़े लोगों में भगदड़ मच गई। यह पूरी घटना पास ही दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# गुफा मंदिर के रामानंद आश्रम में सांप ने छात्र को काटा, मौत

भतीजे ने पानी से अंगूठा धुलवाया और चंदन लगाने के बाद सुला दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित गुफा मंदिर परिसर के रामनंद आश्रम में शनिवार सुबह छात्र को सांप ने काट लिया। छात्र के बेड के बगल में सो रहे उसके भतीजे ने अंगूठे को पानी से धुलवाया और चंदन लगाने के बाद उसे सुला दिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। आश्रम का स्टाफ छात्र को लेकर अस्पताल पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद आश्रम के स्टाफ को सौंप दिया है। छात्र का शव बांदा पहुंचाया, वहां अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**सर्प विशेषज्ञ से पकड़वाया सांप**

सूचना मिलने के बाद कोहेफिजा पुलिस आश्रम पहुंची और अपने साथ सर्प विशेषज्ञ को भी ले गई। सर्प विशेषज्ञ ने सांप की तलाश कर पकड़ा। सर्प विशेषज्ञ का कहना है कि जिस सांप ने अवनेश को काटा है वह जहरीली है।

पुलिस के अनुसार अवनेश त्रिपाठी पिता पंकज त्रिपाठी (15) बांदा जिला, उत्तरप्रदेश का रहने वाला था। अवनेश यहां अपने भतीजे के साथ आश्रम में रहता था और वैदिक शिक्षा का अध्ययन कर रहा था। वह द्वितीय वर्ष में था। शुक्रवार रात भोजन कर आश्रम में सो गया। बगल वाले बेड पर उसका भतीजा भी सो रहा था। सुबह करीब साढ़े चार बजे नींद में अवनेश के मुंह से चीख निकली। उसने भतीजे को बताया कि उसके दाहिने हाथ के अंगूठे में किसी कीड़े ने काटा है। भतीजा उसे बाथरूम ले गया और अंगूठा पानी से साफ करने के बाद चंदन लगाकर सुला दिया। करीब पंद्रह मिनट बाद अवनेश की आवाज निकलनी बंद हो गई। वह इशारों में बातचीत कर रहा था। घटना की जानकारी आश्रम के स्टाफ को लगी तो उसे निजी अस्पताल ले गए। वहां से हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## खबर संक्षेप



### छात्र-छात्राओं को दिया मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण

**तामोट।** शासकीय माध्यमिक शाला कुमडी में छात्र-छात्राओं ने मिट्टी के गणेश जी की प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण लिया। मास्टर ट्रेनर लक्ष्मी नारायण प्रजापति ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान शिक्षक मुकेश कुमार जैन, मनोज चौहान, प्रेमलता दुबे, रजनी चौहान आदि लोग शामिल थे।

### छात्राओं ने लगाए अशोक कदंब, आंवला के 50 पेड़



**संतनगर।** संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फॉर वीमेन की एमबीए इंटीग्रेटेड की छात्राओं ने 'उन्नत भारत अभियान' के तहत गोद लिए गए गांव सूखा निपानिया में 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' की थीम पर पौधरोपण किया। इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना एवं सामाजिक सरोकार से जोड़ना था। छात्राओं ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट क्लब के बैनर तले गाँव जाकर अपने प्राध्यापकों के साथ गुलमोहर, अमलतास, कचनार, अशोक, कदंब, आंवला और हल्दू जैसे पौधों के लगभग 50 पौधे लगाए।

### रामकिशोर नंदवंशी का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** प्रदेश पिछड़ा वर्ग के पूर्व मंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकिशोर नंदवंशी का शनिवार को जन्मदिन मनाया। विधायक सुरेंद्र पटवा, वरिष्ठ नेता कन्हैया नंदवंसी, वरिष्ठ नेता डॉ. कैलाश विनय, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, मनोज चौरसिया, जीतू नंदवंशी, सुदामा तिवारी, राकेश तिवारी, सुनील वर्धमान आदि ने बधाई दी।

### नबीला बनी कंपनी में बिजनेस एग्जीक्यूटिव



**संतनगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के लिए गर्व का विषय है कि बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा नबीला खान का चयन प्रतिष्ठित कंपनी ओशन कॉलाइड, भोपाल में बिजनेस एग्जिक्यूटिव पद पर हुआ है। महाविद्यालय से कुल छह छात्राओं ने वॉक-इन इंटरव्यू में भाग लिया, जिनमें नबीला ने अपनी मेहनत, आत्मविश्वास एवं कौशल के बल पर यह पद प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने नबीला खान ने बधाई दी है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2716 | | |
| दिन: | 148 | 38 | 468 |
| रात: | 348 | 50 | 235 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 568 | 91 | 227 |
| रात: | 450 | 91 | 155 |

## गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित संत कंवरराम कॉलोनी में हुई वारदात

# स्कूल संचालक के घर से की 30 लाख की चोरी दो दिन पहले काम पर रखी महिलाओं पर संदेह

**कैमरे में कैद हुईं संदिग्ध महिलाएं, साढ़े 4 लाख की नगदी सहित जेवरात चोरी**

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित संत कंवरराम कॉलोनी में निजी स्कूल के संचालक के घर से दिनदहाड़े चार लाख की नगदी सहित करीब तीस लाख रुपए के जेवर चोरी हो गए। स्कूल संचालक को संदेह है कि जिन दो महिलाओं को उन्होंने काम पर रखा था। उन्हीं महिलाओं ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जिस समय वारदात हुई उस समय घर में स्कूल संचालक की 85 साल की बुजुर्ग मां मौजूद थीं। इनमें से महिला ने बुजुर्ग मां को बातों में उलझाए रखा, जबकि दूसरी महिला ने अलमारी से सामान चुरा लिया। दोनों आरोपी महिलाएं फरार होते कैमरे में कैद हुई हैं। हुलिए के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार संत कंवर राम कॉलोनी थाना गौतम नगर निवासी राजकुमार शिवनानी (65) टीला जमालपुरा स्थित सन शाइन पब्लिक स्कूल के संचालक हैं। उनकी पत्नी निशी राज स्कूल की प्रिंसिपल हैं। शुक्रवार 29 अगस्त की सुबह करीब साढ़े 9 बजे राजकुमार और उनकी पत्नी स्कूल चले गए थे। उनकी बेटी सृष्टि राज सुबह सवा 6 बजे मिठ्ठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल बैरागढ़ चली गई थीं। राजकुमार शिवनानी की मां मालती शिवनानी (85) घर में अकेली थीं। निशी राज ने 27 अगस्त को दो महिलाओं को खाना बनाने और घर की साफ-सफाई के लिए काम पर रखा था। दोनों महिलाएं 29 अगस्त की सुबह साढ़े 9 बजे काम पर आ गई थीं। राजकुमार और उनकी पत्नी निशी राज दोनों दोपहर करीब तीन बजे घर लौटे। निशी राज पर्स रखने कमरे में गईं तो अलमारी खुली मिली और उसका लॉकर टूटा हुआ था। लॉकर से सोने के पुराने इस्तेमाली जेवरात, 12 चूड़ियां, दो जोड़ी कड़े, एक सिंगल कड़ा, 4 ब्रेसलेट और दूसरे पाउच में 10-12 सोने की चेन, एक जोड़ी कान के टॉप्स, सात-आठ अंगूठियां, गले का मंगलसूत्र, हाथ का मंगलसूत्र व नगदी चार लाख 40 हजार रुपए रखे थे। उन्हीं पाउच में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा जेपी नगर के लॉकर की चाबी भी रखी थी।





**साढ़े 11 बजे फरार होती दिखीं महिलाएं**

राजकुमार शिवनानी का कहना है कि उन्होंने बिना पुलिस वेरीफिकेशन के दोनों महिलाओं को काम पर रख लिया था। उसका खामियाजा उन्हें चोरी के रूप में भुगतना पड़ा। सुबह करीब साढ़े 11 बजे दोनों महिलाएं घर से चोरी कर फरार होते हुए कैमरों में कैद हुई हैं। पुलिस का कहना है कि दर्जनों कैमरों के फुटेज चेक कर रूटमेप तैयार किया जा रहा है। मुखबिर तंत्र भी सक्रिय कर दिया गया है।

### देर रात घर में घुसा चोर, पकड़ने पर बदमाश ने लात-घूंसों से पीटा, परिजनों ने पकड़ा

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथ कॉलोनी में देर रात बदमाश घर में घुस गया। सामान गिरने की आवाज सुनकर घर वालों की नींद खुल गई। उन्होंने देखा कि बदमाश अलमारी से सामान चुराने का प्रयास कर रहा है, उसे पकड़ा तो फरियादी के साथ लात घूंसों से मारपीट की। शोर सुनकर अन्य परिजन पहुंचे और बदमाश को धरदबोचा। परिजन चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस के अनुसार आमिर अली पिता बाबू खान (32) जगन्नाथ कॉलोनी बांबे बैकरी वाली गली, ऐशबाग में रहता है और कंस्ट्रक्शन का काम करता है। उसने अपने भाई आसिफ अली के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की। उसने बताया कि बुधवार-गुरुवार की रात वह अपने कमरे में सो रहा था। रात करीब पौने 1 बजे उसे सामान गिरने की आवाज आई। उसने देखा तो बेडरूम में एक अज्ञात व्यक्ति घुसा हुआ है और अलमारी खोलकर चोरी कर रहा था। आमिर ने उसे पकड़ लिया तो उसने हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। आमिर ने शोर किया तो उसके भाई पहुंच गए। इसके बाद बदमाश को पकड़ लिया। चोर ने अपना नाम सद्दाम हुसैन पिता शाहिद अली (34) ग्राम दौताई पोस्ट दौताई जिला हापुड़ उत्तर प्रदेश बताया। आमिर और उसके भाइयों ने बदमाश को पुलिस के हवाले कर दिया है।

# गणेशोत्सव की धूम, पंडालों में बप्पा के दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

दस दिवसीय गणेशोत्सव की धूम हर तरफ देखने को मिल रही है। औबेदुल्लागंज, तामोट सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में गणेशजी की सुंदर और मनमोहक झांकी सजाई गई है, जिसे देखने के लिए भक्तों की भीड़ जुटना शुरू हो गई है।

वहीं घर-घर में गणपति बप्पा की पूजा कर सेवा करने में जुटे हैं। तामोट के मुख्य बाजार, राम मंदिर, खिरिया मोहल्ला, हिरानिया मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ला, विकास चौहान के घर आदि जगहों पर गणेशजी की आकर्षक झांकियां सजाई गई है।

औबेदुल्लागंज के महावीर कॉलोनी, अर्जुन नगर, रेलवे फाटक के पास सीताराम चौराहा, हिरानिया, वार्ड 14 बरखेड़ा रोड, वार्ड 13 में भी आकर्षक झांकी बनाई गई है।









औबेदुल्लागंज के विभिन्न क्षेत्रों में सजी भगवान गणेशजी की मनमोहक झांकियां।

## कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

# अजय को नेता प्रतिपक्ष और अरुण को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भोजपुर क्षेत्र एवं जिला रायसेन के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ नेता श्याम सिंह, अनिल यादव, पूर्व नपा उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पूर्व डायरेक्टर खेत सिंह, वरिष्ठ किसान नेता सूरज प्रसाद नागर, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र, सलीम, सोहेल, डॉ. नंदू नागर आदि ने बताया कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस लाना है, तो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, पूर्व प्रतिपक्ष नेता अजय सिंह को नेता प्रतिपक्ष बनाया जाना चाहिए।

कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव को बनाने से मध्य प्रदेश में कांग्रेस मजबूत तो होगी। वहीं बिहार में भी कांग्रेस को लाभ होगा। मध्य प्रदेश के हर जिले में राहुल भैया और अरुण यादव के समर्थक हैं। दोनों लोकप्रिय नेता हैं, उनकी अच्छी छवि है। भोजपुर जिला रायसेन, तामोट, औबेदुल्लागंज, मंडीदीप, बाड़ी, बरेली, सिलवानी, बेगमगंज, गडरवास आदि के अनेक कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी एवं खड़गे को मध्य प्रदेश में शीघ्र परिवर्तन करने की मांग की है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के चुनाव में भी कांग्रेस को लाभ मिलेगा। बैठक में सभी ने एक मत होकर इस मुद्दों को सहमति दी।



# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## राजभवन तिराहे के पास हुआ था हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित केएन प्रधान तिराहा पर कार ने बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार श्यामला हिल्स निवासी मोहम्मद अरीब (55) गत 11 अगस्त को बाइक से राजभवन से पालीटेक्निक चौराहा की तरफ जा रहे थे। दोपहर करीब सवा दो बजे वह केएन प्रधान तिराहे के पास पहुंचे ही थे कि एक तेज रफ्तार कार के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई थी। तिराहा पर तैनात यातायात पुलिस के कर्मचारियों ने टक्कर मारने वाले कार चालक को रोक लिया और उसकी कार से अरीब को इलाज के लिए मालवीय नगर स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। हादसे की सूचना के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे तो अरीब आईसीयू में भर्ती मिले और बेहोश थे। बाद में घरवालों ने थाने जाकर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया था। इधर, गुरुवार रात उनकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई।

*अस्पताल में इलाज के दौरान बिगड़ी तबीयत, गुरुवार को हो गई मौत*

# टैक्सी में सवारी के नाम पर कर रहा था शराब की तस्करी, पुलिस ने दबोचा

पुलिस ने दस पेटी में 90 लीटर देशी मदिरा मसाला शराब जब्त की

## आस-पास के जिलों से खरीदकर लाता था शराब, स्लम क्षेत्रों में करता था ब्रिकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से दस पेटी देशी मदिरा बरामद की है। आरोपी अपनी स्विफ्ट कार को टैक्सी में चलाता था। सवारी नहीं मिलने पर दूसरे जिलों से अवैध शराब लाकर यहां स्लम क्षेत्र में बेचता था। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति टैक्सी के रूप में अपनी स्विफ्ट कार चलाने की आड़ में बाहर से अवैध शराब लाकर इंद्रपुरी, अर्जुन नगर और झील नगर झुग्गी एरिया में बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मंगल भवन नगर निगम ऑफिस के पास सुरेन्द्र धाकड़ (25) निवासी ग्राम सेवनिया ओंकारा पिपलिया जाहिरपीर थाना सूखी सेवनिया को हिरासत में लेकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार की डिग्गी से चार पेटी और पीछे वाली सीट पर रखी छह पेटी समेत कुल दस पेटी (90 लीटर) देशी मदिरा मसाला शराब अवैध रूप से रखी मिली। पुलिस ने कार और अवैध शराब समेत कुल 6 लाख रुपए का मशरूका बरामद कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी इन दिनों अंकिता परिसर शुभम शादी हाल के पीछे अयोध्या नगर इलाके में रह रहा था। वह दसवीं कक्षा तक पढ़ा है और अपनी स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 04 टीबी 4385 टैक्सी के रूप में चला रहा था। उसके खिलाफ थाना देव नगर जिला रायसेन, थाना बरेली जिला रायसेन, गोविंदपुरा और अयोध्या नगर थाने में प्रकरण दर्ज हैं।




## पिछले दिनों हाईकोर्ट ने ईओडब्ल्यू की दर्ज धोखाधड़ी की एफआईआर को कर दिया था रद्द

# धोखाधड़ी के मामले में बिल्डर राजेश शर्मा को हाईकोर्ट से राहत मिलने पर अब ईओडब्ल्यू कर रही अपील की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसान से 2 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में पिछल्ले दिनों ईओडब्ल्यू ने बिल्डर राजेश शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी ,जिसे हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। सिंगल बेंच ने अपनी निर्णय में इसे दो पक्षों का प्राइवेट मामला बताकर ईओडब्ल्यू का दखल देना अनुचित करार दिया था। साथ ही दोनों पक्ष को सिविल कोर्ट में जाने की सलाह दी थी। इसी लिए अब ईओडब्ल्यू सिंगल बेंच के निर्णय को डबल बेंच में अपील की तैयारी कर रही है।

ईओडब्ल्यू ने इस मामले में काफी अहम सबूत एकत्रित किए थे। दरअसल पूरा मामला यह है कि ईओडब्ल्यू ने राजेश शर्मा के साथ उसके सहयोगी राजेश तिवारी और दीपक तुलसानी सहित अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। इसमें आरोप था कि बिल्डर राजेश शर्मा ने अपनी फर्म के जरिए रातीबड़ के किसान चिंता सिंह मारण के साथ जमीन खरीदने का एग्रीमेंट किया था। इस मामले में बिल्डर और उसके सहयोगियों पर 2 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगा। एफआईआर में उल्लेख था कि बिल्डर ने किसान के खातों से अपनी फर्म के खातों में 2 करोड़ की राशि उसकी बिना जानकारी के ट्रांसफर कर ली थी।

**ईओडब्ल्यू को इस मामले में झटका लगा**

मामले का खुलासा होने के बाद ईओडब्ल्यू ने बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद बिल्डर ने हाईकोर्ट में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर चुनौती दी, जिसमें हाईकोर्ट ने एफआईआर को रद्द कर दिया, जिससे ईओडब्ल्यू को इस मामले में झटका लगा। इसी लिए अब ईओडब्ल्यू इसके खिलाफ डबल बेंच में अपील करने की तैयारी में है। बिल्डर राजेश शर्मा की कंपनी त्रिशूल कंस्ट्रक्शन पर आयकर विभाग भी पूर्व मे छापा मार चुका है, जिसकी जांच चल रही है।




**आयकर विभाग 250 करोड़ की प्रॉपर्टी कर चुका अटैच**

पूर्व में आयकर विभाग बिल्डर राजेश शर्मा की करीब 250 करोड़ की 24 प्रॉपर्टी अटैच कर चुका ह। दरअसल आयकर विभाग ने त्रिशूल कंस्ट्रक्शन, क्वालिटी ग्रुप, ईशान ग्रुप के संचालकों के 56 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें भोपाल के 53 और इंदौर के दो व ग्वालियर के एक ठिकाने पर की गई छापेमारी में आयकर विभाग को 10 करोड़ रुपए कैश और 25 से ज्यादा लॉकर की जानकारी मिली थी।

# पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन जिनालय में विधान व शांतिधारा कर की पूजा

## उत्तम आर्जव धर्म के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

पर्यूषण पर्व तीसरा दिन शनिवार को पार्श्वनाथ जैन मंदिर में पंडित लक्ष्मी चंद, मुकेश जैन परिवार ने विधान किया। दिगंबर जैन मंदिर पुराना मंदिर मुख्य रोड पर अनुराग जैन, नीति जैन, पवन रितेश जैन, टिल्लू भैया ने शांति धारा की। तामोट में अरुण जैन, अजीत जैन, अरविंद जैन, मनोज जैन, राजेंद्र जैन पिंकी आदि ने पूजा-पाठ किया।

तीसरे दिन शनिवार को उत्तम आर्जव धर्म पर सांगानेर राजस्थान से आए अनुराग जैन ने बताया कि जीवन में सहज सरल बनो, जो मन में हो उसे ही वाणी और व्यवहार में उतारना ही आर्जव धर्म है। व्यक्ति के जीवन में दोहरापन दिखाई देता है यह दोहरापन ही मायाचारी है। जीवन को सरल बनाना आवश्यक है। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष सुनील जैन, कोषाध्यक्ष एलसी जैन, पूर्व अध्यक्ष तरुण जैन, सुनील वर्धमान, संभव जैन, विजय सीमा जैन, आशा रानी मीना तामोट, नरेश दादा, आकाश मयूरी, दिनेश गुड्डन जैन, संगीता जैन, पूर्व पार्षद मीना जैन, पुष्पा जैन आदि शामिल हुए।





# 2017 में मर्चेंट नेवी की नौकरी छोड़कर वैदिक घड़ी बनाने का लिया संकल्प, बनाई एक टीम

## विक्रमादित्य वैदिक घड़ी बनाने वाले आरोह श्रीवास्तव से हरिभूमि की खास बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जब मैं मर्चेंट नेवी में था, तब मेरे दिमाग में एक चीज आई कि प्राचीन काल में बिना जीपीएस के समय की गणना कैसे होती होगी। कैसे नाविक काल का निर्धारण करते होंगे, तब एक ही बात समझ आई कि वो सूर्य की दशा के अनुसार की काल गणना करते होंगे, और हमारे देश में तो यही सिद्धांत सदियों से चला आ रहा है और फिर मैंने 2017 में मर्चेंट नेवी की नौकरी छोड़कर काल गणना की वैदिक पद्धति के आधार पर इस घड़ी के निर्माण का सोच, जिसमें सूर्य की दशा के अनुसार काल निर्धारण होगा... यह कहना है विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के अन्वेषणकर्ता आरोह श्रीवास्तव का, जिन्होंने हरिभूमि से बातचीत में वैदिक घड़ी बनाने की अपनी जर्नी के बारे में बात चीत की।

### एआई, बिग डेटा, रोबोटिक्स इंजीनियरिंग करने वाले टीम मेम्बर्स को जोड़ा

आरोह ने कहा कि इस कार्य में मैं अकेला नहीं था, बल्कि मेरे साथ एक पूरी टीम कार्य कर रही थी, जिसमें आईआईटी दिल्ली के विशाल सिंह थे। जिन्होंने एआई और बिग डाटा पर काम किया, साथ ही मेरे छोटे भाई अरुण श्रीवास्तव ने रोबोटिक्स इंजीनियरिंग पर काम करते हुए इस प्रोजेक्ट में रिसर्च की और इस प्रकार से हमारी एक पूरी रिसर्च टीम ने मिलकर इस घड़ी को बनाया और इसको बनाने का उद्देश्य सिर्फ यही था कि जो एंटी मेरिडियन और पोस्ट मेरिडियन समय की गणना जो पूरे विश्व में की जाती है, असल में उसकी उत्पत्ति भारत से ही हुई है और यही चीज हमें सभी को बताना थी।

### काल निर्धारण की वर्तमान पद्धति अंग्रेजों की सोची-समझी साजिश

अपने परिवार को मैंने बताया कि मैं नौकरी छोड़कर एक समय निर्धारण की घड़ी पर काम कर रहा हूं, तो उन्होंने मुझे सपोर्ट ही किया क्योंकि मेरा मानना है कि 1884 में 19 देशों ने एक मीटिंग करके काल निर्धारण की गणना जीएमटी ग्रीन विच मीन टाइम से की और इसी के आधार पर पूरे विश्व का काल निर्धारण किया जो एक प्रकार से अंग्रेजों की हम पर थोपी हुई चीज है और पूरे विश्व पर राज करने की उनकी सोची समझी साजिश भी।

## मुख्यमंत्री करेंगे विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का अनावरण एवं एप का लोकार्पण

# भारतीय काल गणना पर आधारित विश्व की पहली घड़ी है...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का अनावरण एवं एप का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास पर करेंगे। यह बात मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि सुबह 9 बजे शौर्य स्मारक से बाइक रैली आरंभ होगी, जो रवींद्र भवन तक जाएगी। रवींद्र भवन से बाइक रैली पैदल मार्च में बदलकर मुख्यमंत्री निवास के द्वार तक पहुंचेगी। इस अवसर पर 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ीः भारत के समय की पुनर्स्थापना की पहल' विषय युवा संवाद कार्यक्रम भी होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव युवाओं से संवाद करेंगे। तिवारी ने बताया कि विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय काल गणना पर आधारित विश्व की पहली घड़ी है। इसका अन्वेषण आरोह श्रीवास्तव ने किया। इस घड़ी का पुनरस्थापन विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के रूप में उज्जैन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 29 फरवरी 2024 को किया गया था

### क्या है विक्रमादित्य वैदिक घड़ी

विक्रमादित्य वैदिक घड़ी एप में 3179 विक्रम पूर्व (श्रीकृष्ण के जन्म), महाभारतकाल से लेकर 7000 से अधिक वर्षों के पंचांग, तिथि, नक्षत्र, योग, करण, वार, मास, व्रत एवं त्यौहार आदि की दुर्लभ जानकारियों को समाहित किया गया है। धार्मिक कार्यों, व्रत और साधना के लिए 30 अलग-अलग शुभाशुभ मुहूर्त की जानकारी एवं अलार्म की सुविधा भी है। प्रचलित समय में वैदिक समय (30 घंटे), वर्तमान मुहूत स्थान, एएम और पीएम समय, तापमान, हवा की गति, आर्द्रता आदि मौसम संबंधी सूचनाएं भी लोगों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह एप 189 से अधिक वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध है, जिसमें दैनिक सूर्योदय और सूर्यास्त की गणना तथा उसी आधार पर हर दिन के 30 मुहूर्तों का सटीक विवरण शामिल है।

## नेशनल लेवल कथक डांस मेगा इवेंट का आयोजन रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में



# शुद्ध कथक से सजी कृष्ण और गोपियों की रासलीला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री कृष्ण ने अपने जीवन में अनेक लीलाओं को निरूपित किया, जिसमें उनकी सबसे प्रमुख लीला राधा और गोपियों के साथ देखी जाती है, जिसे रासलीला कहते है। श्री कृष्णा, राधा और गोपियों की छेड़खानी पर आधारित रासलीला का यही रूप देखने को मिला नेशनल लेवल कथक डांस मेगा इवेंट में, जिसका आयोजन शनिवार शाम रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में किया गया, जिसे शुद्ध कथक के साथ सुर, ताल और लय में पिरोया विविधा अकादमी की छात्राओं ने। जहां एक और शुद्ध कथक की प्रस्तुति खास रही तो वहीं दूसरी ओर दर्शकों का उत्साह भी देखते बना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री विश्वास सारंग एवं महापौर मल्टी राय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### महाराष्ट्र की लावणी और जयतु की प्रस्तुति रही खास



कार्यक्रम की शुरुआत नृत्यांगनाओं ने गणेश वंदना से की, जिसमें गजानन के विविध रूपों को नृत्य नाटिका में पिरोते हुए दिखाया। वहीं अगली प्रस्तुति नटरंगा के रूप में लावणी की रही, महाराष्ट्र की इस लावणी के लिए छात्राओं की वेशभूषा देखते ही बनी तथा अंत में देशभक्ति गीतों पर आधारित जयतु की प्रस्तुति का श्रोताओं ने करातल ध्वनि से स्वागत किया।

मुकेश के गाए एक से बढ़कर एक गीतों ने श्रोताओं को किया झूमने पर मजबूर



# समन्वय भवन में मुकेश के सदाबहार गीतों से सजी संगीत संध्या में गूंजे सूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिलन म्यूजिकल ग्रुप एवं श्रमश्री संस्था द्वारा गीत मिलन के.... संगीत संध्या में सदी के महान पार्श्व गायक मुकेश के गीतों की यादगार संगीत संध्या में श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम की शुरुआत जोत से जोत जगाते चलों... गीत से हुई, जिसे गायक चित्रांशू श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। इसके बाद मुकेश संजय शर्मा ने कई सदियों से... गाना गाया तो तालियों की गडगड़ाहट से हाल गूंज उठा। वहीं कार्यक्रम की अगली कड़ी में बिलासपुर से आए गायक अंचल एवं ज्योति ने चल सन्यासी मंदिर में... युगल गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### ओ मेरे सनम... युगल गीत की प्रस्तुति रही खास

वहीं अगली कड़ी में मुंबई से आईं गायिका गौरी मिश्रा एवं बसत बत्रा ने ओ मेरे सनम... युगल गीत पर एक बार फिर तालियों का सैलाब ला दिया। मुंबई के ही हेमन्त वर्मा के गाने पर भोपाल के संगीत प्रेमी वन्स मोर की फरमाईश करते रहे। गीतों से सजी इस कड़ी में भोपाल के हरफन मौला गायक असलम हमदुले ने अपनी गायकी व अभिनय ने श्रोताओं का ध्यान अपनी ओर बरबस ही खींच लिया।

# प्रतिष्ठित शमशेर सम्मान कवि अनिल मिश्र को

**भोपाल।** वर्ष 2024 का प्रतिष्ठित शमशेर सम्मान कवि अनिल मिश्र को साहित्य के क्षेत्र में उनके कविता और कथेतर गद्य के लिए दिया गया है। पुरस्कार की घोषणा शनिवार को मध्य प्रदेश की संस्था 'अनवरत' ने की गई। अब तक अनिल मिश्र के चार कविता-संग्रह और आलोचना की एक पुस्तक प्रकाशित है। 'भूमि, भाषा, भंगिमा' आलोचना की उनकी चर्चित किताब है।' हम अलख के स्वर अकिंचन', 'खिली रहना धूप', 'भूखे पेट की रात लंबी होगी (लेबर चौराहा)'और 'आकाश पंख नहीं देता' उनके प्रसिद्ध कविता संग्रह हैं। उनकी कविताओं का अनुवाद तेलुगू, मलयालम, बंगाली, उड़िया और मराठी आदि भारतीय भाषाओं तथा अंग्रेजी और ग्रीक में हो चुका है। उन्हें इसके पूर्व महाराष्ट्र हिंदी साहित्य अकादमी का 2020-21 का सर्वोच्च जीवन गौरव पुरस्कार, पंकज सिंह स्मृति सम्मान सहित अनेक पुरस्कार, सम्मान मिल चुके हैं।



# रवींद्र भवन में गीत गाता चल म्यूजिकल ईव आज

**भोपाल।** रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में रविवार को 'गीत गाता चल' म्यूजिकल ईव का आयोजन किया जा रहा है। द गेट बंधन की ओर से आयोजित इस संगीत संध्या में शहर के शौकिया गायक अपनी मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को सुरमय बना देंगे। कार्यक्रम की संयोजक एकता सिंह और लक्ष्मण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि मंच पर उतरने वाले सभी कलाकार हमारे समूह द्वारा कोरोना काल के दौरान तैयार किए गए हैं।

# दस दिवसीय संगीत-नृत्य कार्यशाला 'कल्पना' का आरंभ 1 सितंबर से

**भोपाल।** चैतन्य सोश्यो कल्चरल सोसायटी द्वारा दस दिवसीय संगीत-नृत्य कार्यशाला 'कल्पना' का आरंभ 1 से 10 सितंबर तक मायाराम सुरजन स्मृति भवन में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगा। कार्यशाला में संगीत संचालन, निर्देशन दूरदर्शन और आकाशवाणी के टॉप ग्रेड गायक और तबला वादक उस्ताद सलीम अल्लाहवाले करेंगे। नृत्य संचालन बैले नृत्यांगना व कोरियोग्राफर डॉ. श्रुति कीर्ति बारिक करेंगी और कार्यशाला मार्गदर्शन वरिष्ठ कोरियोग्राफर चंद्र माधव करेंगे।

नाथू गांव की महिलाएं एवं स्कूली बच्चे हुए शामिल



# टैक्सटाइल डिजाइन विभाग, निफ्ट की इको प्रिंटिंग कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल।** निफ्ट भोपाल के टेक्सटाइल डिजाइन विभाग ने निफ्ट एडमिशन आउटरिच इनिशिण्टिव के तहत इको प्रिंटिंग पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में विभिन्न समूहों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिसमें बरखेड़ा नाथू गांव की महिलाएं एवं स्कूली बच्चे मुख्य रूप से शामिल हुए। यह संवाद बेहद रोचक और उत्साहवर्धक रहा। गांव की महिलाओं ने घर पर छोटे उत्पाद, जैसे रूमाल आदि, बनाने के लिए इको प्रिंटिंग तकनीक अपनाने की इच्छा व्यक्त की और अपने गांव की अन्य महिलाओं को यह विधि सिखाने में रुचि भी दिखाई।

# भोजपाल गरबा महोत्सव का दूसरा साल, जंबूरी मैदान पर सात दिनों तक होगी आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में भेल के जंबूरी मैदान में आयोजित होने वाले भोजपाल गरबा महोत्सव के लिए गरबा के लिए प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागियों को इस बार बहुत कुछ नया सीखने को मिल रहा है। इस बार प्रतिभागी 5 गरबा शैली, 5 डांडिया और 2 तीन ताली के साथ ही काछी, तिमली, सनेड़ो, हुड्डो जैसी नई स्टाइल सीख रहे हैं। यह सब भोजपाल गरबा महोत्सव में में देखने को मिलेगा। अहमदाबाद गुजरात से टीम के साथ प्रशिक्षण देने आए प्रशिक्षक राहुल गुप्ता ने बताया कि गुजरात की परंपरागत ढोल को हम यहां पर भी फॉलो कर रहे हैं। हमारी टीम के 6 ट्रेनर और दो ढोली हैं, पिछले पांच सालों से अधिक समय से गरबा की ट्रेनिंग दे रहे हैं।

### काछी, तिमली, सनेड़ो, हुड्डो जैसी नई स्टाइल सीख रहे प्रतिभागी



### शहर में कई जगह चल रहा प्रशिक्षण

शहर में श्री कृष्ण मंदिर विजय मार्केट बरखेड़ा भेल और गुजराती भवन आनंद विहार स्कूल के सामने, 74 बंगला के साथ ही कई अन्य जगहों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 500 से ज्यादा प्रतिभागी गरबा का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### हर दिन सीख रहे अलग स्टेप्स

प्रतिभागी नीलू बघेल, शिवानी शर्मा, अदिति बैरागी प्रतिभागियों ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान हर दिन अलग-अलग स्टेप सिखाया जा रहा है। बीते पांच दिनों से प्रशिक्षण लेने आ रहे हैं। हमें अब तक बहुत कुछ सीख गए हैं। भोजपाल गरबा महोत्सव के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि बीते साल हुए सांस्कृतिक गरबा महोत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।

# 'शह' का अर्थ राजा है और 'नाई' ऐतिहासिक रूप से यह वाद्य बजाने वाला समूह है

## स्पिक मैके इंडक्शन का अंतिम दिनः शहनाई और डॉल्स थिएटर ने छोड़ी गहरी छाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैनिट में आयोजित किया गया कार्यक्रम



मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मेनिट) में नवप्रवेशी छात्रों के ओरिएंटेशन के तहत आयोजित स्पिक मैके का तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। उत्सुकता और जोश से भरे चेहरों के बीच कला और संस्कृति की अनोखी पाठशाला मैनिट में सजी तो इसकी बात की निराली थी। पहले सत्र में बनारस घराने के सुप्रसिद्ध शहनाई वादक पं. अश्वनी शंकर ने अपने साथियों पं. योगेश शंकर (शहनाई) और पं. अंशुल प्रताप सिंह (तबला) के साथ लेक्चर-डेमो प्रस्तुत किया। अश्वनी ने रागों और निर्माण की बारीकियां समझाने के साथ-साथ इसके नाम की उत्पत्ति भी छात्रों को बताई। उन्होंने कहा कि 'शह' का अर्थ है राजा और 'नाई' उस समुदाय को संदर्भित करता है जो ऐतिहासिक रूप से यह वाद्य बजाता था।

### कठपुतलियों से कहानी कहता 'टेमिंग द वाइल्ड'

उन्होंने कहा कि इस प्रकार शहनाई को संगीत की दुनिया में बांसुरियों का राजा कहा जाता है। तबले पर पं. अंशुल प्रताप सिंह की ऊर्जावान लयकारी और तालकी विविधताओं ने इस अनुभव को और जीवंत बना दिया। दूसरे सत्र में कोलकाता के सुदीप गुप्ता और उनकी टीम ने टेमिंग द वाइल्ड प्रस्तुत किया। टीम ने केवल कठपुतलियों से कहानी ही नहीं सुनाई, बल्कि छात्रों को यह भी दिखाया कि कठपुतलियां कैसे बनाई जाती हैं और कैसे पूरी टीम एक साथ तालमेल बैठाकर उनमें जान डाल देती है।



## रविंद्र भवन में 'युवा आगाज युवा आवाज, मध्य प्रदेश यूथ कॉन्क्लेव 2025' का समापन

# हाशिये से मुख्यधारा तक युवा आवाजों को लाना और यूथ एजेंडा 2025-2030 का निर्माण करना रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रवींद्र भवन में जारी युवा आगाज युवा आवाज मध्य प्रदेश यूथ कॉन्क्लेव 2025 का शनिवार को समापन हुआ। दो दिवसीय कॉन्क्लेव में 300 से अधिक युवा प्रतिभागियों और 70 वक्ताओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हाशिये से मुख्यधारा तक युवा आवाजों को लाना और यूथ एजेंडा 2025-2030 का निर्माण करना रहा।

दिन की शुरुआत एडलगिव फाउंडेशन की सीईओ नरामा मुल्ला के प्रेरणादायी संबोधन से हुई। उन्होंने अपने व्यक्तिगत जीवन-यात्रा और नेतृत्व पर विचार साझा किए। उन्होंने विविध कौशल और वास्तविक दुनिया की समझ विकसित करने में सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की भूमिका पर बल दिया और सिविल सोसायटी संगठनों से वित्तीय प्रबंधन, मानव संसाधन और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मजबूत बनने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने सतत फंडरेजिग की व्यावहारिक रणनीतियां साझा कीं और ग्रामीण युवाओं तथा जमीनी संगठनों द्वारा झेली जा रही चुनौतियों पर चर्चा की।

### रवींद्र भवन में दो दिवसीय कॉन्क्लेव में 300 से अधिक युवा प्रतिभागियों और 70 वक्ताओं ने भाग लिया









### प्रतिभा विकसित करने के लिए सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता

युवा, रचनात्मक कार्यवाही और सामाजिक परिवर्तन पर हुए सत्र में कला की शक्ति पर प्रकाश डाला गया कि कैसे यह संवाद को प्रोत्साहित कर सकती है और कलंकित विषयों को सामान्य बना सकती है। वक्ताओं ने सामाजिक परिवर्तन के लिए थिएटर की प्रक्रिया में गहराई से जुड़ने की महत्ता, स्वदेशी कला रूपों को बढ़ावा देने वाले सामुदायिक स्थानों की जरूरत और युवा कलाकारों को अपनी आवाज और प्रतिभा विकसित करने के लिए सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता पर जोर दिया। चर्चा में कला क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं और उभरते कॅरियर अवसरों का भी उल्लेख किया गया।

# क्या टीचर्स का रोल निभा पाएगा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस

जब-जब किसी नई तकनीक का प्रचलन बढ़ता है, पारंपरिकता के सामने चुनौती खड़ी हो ही जाती है। हाल के वर्षों में एआई के बढ़ते चलन ने कई अन्य प्रोफेशंस समेत टीचर्स के लिए भी चुनौती पैदा कर दी है। लेकिन सवाल यह है कि क्या एआई कभी एक इंसान जैसी भावनात्मक जुड़ाव के साथ नैतिकता और मानव मूल्य का पाठ छात्रों को पढ़ा पाएगा?







विशेषः शिक्षक दिवस, 5 सितंबर

आवरण कथा

लोकमित्र गौतम

आज के एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) युग में जब हर तरह के कठिन से कठिन सवाल का जवाब चैटबॉट पलक झपकते दे देते हों, जब बच्चों से लेकर गहन शोधकर्ताओं तक में अपनी हर जिज्ञासा को गूगल सर्च या एआई के जरिए साफ करने की प्रवृत्ति गढ़ी हो, जब दुनिया के टॉप यूनिवर्सिटीज में भी आधे से ज्यादा शोध एआई की मदद से किए जा रहे हों, जब नए वैज्ञानिक आविष्कारों, मेडिकल तकनीकों, बीमारियों के नए से नए इलाज खोजने के लिए एआई का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा हो, तब क्या बच्चों को पढ़ाने के लिए, उन्हें पढ़ा लिखाकर संवारने के लिए, शिक्षकों की उतनी ही जरुरत है, जितनी अब के पहले हुआ करती थी? यह सवाल इसलिए आजकल हर तरफ पूछा जाने लगा है या बिना पूछे भी मौजूद दिख रहा है, क्योंकि कई एआई विशेषज्ञों ने ही नहीं, इस दौर के मशहूर अध्यापकों ने भी घोषणा कर दी है कि अगले कुछ सालों में पढ़ाने के लिए टीचर की जरूरत नहीं होगी। हाल के सालों में अपने पढ़ाने की शैली से जबर्दस्त लोकप्रियता हासिल करने वाले अध्यापक और एक मशहूर कोचिंग के संस्थापक विकास दिव्यकीर्ति ने अपने कई हालिया साक्षात्कारों में कहा है कि अब छात्रों को टीचर क्या पढ़ाएगा, उन्हें हर जरूरी सवाल का जवाब बड़ी सहजता से एआई से मिल रहा है और अगले कुछ सालों में और विश्वसनीय तरीके से मिलेगा।

असल में यह सब जितना सतही दिखता है, उतना है नहीं। हालांकि एआई के आने के तुरंत बाद यह घोषणा नहीं की गई कि एआई जिन कुछ पेशेवरों को सबसे पहले बेरोजगार करेगी, उनमें अध्यापक भी होंगे। लेकिन जब से गूगल सर्च धीरे-धीरे करीब 90 फीसदी तक विश्वसनीय हुआ और फिर चैटबॉट का धमाका हुआ, जो इंसानों की ही तरह व्यक्तिगत रूप से आपकी हर जिज्ञासा को शांत करने की कोशिश करता है और जो इसके नए वर्जन मार्केट में आए हैं, वो यह सब काम सिर्फ तथ्यात्मक या तकनीकी ढंग से सपाट अंदाज में नहीं कर रहे बल्कि इसमें इंसानों की तरह का एक खिलंदड़पना भी है। तब से यह भविष्यवाणी जरा तेज होने लगी है कि आने वाले दिनों में अध्यापकों की जरूरत नहीं रहेगी।



## कम नहीं हुई शिक्षकों की महत्ता

यहां हमें यह भी समझना होगा कि असल में शिक्षक की भूमिका कभी भी केवल जानकारी देने वाले की नहीं रही, अगर सिर्फ इतनी ही होती तो जब कागज में किताबें छपने लगी थीं, रेडियो का आविष्कार हो गया और उसमें तमाम ज्ञान और शिक्षा के कार्यक्रम आने लगे, जब टीवी का स्वर्णयुग आया और विभिन्न विषयों पर दुनिया के एक से बढ़कर एक विशेषज्ञों के विचार सार्वजनिक होने लगे और हां, सबसे ज्यादा तब जब इंटरनेट अस्तित्व में आया और दुनियाभर के ज्ञान का एक व्यवस्थित स्रोत बन गया, तब भी टीचर्स की जरूरत में रत्तीभर कोई कमी नहीं आई बल्कि सच तो यह है कि दिलो-दिमाग में इसके अप्रासंगिक हो जाने का विचार तक नहीं आया। हालांकि निश्चित रूप से एआई के विस्तारित आविष्कार के रूप में अस्तित्व में आए लॉन्ग लैंग्वेज मॉडल्स अर्थात चैटबॉट ने पहली बार अध्यापकों की जरूरत पर सवालियां निशान लगाएं हैं। लेकिन यकीन मानिए, ये सवालिया निशान सिर्फ तात्कालिक या कहें शुरुआती चकाचौंध की उपज हैं।

## मार्गदर्शन भी देता है अध्यापक

सच बात यही है कि जैसे-जैसे चैटबॉट का अनुभव पुराना होता जाएगा, हमें स्वतः यह पता चल जाएगा कि यह या एआई का कोई भी आविष्कार वास्तव में कभी अध्यापक की जगह नहीं ले सकता। क्योंकि अध्यापक केवल मशीनी अंदाज में छात्रों को ज्ञान भर नहीं देता। उसकी भूमिका इससे कहीं बड़ी होती है। अध्यापक ज्ञान देने से बढ़कर मार्गदर्शन करता है। छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। उनमें मूल्यों की नींव डालता है और उनके एकीकृत व्यक्तित्व का संरक्षक बनता है। इसलिए यह जटिल भूमिका कोई भी वैज्ञानिक आविष्कार या कहें वह कितना ही महान और कितना ही क्रांतिकारी हो, नहीं कर सकता।

## निभाता है बहुस्तरीय भूमिका

अध्यापक बहुस्तरीय भूमिका निभाते हैं। वे मशीन नहीं हैं। वे आपको मशीनी अंदाज में निर्मित नहीं करते बल्कि एक कलाकार की तरह अपनी समूची भावनात्मक संवेदना के साथ धीरे-धीरे गढ़ते हैं। इसलिए कोई मशीन कितनी ही इंटेलीजेंट क्यों न हो जाए, वह कभी भी अध्यापक की जगह नहीं ले सकती। दिल छू जाने वाले सवाल पूछना और जीवन बदल देने वाली प्रेरणा देना सिर्फ इंसान ही जानता है। यह कमाल सिर्फ इंसानी टीचर ही कर सकता है। इसलिए उन्नत से उन्नत चैटबॉट के युग में भी इंसानी अध्यापक न सिर्फ बने रहेंगे बल्कि पहले से और ज्यादा प्रासंगिक होंगे, इस जटिलता से निजात दिलाने के लिए। शिक्षक अब न सिर्फ सूचना ही देता है और न ही कोई कुशलता सिखाता है। वह सूचना और कुशलता सिखाने के साथ-साथ आप में प्रशिक्षण यानी वैल्यू और एथिक की भी नींव मजबूत करता है। क्योंकि एआई किसी भी सवाल का क्या और कैसे बता सकता है, लेकिन अधिकांश सवालों से 'क्यों' जवाब शिक्षक ही देगा। जीवन मूल्य, सहानुभूति, सहयोग और जिम्मेदारी जैसी चीजें कोई इंसान ही किसी दूसरे इंसान को सिखा सकता है या कोई इंसान ही दूसरे इंसान से सीखने के लिए प्रेरित हो सकता है। एआई छात्रों में पर्सनालिटी बिल्डिंग यानी व्यक्तित्व विकास का काम भी अच्छे ढंग से नहीं कर सकता। किसी भी छात्र को आत्मविश्वास, संवाद कौशल, टीम वर्क और नेतृत्व की क्षमता विकसित करने के लिए कोई जीता जागता अध्यापक ही प्रेरित कर सकता है।

## अध्यापकों को स्वीकारनी होगी चुनौती

इस मामले में यह भी जरूरी है कि एआई की चुनौती से निपटने के लिए आज के अध्यापकों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। अब सिर्फ किताब पढ़ा देना भर अध्यापक का काम नहीं रहा। अब विशेषकर इस चैटबॉट के युग में अध्यापकों की कई तरह की भूमिकाएं उभर कर सामने आती है। मसलन-अब अध्यापक को एक मेंटर के रूप में अपनी बड़ी भूमिका निभानी है। उसे छात्र को यह सिखाना है कि किसी भी जानकारी का उपयोग कैसे करना है, कौन सी जानकारी विश्वसनीय है और कौन सी भ्रामक है या हो सकती है, इसका फर्क सिखाना भी बहुत जरूरी है। *

## कई रूपों में नाकाबिल है एआई

**आज एआई** की सबसे बड़ी ताकत उसकी स्पीड और स्केल को माना जाता है। कोई भी बच्चा जब चाहे एआई चैटबॉट से गणित का सवाल हल कर सकता है, किसी भी ऐतिहासिक घटना का सार या सारांश पा सकता है। विज्ञान की जटिल से जटिल थ्योरी को समझ सकता है। इस दृष्टि से एआई एक विशिष्ट सूचना शिक्षक तो है, लेकिन एआई या चैटबॉट किसी छात्र का दिल नहीं बदल सकता, उसे प्रोत्साहित नहीं कर सकता, उसे प्रभावित नहीं कर सकता और उसे प्रोत्साहित भी नहीं कर सकता। इस अर्थ में टीचर एआई या चैटबॉट के लिए खुद में एक बड़ी चुनौती है। क्योंकि शिक्षा का असली मकसद सिर्फ सवालों के जवाब पाना नहीं है बल्कि छात्रों में सोचने, समझने, चीजों को विश्लेषित करने की एक शैली या कुशलता को विकसित करना भी है। यह स्किल या कुशलता सिर्फ अध्यापक ही छात्रों को दे सकता है। इस मामले में एआई की क्षमता सीमित है। कोई भी मशीन किसी इंसान को किसी तरह का मूल्य नहीं सिखा सकती, न ही उसमें मूल्यबोध पैदा कर सकती है।

विचारणीय

अलका सोनी

अनेक वजहों से हमारे समाज में शिक्षकों की प्रतिष्ठा और उनके प्रति सम्मान घटता जा रहा है। उनके सामने अनेक चुनौतियां और मुश्किलें भी मौजूद हैं। ऐसे में उन सवालों पर विचार करने और उनके जवाब खोजना आज बहुत जरूरी हो गया है।

# तभी फिर सम्मान-प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे शिक्षक



प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति में शिक्षक को सर्वोच्च स्थान पर प्रतिष्ठित किया जाता रहा है। लेकिन बड़ा सवाल है कि क्या आज के भारत में शिक्षक इस सम्मान का वास्तविक अनुभव कर पा रहे हैं? क्या यह पेशा युवाओं की पहली पसंद रह गया है? और सबसे महत्वपूर्ण सवाल जब हम विदेशों की तुलना में अपने शिक्षकों की स्थिति देखते हैं, तो क्या हमें आत्ममंथन की आवश्यकता नहीं है? आज तो ऐसी स्थिति हो गई है कि जब कोई बच्चा पढ़ना शुरू करता है, तब से ही अधिकांश बच्चों के माता-पिता और परिचित उसे इंजीनियर, डॉक्टर और न जाने कौन-कौन से पेशे को अपनाने का सपना देखने और दिखाने लगते हैं। तब शायद ही कोई यह कहता है कि वह बड़ा होकर एक शिक्षक बनेगा। यह बात कड़वी है, लेकिन सच है। भले ही हमारे देश में गुरु-शिष्य परंपरा रही हो। हम गुरु को भगवान से भी बड़ा मानते हो, लेकिन हमारे ही देश में आज शिक्षक के पेशे को कमतर आंका जाता है। लोग मजबूरी में शिक्षक के पेशे को अपनाते हैं। इसलिए यह जानना जरूरी है कि आज आखिर ऐसा क्यों हो रहा है?

**शिक्षक का बदलता स्वरूपः** प्राचीन भारत में गुरु का दर्जा बहुत महत्वपूर्ण माना जाता था। उन्हें सचमुच भगवान से ऊंचा स्थान दिया जाता था। गुरुकुल परंपरा में शिक्षक, शिष्य के संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण के लिए जिम्मेदार होते थे। उन्हें वेतन नहीं, बल्कि 'दक्षिणा' दी जाती थी। यानी सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक, साथ ही एक बार शिष्य के गुरुकुल में प्रवेश करने के बाद उस पर गुरु का अधिकार होता था। उनकी आज्ञा ही उसके लिए सर्वोपरि होती थी। इस क्रम में शिष्यों के माता-पिता भी उनके बीच नहीं आते थे।



**कई दायित्वों का दबावः** अगर आप प्राचीन भारत से तुलना करें तो साफ पता चलेगा कि आज अधिकतर शिक्षकों का कार्य केवल किताबों तक सीमित नहीं रह गया है। यानी कि वे शिक्षा देने के साथ-साथ मिड-डे मील की निगरानी से लेकर चुनाव ड्यूटी, जनगणना, टीकाकरण जागरूकता अभियान जैसे कई सरकारी कार्य में लगाए जा रहे हैं। इन सब कामों में उनकी भूमिका है, लेकिन उस अनुपात में उन्हें ना तो वह सम्मान मिलता है, न ही संसाधन। फलस्वरूप उनमें असंतोष या हताशा के भाव घर कर लेते हैं। इसके अलावा भी कई कारण हैं, जिनकी वजह से युवा इस पेशे को कम ही अपनाना चाहते हैं।

**आर्थिक कारणः** किसी भी पेशे को अपनाने की सबसे बड़ी वजह लोगों का आर्थिक रूप से सक्षम होना होता है। लेकिन शिक्षकों को समान शिक्षा कौशल वाले अन्य क्षेत्रों आई टी, फाइनेंस, मैनेजमेंट की तुलना में शुरुआती वेतन प्रायः कम मिलता है, जिससे अवसर-लागत अधिक लगती है। साथ ही कॉन्ट्रैक्ट/अस्थाई नियुक्तियां उनके काम करने के उत्साह को कम करती हैं। क्योंकि गेस्ट, आउटसोर्स या अल्पकालिक कॉन्ट्रैक्ट्स में वेतन और सुविधाएं सीमित रहती हैं।

**भर्ती-प्रक्रिया की दिक्कतें:** अकसर सरकारी शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया बहुत समय लेती है। इससे भर्ती में देरी, अनिश्चितता बनी रहती है। विज्ञापन से ज्वाइनिंग तक वर्षों लग जाते हैं। इससे ऊबकर युवा करियर के दूसरे विकल्प चुन लेते हैं। नियुक्ति की परीक्षाओं में पेपर लीक, बार-बार होते मुकदमे और परीक्षा रद्दीकरण इसकी परीक्षा विश्वसनीयता पर असर डालती है, जिससे समय और ऊर्जा की भारी बर्बादी होती है। पहले शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया आसान और सुलझी हुई थी। लेकिन अब दिन पर दिन यह जटिल होती जा रही है।

**कार्य-परिस्थितिः** अधिकतर शिक्षकों पर बहुत दबाव रहता है। एक ही शिक्षक पर कई कक्षाएं और विषय पढ़ाने का दबाव भी रहता है, जिससे सभी छात्रों पर व्यक्तिगत ध्यान देना कठिन हो जाता है। कुछ प्राइवेट स्कूलों को छोड़कर अन्य स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी जैसे कि लैब, लाइब्रेरी, स्मार्ट-क्लास, बिजली/नेट जैसी न्यूनतम सुविधाएं भी सीमित रूप में होती हैं।

**कई स्तरों पर बदलाव की जरूरतः** शिक्षकों का मुख्य कार्य पठन-पाठन से जुड़ा होना चाहिए। उन्हें गैर-शैक्षिक कामों से यथासंभव राहत देनी चाहिए। क्योंकि इन सब से उनकी कार्य क्षमता पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए विद्यालय में केवल शिक्षण पर ध्यान देने का वातावरण बनाने की जरूरत है। ताकि युवाओं के मन में इस पेशे के प्रति सम्मान और समर्पण बना रहें। शिक्षा में सुधार के लिए छात्रों के साथ ही शिक्षकों और विद्यालयों की स्थिति में भी सुधार की आवश्यकता होती है। हर विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने से शिक्षकों के ऊपर कम दबाव होगा। लैब, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, इंटरनेट जैसी सुविधाएं स्कूलों तक पहुंचनी जरूरी है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। इनके अलावा आज समाज में शिक्षक के पेशे का सम्मान घटता जा रहा है। इस बात को समझना होगा कि लोग जिन भी कारणों से इस काम के प्रति उदासीन हो रहे हैं, उन कारणों को दूर करने की आवश्यकता है। अगर मीडिया और समाज में शिक्षकों को 'सोशल हीरोज' के रूप में मान्यता मिले, उन्हें पुरस्कार, सामुदायिक सम्मान मिले, तो स्थिति में बदलाव आ सकती है। *



कविता

हरीश कुमार 'अमित'

## कुछ ख्वाब

कुछ ख्वाब
ज़िंदगी के
रहते बस ख्वाब ही।
बीतती जाती ज़िंदगी
देखते-देखते
इन ख्वाबों को।
इंतज़ार इन ख्वाबों के
पूरा हो जाने का,
रहता बस इंतज़ार ही।
बढ़ती रहती
इन ख्वाबों के
पूरा न हो पाने की कसक
वक्त बीतने के साथ-साथ।
और आखिरकार
बन जाती एक दिन
खुद ज़िंदगी ही
एक बीता हुआ ख्वाब।

कहानी / संजीव ठाकुर

विकास के नाम पर पेड़ों की बलि कितनी हृदय विदारक होती है, यह तो केवल पेड़ ही महसूस कर सकते हैं। हम इंसान तो केवल अपने स्वार्थ और आरामतलबी के चलते उन पर कुल्हाड़ी चलाते रहते हैं। काश हममें वह संवेदना जगती, कि हम इन पेड़ों की दारुण व्यथा-कथा सुन सकते, महसूस कर सकते!

# मातम

दीवार खिंच चुकी है। कैंपस के करीब पांच मीटर अंदर। दो सौ मीटर लंबाई में। इस दीवार के बाहर कैंपस की जो जमीन है, पेड़-पौधे हैं, कमरे हैं, चहारदीवारी है- अब सरकारी संपत्ति है। यह कैंपस भी वैसे सरकारी है- कम से कम एक सौ सत्तर वर्ष पुराना। हेरिटेज बिल्डिंग। बाहर खुला लॉन। साठ-सत्तर वर्ष पुराने पेड़ों से घिरा हुआ।

अब खिंची दीवार के बाहर की समस्त भूमि सड़क का हिस्सा बनने जा रही है। पेड़ कट कर कुछ सरकारी गोदाम और कुछ चोरी-चुपके मंडियों में पहुंचने लगे हैं।

सीधे खड़े नीम और सेमल के पेड़ की बलि ली जा चुकी है। कल बट-बाबा की बारी है। कयामत की रात है। आस-पास खड़े सभी पेड़ गमगीन हैं- जो दीवार के इस पार हैं वे भी, उस पार हैं वे भी। इस पार वर्षों से टेढ़ा खड़ा नीम सीधे खड़े नीम के जाने से उदास है। कहता है, 'मुझे ही काट ले जाते? मैं लंगड़ा पेड़, न जाने कब गिर जाऊं? मेरे जाने से कुछ खास फर्क नहीं पड़ता। वह तो तीस वर्षों से खड़ा था, वातावरण की सारी गंदगी पीता था और स्वच्छ हवा लोगों को देता था।'

सेमल का भाई भी अपने बड़े भाई के जाने से दुखी है। 'कल नहीं तो परसों मेरी भी बारी आ ही जानी है।' वह सोच रहा है। दीवार के इस पार खड़ा ताड़ का पेड़ बोल पड़ा, 'अब देखो, मैं बच गया। मैं तो लोगों को कुछ खास फायदा नहीं पहुंचा पाता, लेकिन बट-बाबा के बारे में सोचो। साठ साल से धूप, वर्षा, ठंड की परवाह किए बिना डटे हुए हैं। कितनी तो गर्मी अपने अंदर सोख चुके हैं। अभी भी गर्मी सोखने की इनकी ताकत का कोई जोड़ नहीं है। लेकिन मूर्ख मनुष्य कुछ सोचने वाले ही नहीं हैं।'

इस पर बट-बाबा बोले, 'मेरी चिंता मत करो दोस्तों! मैं तो अपने बेटे के बारे में चिंतित हूं। उसने अभी दुनिया ही कितनी देखी है? ...दो-चार दिनों में वह भी मशीनी दानव के द्वारा धराशाई कर दिया जाएगा।'

'उस नए-नए जवान हुए पीपल और आम के पेड़ के बारे में भी तो कोई नहीं सोच रहा।' दीवार के उस पार अपनी जान की खैर मनाता जामुन का पेड़ बोल पड़ा।

'अरे! मनुष्य अपने विनाश की पटकथा खुद लिख रहा है। हमें क्या सोचना?' पीपल बोल पड़ा, 'मैं अभी कम से कम पचास साल यहां खड़ा रहता और मनुष्य को बचाने में अपना योगदान देता। लेकिन...! कोई बात नहीं।'

आम के पेड़ ने गुस्सा होते हुए कहा, 'मैं साफ हवा के साथ-साथ उन गधों को मीठे फल भी देता हूं। फिर भी मेरी चिंता उन्हें नहीं है। मैंने यहीं इसी कैंपस में किसी को कहते हुए सुना है, 'अगर पेड़ों को नहीं काटा जाएगा तो विकास कैसे होगा?'

'विकास क्या होता है दादा?' टेढ़े नीम ने पूछा।

पीपल के पेड़ ने बुजुर्ग की भूमिका ओढ़ते हुए समझाया, 'हमें काट कर, गड्ढों को ईंट, पत्थर से पाटकर, बुल्डोजर चलाकर, ऊपर से कोलतार की चादर बिछाकर जो चमचमाती सड़क बनती है, उसे विकास कहते हैं बेटा! यह विकास पूरे देश में होता रहता है। पहाड़ों पर होता रहता है। जंगलों को अंधाधुंध काटकर चौड़ी-चौड़ी सड़कें बनाई जाती हैं। दिल्ली-मुंबई-चेन्नई में रहने वाले लोगों की गाड़ियां मैदान से लेकर पहाड़ तक फर्राटे भरती रहती हैं। वे लोग सरकार की तारीफ में कहते हैं, 'देखो, यह है विकास।'

'लेकिन मैंने तो यहीं एक बार दो लोगों को बात करते सुना था कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पहाड़ों के पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचता है।'



'पर्यावरण की चिंता किसे है बेटे?' बट-बाबा ने दुखी स्वर में कहा, 'मैं तो पिछले साठ सालों से देख-सुन रहा हूं। कई लोगों को इसके लिए अभियान चलाते हुए भी देखा है। लेकिन होता-हवाता कुछ नहीं है। अंततः सरकार ही जीतती है। कहीं पेड़ों, पहाड़ों को काटकर सड़क बना देती है, बड़े-बड़े होटल बनवा देती है, कहीं बीसियों गांवों को सदा के लिए पानी में डुबोकर बांध बनवा देती है।'

'लेकिन यह सब भी तो जरूरी ही होता होगा, 'जैसा कि कुछ लोग कहते हैं?' सेमल का अधेड़ पेड़ बोल पड़ा।

पीपल को गुस्सा आ गया, 'होता है बाबू, होता है। तभी तो वे पेड़, पहाड़, नदी, तालाब वगैरह की परवाह नहीं करते। जहां कुछ बनाना हो, बना लेते हैं। लेकिन जान लो, मैं जाते-जाते कह रहा हूं- यह विकास ही उनके विनाश की वजह होने जा रहा है।'

पेड़ों के बीच चुप्पी छा गई। उनके पत्तों ने हिलना-डुलना बंद कर दिया। वे इतने गमगीन हो गए मानो मनुष्य का विनाश होने पर मातम मनाने बैठे हों। *

पुस्तक चर्चा / दिनेश मालवीय 'अश्क'

# भावप्रवण कविताओं का पठनीय संग्रह

कहते हैं, हर व्यक्ति में एक कवि छिपा होता है। काव्यात्मक अनुभूतियां होने के बावजूद हर किसी में उन्हें शब्दों में अभिव्यक्त करने की योग्यता नहीं होती। जिनमें यह क्षमता होती है, वे औपचारिक रूप से कवि बन जाते हैं। जनसंपर्क विभाग में अपर संचालक पद से सेवानिवृत्त सुरेश गुप्ता का प्रथम काव्य संग्रह 'असमय का अंधेरा' हाल में प्रकाशित हुआ है। इस संग्रह में उनकी 89 कविताएं शामिल हैं। मुक्त छंद में रचित सभी कविताएं छोटी, लेकिन गहरे भाव और जीवन अनुभव से परिपूर्ण हैं। किताब की पहली कविता 'असमय का अंधेरा' पढ़ते ही कवि की भाव प्रवणता और सशक्त अभिव्यक्ति का संकेत मिल जाता है। इसमें वे कहते हैं, 'अंधेरे से किसी को/भला क्या ऐतराज हो सकता है/रात लिखी ही है/अंधेरे के नाम/जैसे दोपहर, शाम दिन के नाम/पर बहुत कचोटता है/यह असमय का/दिन का अंधेरा।' एक अन्य कविता में वह गहरा जीवन दर्शन कुछ ऐसे बयां करते हैं, 'कुछ पा लिया/कुछ छूट गया/जो छूटा/उसमें/वह रास्ता भी रहा/जो तुम तक/जाता था।' कई कविताओं के गहन अर्थ को समझने के लिए दो-तीन बार भी पढ़ना पड़ सकता है। बहरहाल, इसमें संदेह नहीं कि इन कविताओं में कवि के जीवन संघर्ष, कड़वे-मीठे अनुभव बहुत सहजता से अभिव्यक्त हुए हैं। *




**पुस्तकः** असमय का अंधेरा, **लेखकः** सुरेश गुप्ता, **मूल्यः** 100 रुपए, **प्रकाशकः** प्रथमेश प्रिंटर्स, भोपाल

# एशिया कप हॉकी : जापान के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶| राजगीर

भारत पहले मैच के अपेक्षाकृत लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़कर रविवार को यहां पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खतरनाक दिख रही जापान के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा।

विश्व में सातवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने शुक्रवार को पूल ए के अपने पहले मैच में विश्व में 23वें नंबर की टीम चीन पर 4-3 से करीबी जीत हासिल की लेकिन उसका यह प्रदर्शन प्रभावशाली नहीं था। भारत इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और एशिया कप जीतने का प्रबल दावेदार है। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के बीच सीधे क्वालीफाई करेगी।

### भारतीय रक्षा पंक्ति को जापानी टीम के खिलाफ रहना होगा सतर्क

भारत ने चीन के खिलाफ शानदार शुरुआत की, लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ उसकी लय गड़बड़ा गई। भारतीय रक्षा पंक्ति को तेज तर्रार जापानी टीम के खिलाफ सतर्क रहना होगा, जिसने अपने पहले मैच में कजाकिस्तान के खिलाफ सात गोल दागे थे। चीन के खिलाफ भारत के सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हैट्रिक बनाई, लेकिन वह एक पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलने से चूक गए थे। जुगराज सिंह, हरमनप्रीत, संजय और अमित रोहिदास जैसे चार ड्रैगफ्लिकर के साथ भारत को पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की दर में भी सुधार करना होगा।




### अवसरों को बदलना होगा गोल में

भारतीय मध्य पंक्ति ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और कई मौके बनाए, लेकिन उसे इन अवसरों को गोल में बदलना होगा।भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन भी अपने फॉरवर्ड खिलाड़ियों की गोल करने में असमर्थता को लेकर चिंतित होंगे।हालांकि मनदीप सिंह, संजय, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह जैसे खिलाड़ी विपक्षी सर्कल के अंदर चुस्त दिखे, लेकिन वे स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराने में असफल रहे।

### चीन के खिलाफ मैच हमारे लिए अच्छा सबक

फुल्टन ने कहा, 'हमने (चीन के खिलाफ) मैच जीता लेकिन हम अपनी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। हमने कुछ मौके गंवाए और कुछ आसान गोल भी खाए। हम सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम हैं और यहां प्रबल दावेदार हैं, इसलिए हर टीम हमसे खेलने के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार करेगी और हमें उस चुनौती का सामना करना होगा। ' भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, 'इस टूर्नामेंट में भाग ले रही अधिकतर टीम जवाबी हमला करने के लिए इंतजार करती हैं। चीन के खिलाफ मैच हमारे लिए अच्छा सबक है। हमारी रक्षा पंक्ति को दमदार प्रदर्शन करना होगा।'' दिन के दूसरे मैच में चीन का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा।



### टीम इस प्रकार हैं

**भारतीय टीम :** कृष्ण बी पाठक (गोलकीपर), सूरज करकेरा (गोलकीपर), सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह।

**जापानी टीम :** शोटा यामादा, युतो हिगुची, यामातो कावाहारा, सेरेन तनाका, नारु किमुरा, काजुमासा मात्सुमोतो, मनाबू यामाशिता, रायकी फुजीशिमा (कप्तान), केन नागायोशी, युसुके कावामुरा, कोसी कावाबे, ताकाशी योशिकावा (गोलकीपर), किशो कुरोदा (गोलकीपर), कीता वतनबे, रयोसुके शिनोहारा, ह्योटा यामादा।

**मैच का समय :** दोपहर 3 बजे से

---

## खबर संक्षेप



### एशिया कप हॉकीः मलेशिया ने कोरिया को 4-1 से हराया

**राजगीर।** कोरिया की एशिया कप खिताब बचाने की मुहिम को मलेशिया से मिली 1-4 की करारी हार से करारा झटका लगा जबकि बांग्लादेश ने हॉकी टूर्नामेंट के पूल बी के अपने दूसरे मैच में चीनी ताइपे को 8-3 से रौंद दिया। दिन के दूसरे मैच में पांच बार की चैंपियन कोरिया ने दूसरे मिनट में ही जियोन्ह्यो जिन के मैदानी गोल से बढ़त बना ली। लेकिन मलेशिया ने अखिमुल्लाह अनवार (29वें, 34वें, 58वें) की हैट्रिक और अशरान हमसानी के मैदानी गोल दागकर शानदार वापसी कर कोरिया को हरा दिया। हालांकि विश्व रैंकिंग में मलेशिया (12वें) और कोरिया (13वें) के बीच सिर्फ एक पायदान का अंतर है। फिर भी कोरिया इस मुकाबले में प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। दिन के पहले मैच में बांग्लादेश ने पूरी तरह से दबदबा बनाया और आखिरी दो क्वार्टर में पांच गोल दागे।

### नेशंस कप फुटबॉल : भारत ने ताजिकिस्तान को हराया



**हिसोर (ताजाकिस्तान)।** भारतीय फुटबॉल टीम ने नए मुख्य कोच खालिद जमील की देखरेख में सीएएफए नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू के शानदार प्रयास से ताजिकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। भारतीय जीत के नायक संधू ने पेनल्टी किक सहित कई शानदार बचाव किए। उन्हें टीम की रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों का भी अच्छा साथ मिला। विश्व रैंकिंग में 133वें स्थान पर काबिज भारत के लिए खेले गए मैच में डिफेंडर अनवर अली (पांचवें मिनट) और संदेश झिंगन (13वें मिनट) ने गोल किए। इसके बाद भारत ने बाकी के 75 मिनट तक 106वीं रैंक वाली मेजबान टीम के खिलाफ डटकर बचाव किया।

### स्वस्थ कारणों से एशिया कप से बाहर हुईं दीपिका



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को घोषणा की कि ड्रैग फ्लिकर दीपिका अभ्यास सत्र के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण महिला एशिया कप के लिए राष्ट्रीय टीम के साथ चीन नहीं जाएंगी। दीपिका अगले कुछ सप्ताह तक रिहैब में रहेंगी और उनकी जगह साक्षी को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट हांगझोउ में पांच से 14 सितंबर तक खेला जाएगा। एशिया कप की विजेता टीम अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी।

---

# यूएस ओपनः जोकोविच बने चौथे दौर में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

**38 साल के नोवाक ने 69वीं बार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम 16 में बनाई जगह**


एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच वर्ष के चौथे और आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। जोकोविच ने कैमरन नूरी को हराया और वह 1991 में जिमी कोनर्स के बाद यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले उम्रदराज खिलाड़ी बने। कोनर्स जब 1991 में इस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचे थे तब उनकी उम्र भी जोकोविच की तरह 38 साल थी।

जोकोविच ने 6-4, 6-7 (4), 6-2, 6-3 से जीत हासिल की, जिसमें उन्होंने 18 ऐस लगाए, जो उनके अनुसार टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन फ्लशिंग मीडोज में मैच के शुरू में चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाया और 69वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर की बराबरी कर ली। अब उनका मुकाबला जर्मन क्वालिफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा।

### राडुकानू का सफर समाप्त

महिला एकल वर्ग के मुकाबले में एलिना रायबकिना ने 2021 की चैंपियन एम्मा राडुकानू को शिकस्त दी। कजाखिस्तान की 2022 की विम्बलडन चैंपियन रिबाकिना ने 62 मिनट तक चले मुकाबले में ब्रिटेन की खिलाड़ी को 6-1, 6-2 से हराया। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज रिबाकिना इसके साथ ही पहली बार यूएस ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहीं।






### चंद्रशेखर और प्रशांत की जोड़ी दूसरे दौर में

अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने क्रिश्चियन हैरिसन और इवान किंग की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को तीन सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। चंद्रशेखर और प्रशांत ने अपनी शानदार सर्विस के दम पर एक घंटे 42 मिनट में 3-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। चंद्रशेखर और प्रशांत का मुकाबला दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ और ब्राजील के फर्नांडो रोम्बोली से होगा। गत चैंपियन और दुनिया के नंबर एक इटली के यानिक सिनर ने वर्ष के चौथे और अंतिम ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन टेनिस के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। सिनर ने अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। हालांकि पूर्व नंबर-3 ग्रीस के स्टेफनोस सितसिपास को दूसरे दौर में उलटफेर का शिकार होना पड़ा। महिला वर्ग में अमेरिका की कोको गॉफ भी तीसरे दौर में पहुंच गईं। हालांकि उन्हें पहले दौर की तरह मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जापान की नाओमी ओसाका भी दूसरे दौर में जीतने में सफल रहीं।

### चोट के बावजूद अल्काराज का शानदार प्रदर्शन, बनाई चौथे दौर में जगह



स्पेनिश स्टार कार्लोस अल्काराज ने यूएस ओपन 2025 के तीसरे दौर में मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद भी इटली के लुसियानो डार्डेरी को हराकर चौथे दौर में जगह बना ली है। चोट के बावजूद उनका प्रदर्शन शानदार रहा और अब उनका मुकाबला फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच से होगा। मैच के दौरान अल्काराज को दाहिनी जांघ में तकलीफ महसूस हुई, जिसके कारण उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया। हालांकि, इस बीच उनका प्रदर्शन प्रभावित नहीं हुआ और उन्होंने मजबूती से मैच जीतकर आगे बढ़ने में सफलता पाई।

### अलेक्जेंडर लगातार 7वीं बार तीसरे दौर में

जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने ब्रिटेन के जैकब फियरनले को 6-4, 6-4, 6-4 से पराजित किया। वर्ष 2020 के उपविजेता ज्वेरेव ने पहले दो सेट में जल्द ब्रेक हासिल कर लिए थे। हालांकि बाद में जैकब ने संघर्ष क्षमता दिखाई। दूसरे सेट के चौथे गेम में ब्रेक प्वाइंट हासिल किया। उनकी सर्विस अच्छी नहीं रही, उन्होंने 12 डबल फाल्ट किए। ब्रिटेन के खिलाड़ी ने बाद में पांच मैच प्वाइंट बचाए लेकिन ज्वेरेव को जीत से न रोक सके। ज्वेरेव लगातार सातवीं बार फ्लेशिंग मिडोज में तीसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे।

### सिंधिया घराने के महानआर्यमन संभालेंगे एमपीसीए की कमान



**भोपाल।** एमपीसीए के नए प्रिसेंडट के रूप में महानआर्यमन सिंधिया का बनना तय हो गया है। चुनाव के लिए शनिवार को अंतिम तिथि थी लेकिन महानआर्यमन के सामने किसी ने नामांकन नहीं भरा है। 30 अगस्त तक नामांकन की अंतिम तिथि थी। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोशसिएशन के नए प्रेसिडेंट महानआर्यमन सिंधिया का बनना तय हो गया है। एमपीसीए चुनाव के लिए शनिवार को नामांकन करने की आखिरी तारीख थी। महानआर्यमन के अलावा प्रेसिडेंट पद के लिए किसी ने भी नामांकन ही नहीं भरा है। ऐसे में महानआर्यमन का निर्विरोध चुना जाना तय है। महानआर्यमन मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोशसिएशन के सबसे युवा अध्यक्ष होंगे। सिंधिया परिवार के तीसरे सदस्य के हाथों में एमपीसीए की कमान होगी।

---

**क्रिकेट**

## एशिया कप से पहले गिल और रोहित का होगा फिटनेस टेस्ट, पहुंचे बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारतीय टेस्ट कप्तान और टी20 उपकप्तान शुभमन गिल आगामी एशिया कप के लिए दुबई जाने से पहले फिटनेस आकलन और तैयारियों के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) पहुंच गए हैं। एशिया कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों को 9 सितंबर को मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच से पहले 4 सितंबर को दुबई में इकट्ठा होना है। सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी फिटनेस आकलन के लिए सीओई पहुंच गए हैं।

### रोहित पर टिकी नजर

फिटनेस की जांच रविवार से शुरू हो सकती है और सभी की निगाह एक दिवसीय टीम के कप्तान रोहित पर टिकी रहेगी, जो टी20 और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। यह 38 वर्षीय खिलाड़ी अक्टूबर में होने वाली वनडे श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर सकता है लेकिन यह देखना बाकी है कि वह कानपुर में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 30 सितंबर, तीन अक्टूबर और पांच अक्टूबर को होने वाले एकदिवसीय मैचों में खेलते हैं या नहीं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला के मैच 19, 23 और 25 अक्टूबर को खेले जाएंगे।

### एशिया कप के मैचों का टाइम बदला, अब रात 8 बजे से शुरू होंगे मुकाबले

**दुबई।** अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने घोषणा की कि संयुक्त अरब अमीरात में भीषण गर्मी के कारण आगामी एशिया कप के 19 में से 18 मैचों का शुरू होने का समय मूल कार्यक्रम से आधे घंटे पीछे कर दिया गया है। संशोधित समय के अनुसार अब मैच स्थानीय समयानुसार शाम 6.30 बजे (भारतीय समयानुसार रात 8 बजे) शुरू होंगे। इस बार टी-20 प्रारुप में आयोजित होने वाला यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक दुबई और अबू धाबी में खेला जाएगा। ईसीबी ने कहा, 'एशिया कप 2025 के 19 मैचों में से 18 के शुरू होने का समय अपडेट कर दिया गया है। ये मैच अब स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे शुरू होंगे।' बयान के अनुसार, 'सोमवार, 15 सितंबर को यूएई और ओमान के बीच मैच स्थानीय समयानुसार दोपहर बाद चार बजे शुरू होगा।

**दलीप ट्रॉफी**

## अंकित और यश धुल के शतक से उत्तर क्षेत्र सेमीफाइनल के करीब

**बेंगलुरु।** पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ कप्तान अंकित कुमार और उभरते हुए बल्लेबाज यश धुल के शानदार शतकों ने उत्तर क्षेत्र को दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल की दहलीज पर पहुंचा दिया। उत्तर क्षेत्र ने 183 रन की बढ़त के बावजूद फिर से बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अंकित (नाबाद 168 रन) और धुल (133 रन, 157 गेंद) ने शानदार बल्लेबाजी की, जिससे उनकी टीम ने क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 388 रन बनाकर कुल 563 रन की बढ़त बना ली। अंकित और धुल ने दूसरे विकेट के लिए 290 गेंद पर 240 रन जोड़े। इस दौरान धुल पूरी तरह आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे थे जबकि अंकित ने संयम से खेलते हुए शतक जड़ा।

### शमी ने किया बल्लेबाजों को परेशान

शुभम खजूरिया (21) के जल्दी आउट होने के बाद पूर्वी क्षेत्र के गेंदबाज उत्तरी क्षेत्र की इस जोड़ी पर कोई प्रभाव डालने के लिए संघर्ष करते रहे। वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बीच-बीच में बल्लेबाजों को परेशान किया। लेकिन पूर्वी क्षेत्र के गेंदबाज दिन में बस इतना ही कर सके। बाईस साल के धुल तब 48 रन पर थे, उन्हें किस्मत का साथ मिला जब बाएं हाथ के स्पिनर मनीषी की गेंद पर शरणदीप सिंह ने कवर्स पर उनका कैच टपका दिया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस महोत्सव का दूसरा दिन सरदारपुर ने मिनी ब्राजील को 1-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राष्ट्रीय खेल दिवस से शुरू हुए प्रदेशव्यापी खेल महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को टीटी नगर स्टेडियम में मिनी ब्राजील के नाम से प्रसिद्ध शहडोल जिले के विचारपुर ग्राम और धार जिले के सरदारपुर ग्राम की महिला फुटबॉल टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ।

मुकाबले की शुरूआत से ही सरदारपुर की टीम ने दबदबा बनाए रखा। पहले हाफ में ही सरदारपुर की कप्तान और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी ज्योति चौहान ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद विचारपुर की टीम ने पूरे दमखम से खेला, लेकिन बराबरी का गोल करने में सफल नहीं हो सकी। निर्धारित समय की समाप्ति पर स्कोर 1-0 रहा और सरदारपुर ने यह यादगार मुकाबला अपने नाम किया।



सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने मैच की शुरूआत की। सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में विचारपुर ग्राम को मिनी ब्राजील के रूप में उल्लेखित कर पूरे देश को प्रेरित किया है। यह हमारे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों है कि हम खेलों को जमीनी स्तर तक प्रोत्साहित कर उनके सपनों को साकार करें।

### आज निकाली जाएगी साइकिल रैली

खेल महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को मंत्री सारंग के नेतृत्व में राजा भोज प्रतिमा वीआईपी रोड से लेक व्यू स्थित वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी तक पांच किलोमीटर लंबी साइकल रैली निकाली जाएगी। रैली के समापन पर वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

**वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिपः पेरिस ओलंपिक का लिया बदला**

## सेमीफाइनल में सात्विक-चिराग की जोड़ी, पदक पक्का

एजेंसी ▶▶| पेरिस

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक सुनिश्चित किया। भारतीय जोड़ी पिछले साल पेरिस ओलंपिक में मलेशिया की इस जोड़ी से हार गई थी लेकिन शुक्रवार देर रात खेले गए मैच में वह इसका बदला लेने में सफल रही। सात्विक और चिराग की विश्व की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 43 मिनट में 21-12, 21-19 से शानदार जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सात्विक और चिराग ने 2022 में इस टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता था और इस तरह से उनका विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक होगा। इससे 2011 में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा के कांस्य पदक जीतने के बाद से भारत का प्रत्येक विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतना भी सुनिश्चित हो गया।



### अगला मुकाबला चीन की 11वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी

एशियाई खेलों के चैंपियन का अगला मुकाबला चीन की 11वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी चेन बो यांग और लियू यी से होगा। कुछ ही घंटे पहले पीवी सिंधू के क्वार्टर फाइनल में बाहर होने से भारत महिला एकल में पदक से वंचित रह गया था। जब सात्विक और चिराग कोर्ट पर उतरे तो उन पर उम्मीदों का बोझ साफ दिखाई दे रहा था।

### भारतीय जोड़ी ने लगातार छह अंक किए हासिल

चिराग ने ड्राइव-सर्व विनर से शुरुआत की और फिर 59 शॉट की रैली खेली, जो मैच की सबसे लंबी रैली थी। इसके बाद उन्होंने अपने जोरदार मिड-कोर्ट स्मैश से भारत को 4-2 से आगे कर दिया। भारतीय जोड़ी ने लगातार छह अंक हासिल करके 9-3 की बढ़त बनाई। वह इंटरवल तक 11-5 से आगे थी। चिया और सोह ने 49 शॉट की एक और मैराथन रैली में सफलता हासिल की, लेकिन भारतीयों ने जल्द ही लय हासिल कर ली। भारतीय टीम ने 15-8 के स्कोर से ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया और फिर पहला गेम आसानी से अपने नाम किया।

### सात्विक की तेज सर्विस से बनाई 10-5 की बढ़त

सात्विक की तेज सर्विस तथा चिराग के तेज बैककोर्ट स्मैश की मदद से भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में भी अच्छी शुरुआत की तथा जल्द ही 10-5 की बढ़त बना ली। सोह दबाव में गलतियां करते रहे, जिससे भारतीय टीम ने 17-12 की बढ़त बना ली। मलेशिया की टीम ने इसके बाद अच्छा प्रदर्शन किया और 12-17 से वापसी की। चिराग के शानदार खेल के दम पर भारतीयों ने स्कोर 18-14 कर दिया। इसके बाद 15-19 के स्कोर पर एक और लंबी रैली हुई। अच्छे रिटर्न और फिर सात्विक का स्मैश नेट पर लगने से मलेशियाई टीम ने अंतर को 18-19 कर दिया। ऐसे समय में चिराग ने नेट पर मोर्चा संभाला और मैच प्वाइंट हासिल करके भारतीय जोड़ी को जीत दिलाई।




# टाइगर श्रॉफ की 'बागी 4' का नया पोस्टर रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'बागी 4' में नजर आएंगे। उनकी इस फिल्म के निर्देशन की कमान ए हर्ष ने संभाली है, जिन्हें 'भजरंगी' और 'वेधा' जैसी कन्नड़ फिल्मों के लिए जाना जाता है। इस फिल्म में संजय दत्त, हरनाज संधू और सोनम बावजा भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। अब निर्माताओं ने 'बागी 4' का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें संजय, टाइगर, सोनम और हरनाज का खौफनाक अवतार दिख रहा है। सामने आए पोस्टर में संजय, टाइगर, सोनम और हरनाज को खून से लथपथ देखा जा सकता है। 'बागी 4' का ट्रेलर रिलीज हुआ, वहीं यह फिल्म 5 सितंबर को दर्शकों के बीच आएगी।

लाइफ Style



# कंगना

## 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' की तैयारी में जुटीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'इमरजेंसी' की असफलता के बाद अब कंगना 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' की तैयारी में जुट गई हैं। पहले 'क्वीन 2' की बात करते हैं, जिसके निर्देशन की कमान विकास बहल ने संभाली है। फिल्म की कहानी लिखकर तैयार हो चुकी है।

अभिनेत्री कंगना रनौत को पिछली बार फिल्म 'इमरजेंसी' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म मुंह के बल गिरी। आने वाले समय में कंगना एक से बढ़कर एक फिल्मों में अभिनय करती नजर आएंगी, जिसमें 'क्वीन' का सीक्वल और 'तनु वेड्स मनु' की तीसरी किस्त शामिल हैं। अब 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' को लेकर धांसू अपडेट सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'इमरजेंसी' की असफलता के बाद अब कंगना 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' की तैयारी में जुट गई हैं। पहले 'क्वीन 2' की बात करते हैं, जिसके निर्देशन की कमान विकास बहल ने संभाली है। फिल्म की कहानी लिखकर तैयार हो चुकी है। इसकी शूटिंग भारत और विदेशों में होगी। 'क्वीन' के सीक्वल की शूटिंग इस साल नवंबर में शुरू होगी और यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। 'क्वीन 2' की शूटिंग खत्म करने के बाद कंगना फिल्म 'तनु वेड्स मनु 3' पर काम करने वाली हैं। इस फिल्म की कहानी पहले ही लिखी जा चुकी है। आनंद एल राय इस फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। इसमें कंगना के साथ एक बार फिर अभिनेता आर माधवन नजर आएंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# जोली की बेटी ने छोड़ा घर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एंजेलिना जोली अपनी बेटी को लेकर इस वक्त परेशान हैं। हाल ही में बेटी ने उनका घर छोड़कर अपनी गर्लफ्रेंड डांसर केओनी रोज के साथ रहना शुरू कर दिया है। इस बात से एंजेलिना जोली नाराज हैं। कहा जा रहा है कि एंजेलिना की बेटी शिलोह पिछले कुछ हफ्तों से अपनी गर्लफ्रेंड के साथ रह रही है। दरअसल, एंजेलिना चाहती हैं कि बच्चे उनके साथ ही रहें।



# कौन हैं रैपर फ्रेंच की मंगेतर और दुबई की राजकुमारी शेखा

**लॉस एंजिल्स।** मोरक्को-अमेरिकी रैपर फ्रेंच मोंटाना पिछले काफी समय से अपनी निजी जिदंगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनका नाम लगातार दुबई की राजकुमारी शेखा माहरा से जुड़ रहा है। अब आखिरकार मोंटाना ने अपनी गर्लफ्रेंड शेखा से सगाई कर ली है। रैपर के प्रतिनिधि ने खुद इस खबर की पुष्टि की है। मोंटाना और शेखा ने इस साल जून में पेरिस फैशन वीक के दौरान एक-दूजे को अंगूठी पहनाई।


***शेखा माहरा कौन हैं?*** : माहरा संयुक्त अरब अमीरात के प्रधानमंत्री और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी हैं। उनका जन्म 26 फरवरी, 1994 को दुबई में हुआ था। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई दुबई के एक निजी स्कूल से की। इसके बाद वह लंदन चली गईं, जहां से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में डिग्री हासिल की। 31 वर्षीय शेखा समाजसेवा और परोपकारी कार्यों के लिए जानी जाती हैं।



# 'डू यू वाना पार्टनर' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो की आने वाली वेब सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' का दर्शक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज के निर्देशन की कमान अर्चित कुमार और कॉलिन डी कुन्हा ने संभाली है, वहीं करण जौहर इसके निर्माता हैं। 'डू यू वाना पार्टनर' में तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। अब निर्माताओं ने इस सीरीज का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें तमन्ना और डायका बेबाक अंदाज दिख रहा है।

'डू यू वाना पार्टनर' एक नए दौर की मजेदार और अनोखी कॉमेडी-ड्रामा है, जिसकी कहानी दो सहेलियों- शिखा (तमन्ना भाटिया) और अनाहिता (डायना पेंटी) के इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों मिलकर अपना अल्कोहल स्टार्टअप शुरू करने का सपना देखती हैं।



# 'हाटक' से सामने आई पहली झलक...

**मुंबई।** अभिनेत्री अदा शर्मा को पिछली बार फिल्म 'तुमको मेरी कसम' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह मुंह के बल गिरी।

अब अदा क्राइम थ्रिलर फिल्म 'हाटक' में नजर आएंगी, जिसके निर्देशन की कमान अजय के शर्मा ने संभाली है। इस फिल्म के जरिए वह निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। आखिरकार 'हाटक' से अदा की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमें उनका धाकड़ अवतार दिख रहा है। 'हाटक' के मोशन पोस्टर में अदा हाथ में बंदूक पकड़े खतरनाक अंदाज में नजर आ रही हैं। उनके किरदार का नाम शिवरंजनी आचार्य है। अदा ने इंस्टाग्राम पर मोशन पोस्टर साझा करते हुए लिखा- 'हाटक- एक डकैती, बिना रहम के। शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। आप सबका आशीर्वाद चाहिए।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 19': कौन हैं कुनिका सदानंद जिनके समर्थन में उतरीं गौहर खान

**मुंबई।** सलमान खान की मेजबानी वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के घर में बहस और टकराव का माहौल बना हुआ है। शो में पहले दिन से ही झगड़े और तकरार देखने को मिल रहे हैं। 'बिग बॉस 19' के घर में एक ऐसी प्रतियोगी हैं, जिनसे हर किसी की बहस हो जाती है और वो हैं कुनिका सदानंद। अब 'बिग बॉस 7' की विजेता गौहर खान ने कुनिका का समर्थन किया है।

### वो तुम्हारी मां की उम्र की हैं : गौहर

जौहर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, 'कुनिका सदानंद के लिए बुरा लग रहा है। सब लोग बदतमीजी करके चले जाते हैं। वो तुम्हारी मां की उम्र की हैं। थोड़ी दया करो... मुझे लगता है कि हर कोई उनके लहजे को गलत समझ रहा है। गौहर के अलावा कई सोशल मीडिया यूजर्स भी कुनिका का समर्थन कर रहे हैं। उनकी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है।

### गायिका भी हैं कुनिका

कुनिका एक भारतीय अभिनेत्री, अधिवक्ता, निर्माता और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। अभिनेत्री होने के साथ-साथ वह एक गायिका भी हैं। उन्होंने 1996 में 'लाखों में एक' और 2002 में 'कुनिका' नामक पॉप एल्बम जारी किए थे। इसके अलावा कुनिका ने साल 2006 में अपना तीसरा एल्बम 'जूमबिश' रिलीज किया था, जिसे काफी पसंद किया गया। कुनिका ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 28 साल की उम्र में 1988 में आई एक हॉरर हिंदी फिल्म 'कब्रिस्तान' से की थी।

### कुनिका ने इन फिल्मों में किया काम

कुनिका ने 'किंग अंकल', 'कोहरा', 'आ गले लग जा', 'बाजी', 'लोफर', 'फरेब', 'हम साथ साथ हैं' और 'फगली' जैसी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 'बेटा', 'गुमराह' और 'खिलाड़ी' जैसी फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई हैं। कुनिका की 2 शादियां हुई हैं। उनकी पहली शादी अभय से हुई थी, जिससे उनका एक बेटा अरिहंत है। उनकी दूसरी शादी श्री लाल से हुई थी। बता दें कि कुनिका का नाम गायक कुमार सानू से भी जुड़ चुका है।

# तेजा सज्जा की 'मिराई' अगले माह होगी रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता तेजा सज्जा पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'मिराई' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस एक्शन एडवेंचर फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान कार्तिक गट्टामनेनी ने संभाली है। अब निर्माताओं ने फिल्म 'मिराई' का दमदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें तेजा जबरदस्त एक्शन करते दिख रहे हैं।



### *12 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म*

'मिराई' में मांचू मनोज, रितिका नायक, श्रिया सरन, जयराम, जगपति बाबू, राजेंद्रनाथ जुत्शी, पवन चोपड़ा और तनजा केलर जैसे कलाकार भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म 12 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे आप हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में देख पाएंगे। बता दें कि करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस हिंदी बाजार में इस फिल्म को रिलीज करेगी, जिससे फिल्म को ज्यादा दर्शक और स्क्रीन्स मिलने की उम्मीद है।

# पांच गायकों की दास्तान : बॉलीवुड के सबसे अमीर गायक, दिल को छू जाती है जिनकी आवाज

**मुंबई।** कोई भी बॉलीवुड फिल्म बिना गानों के पूरी नहीं हो सकती, जो उसे और मनोरंजक बना देते हैं। इन गानों को आवाज देने वाले गायक अपनी प्रतिभा से सभी को अपना मुरीद बना लेते हैं। भारत में कई कुशल गायक हैं, जिनकी आवाज कानों से होते हुए सीधा दिल को छूती है। इन सभी ने न केवल लोगों का प्यार, बल्कि करोड़ों की संपत्ति भी कमाई है। आइए बॉलीवुड के 5 सबसे अमीर गायकों के बारे में जानते हैं।

**एआर रहमान** : एआर रहमान का नाम इस सूची में सबसे ऊपर आता है, जो कि सबसे मशहूर गायक और संगीतकार हैं। वह न केवल हिंदी, बल्कि तमिल और मलयाली समेत 12 भाषाओं में गाने बना चुके हैं। उन्होंने अब तक 2,000 से ज्यादा गाने बनाए हैं और 100 से ज्यादा को आवाज दी है। रहमान की 20 करोड़ से ज्यादा एल्बम बिक चुकी हैं। इन सबकी बदौलत आज वह 1,700 करोड़ से 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक बन गए हैं।

**अरिजीत सिंह** : अरिजीत सिंह को संगीत का पर्याय माना जाता है, जिनकी रूहानी आवाज भावुक कर देती है। वह इस सदी के सबसे पसंदीदा गायक हैं, जो बॉलीवुड के दूसरे सबसे अमीर गायक भी हैं। उनकी प्रसिद्धि का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह स्पॉटिफाई पर दुनियाभर में सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले कलाकार हैं। अरिजीत ने अपनी प्रतिभा के जरिए 414 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। इसके बावजूद भी वह साधारण जीवन जीते हैं।

**सोनू निगम** : जब भी बॉलीवुड के गायकों की बात होती है, सोनू निगम का नाम आना लाजमी है। वह देश के सबसे बेहतरीन गायकों में से एक हैं, जो शास्त्रीय संगीत में भी पारंगत हैं। उन्होंने 4 साल की उम्र में गाना शुरू किया था और आज उनके जैसा बहुमुखी गायक कोई और नहीं है। 'अच्छा सिला दिया' गीत ने उन्हें पहचान दिलाई, जिसके बाद उन्होंने एक के बाद एक हिट गाने गए। उनकी कुल संपत्ति 370 करोड़ रुपये है।

**तुलसी कुमार** : टी सीरीज के मालिक स्वर्गीय गुलशन कुमार की बेटी




तुलसी कुमार बॉलीवुड की सबसे अमीर महिला गायक हैं। वह बतौर रेडियो जॉकी भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने 2006 में 'मोहब्बत के' गाने से करियर की शुरुआत की थी, जिसके बाद उन्हें कई हिट गानों को आवाज देने का मौका मिला। तुलसी के 'तुम जो आए', 'हम मर जाएंगे' और 'तेरा बन जाऊंगा' जैसे गाने बेहद प्रसिद्ध हुए हैं। उनकी कुल संपत्ति 210 करोड़ रुपये है।

**श्रेया घोषाल** : 'सुरों की रानी' कहलाई जाने वाली श्रेया घोषाल किसी पहचान की मोहताज नहीं। उनकी सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोल देती है और दिल जीत लेती है। वह अपने करियर के दौरान 20 से अधिक भाषाओं में 3,000 से ज्यादा गाने गा चुकी हैं। श्रेया ने कई पुरस्कार जीते हैं, जिनमें 5 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और 7 फिल्मफेयर शामिल हैं। आपको जानकर खुशी होगी कि अपनी प्रतिभा के जरिए वह 200 करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन बन गई हैं।

## जबरिया जोड़ी' ने दुनियाभर में केवल 25.24 करोड़ रुपए की कमाई की थी

# सिद्धार्थ को 'परम सुंदरी' से बढ़ीं उम्मीदें, पिछली 5 फिल्मों का ऐसा रहा रिपोर्ट कार्ड

**मुंबई।** काफी समय से सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्म 'परम सुंदरी' को लेकर चर्चा में हैं। आखिरकार उनकी यह फिल्म 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में सिद्धार्थ की जोड़ी पहली बार जाह्नवी कपूर के साथ बनी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसकी बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत धमाकेदार रहेगी। इसी कड़ी में आइए हम आपको सिद्धार्थ की सिनेमाघरों में आईं पिछली 5 फिल्मों और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन के बारे में बताते हैं।



**'अय्यारी'** : शुरुआत करते हैं साल 2018 में आई फिल्म 'अय्यारी' से, जिसका निर्देशन नीरज पांडे ने किया था। इसमें सिद्धार्थ के अलावा मनोज बाजपेयी, रकुल प्रीत सिंह, नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर जैसे कलाकार नजर आए थे। फिल्म की कहानी लोगों को खूब पसंद आई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। 65 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'अय्यारी' ने दुनियाभर में केवल 30.59 करोड़ रुपये कमाए थे। इस फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**'जबरिया जोड़ी'** : साल 2019 में सिद्धार्थ फिल्म 'जबरिया जोड़ी' लेकर आए थे। फिल्म में उनकी जोड़ी परिणीति चोपड़ा के साथ बनी थी। पहली बार बनी इनकी जोड़ी को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह था, लेकिन पर्दे पर आते ही पूरा माहौल ठंडा हो गया। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इस फिल्म ने दुनियाभर में केवल 25.24 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि इसका बजट 30 करोड़ रुपये था। यह फिल्म जी5 पर उपलब्ध है।

**'योद्धा'** : पिछली बार सिद्धार्थ फिल्म 'योद्धा' में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसे दर्शक नसीब नहीं हुए। इस फिल्म ने दुनियाभर में केवल 53.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि इसको बनाने में 55 करोड़ रुपये लगे थे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930